CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 29-01-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRFP User: cci Time: 01-28-2026 22:37 Color:

नई दिल्ली › गुरुवार, 29 जनवरी 2026 › माघ 9, शक संवत 1947, माघ शुक्ल एकादशी, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 80, संख्या 25 › पेज 16* › गुड़गांव › मूल्य ₹4.00 या ₹9.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

*मासिक खरीद पर ही लागू

NBT
नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

सिंगूर में कृषि और उद्योग साथ-साथ बढ़ेंगे: ममता ▸p9

अगले हफ्ते अमेरिका जा सकते है जयशंकर ▸p12

प्लेन क्रैश ने छीनी ज़िंदगी

महाराष्ट्र के डिप्टी CM अजित पवार समेत पांच लोगों की मौत | बारामती में रनवे नहीं दिखा तो लैंडिंग की कोशिश नाकाम | लैंडिंग की दूसरी कोशिश में प्लेन क्रैश, लपटों में घिरा

PTI

अजित पवार 1959-2026

6 बार डिप्टी सीएम, सियासत के 'दादा' थे

अजित पवार की पार्टी NCP बीजेपी-शिवसेना महाराष्ट्र की गठबंधन सरकार में शामिल है। उन्हें मिलाकर पार्टी के कुल 41 विधायक थे। वे खुद डिप्टी सीएम थे। उनके अलावा 7 कैबिनेट और 1 राज्य मंत्री है। महाराष्ट्र में 'दादा' मतलब बड़ा भाई और वहां की राजनीति में 'दादा' मतलब अजित पवार था। 1982 में शुगर फैक्ट्री बोर्ड से राजनीति की शुरुआत करने वाले अजित रेकॉर्ड 6 बार डिप्टी सीएम बने। इससे उनके सियासी कद का अंदाजा लगाया जा सकता है अजित को शरद पवार से लेकर पीएम नरेन्द्र मोदी तक 'दादा' कह कर बुलाते थे।

खाक हुआ प्लेनः बारामती में विमान क्रैश होते ही उसमें आग लग गई। कुछ मिनट में पूरा प्लेन जल गया।

PTI

घड़ी से पहचाने गए दादा: चश्मदीद

चश्मदीद राजू ने बताया कि रनवे पर प्लेन ने उतरने से पहले दो बार चक्कर लगाया, जिसके बाद रनवे पर क्रैश हो गया। अजित दादा की पहचान उनकी घड़ी से हुई है। चश्मदीद मोनाली प्रकाश ने बताया कि क्रैश के दौरान तेज धमाका हुआ। धुआं निकल रहा था। पुलिस आई, जैसे तैसे शवों को निकाला गया।

AAIB ने हादसे की जांच शुरू की, अजित का अंतिम संस्कार आज

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

लैंडिंग के दौरान प्लेन क्रैश में महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार समेत पांच लोगों की मौत हो गई। अंतिम संस्कार आज होगा। हादसा बुधवार सुबह 8.45 बजे हुआ। चार्टर्ड प्लेन में अजित के साथ सुरक्षाकर्मी विदिप जाधव, कैप्टन सुमित कपूर, को-पायलट शांभवी पाठक और फ्लाइट अटेंडेंट पिंकी माली थे।

अजित 5 फरवरी को होने वाले जिला परिषद चुनाव के लिए पुणे जिले में चार रैलियों को संबोधित करने के वास्ते मुंबई से सुबह 8:10 बजे रवाना हुए थे। केंद्रीय एविएशन मिनिस्टर राम मोहन नायडू ने बताया कि पायलट ने बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग की कोशिश की, लेकिन रनवे साफ दिखाई नहीं दिया तो वह प्लेन को दोबारा ऊंचाई पर ले गया। पहली कोशिश नाकाम रहने के बाद रनवे-11 पर दोबारा लैंडिंग की कोशिश की, तब एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) ने पायलट से पूछा, क्या रनवे दिखाई दे रहा है, तो पायलट ने पॉजिटिव जवाब दिया। लैंडिंग की परमिशन मिलने के बाद प्लेन क्रैश हो गया। यह छोटा प्लेन वीएसआर वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का लीयरजेट-45 प्लेन था। पहले भी यह प्लेन सितंबर 2023 में मुंबई हवाई अड्डे पर एक लैंडिंग दुर्घटना का शिकार हुआ था। जांच के बीच कंपनी के मालिक वीके सिंह का कहना है कि एयरक्राफ्ट अच्छी तरह मेंटेन किया गया था। उसमें कोई टेक्निकल खराबी नहीं थी। ▸▸ पेज 2

कैसे हुआ हादसा, जांच में जुटी टीमें

जांच एयरक्राफ्ट एक्सिडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (AAIB) ने शुरू कर दी है। रपोर्ट पर फारेंसिक टीम भी पहुंची। हादसे से पहले क्या हुआ, ये ब्लैक बॉक्स से पता चलेगा।

"अजित पवार जनता के नेता थे। लोगों की सेवा में आगे रहते थे। हादसे से मैं बहुत दुखी हूं।"
-नरेंद्र मोदी, पीएम

"यह हादसा है, इसमें राजनीति न करें। मौत का दुख पूरे महाराष्ट्र को है।"
-शरद पवार, NCP (SP) अध्यक्ष

इन सवालों के जवाब की तलाश

1. अचानक लैंडिंग कैसे फेल हो गई?
2. क्या विजिबिलिटी सच में कम थी, अगर हां, तो लैंडिंग क्यों कराई गई?
3. पायलट ने अंतिम समय में एटीसी को जवाब क्यों नहीं दिया?
4. रनवे के शुरुआत में बनी सफेद पट्टियां, जिन्हें थ्रेस होल्ड मार्किंग कहते है, वह फेड क्यों है?
5. पायलट की गलती, इंजन फेल होना, तकनीकी खामी, जीपीएस स्पूफिंग या फिर कोई साजिश?

खबरों के अंदर की बात
NBT Lens
देखें 10 और खेल पेज

अविमुक्तेश्वरानंद ने छोड़ा मेला क्षेत्र

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने माघ मेले से दुखी मन से विदा लेने का ऐलान किया। बुधवार सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उन्होंने कहा कि वह श्रद्धा के साथ मेले में आए थे, लेकिन परिस्थितियां ऐसी बन गईं कि बिना स्नान लौटना पड़ रहा है। प्रयागराज से इस तरह लौटना उनके लिए बेहद पीड़ादायक है।

हैपी मॉर्निंग

आने दोस्त को ₹500 दो और उसे ₹200 की जरूरत हो तो वह तुम्हें कितने रुपये वापस करेगा?
टिंकूः सर, कुछ नहीं
टीचरः तुम गणित नहीं जानते हो?
टिंकूः सर, गणित तो जानता हूं, पर आप मेरे दोस्त को नहीं जानते।

अर्थसार

सेंसेक्स	82,344.68 (+487.20)
निफ्टी	25,342.75 (+167.35)
रुपया/डॉलर	91.69 (-0.12)
रुपया/यूरो 109.98	(+0.92)

स्रोत: रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

सर्राफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम	
दिल्ली	₹1,71,000 (+5,000)
चांदी .999 टंच प्रति किलो	
दिल्ली	₹3,85,000 (+15,000)

मौसम

अधिकतम तापमान 18.4°
12.6° न्यूनतम तापमान
सूर्यास्त गुरुवार 5:58 | सूर्योदय शुक्रवार 7:11

जम्मू में NH 44 बर्फ हटाने की कोशिश चल रही, ट्रैफिक रुका है।

SC में अर्जी- भेदभाव में दिया संरक्षण असमान

UGC नियमों पर SC बोला, हमें जानकारी है, केस सुनेंगे

दिल्ली यूनिवर्सिटी के आर्ट्स फैकल्टी में स्टूडेंट्स ने बुधवार को किया प्रदर्शन

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) के नए रेगुलेशन को चुनौती देने वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई के संकेत दे दिए हैं। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की बेंच के सामने बुधवार को वकीलों ने इस मामले को अर्जेंट बताते हुए जल्द लिस्ट करने की मांग की। कोर्ट ने कहा कि हमें भी मामले की गंभीरता का अंदाजा है और याचिका को लिस्ट किया जाएगा।

कोर्ट ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि केस नंबर दीजिए और यह सुनिश्चित करें कि अर्जी में मौजूद सभी तकनीकी खामियों को दूर कर लिया गया है। वकील ने दलील दी कि UGC के हालिया रेगुलेशन में ऐसा प्रावधान है, जिससे कुछ वर्गों के खिलाफ भेदभाव को बढ़ावा मिल सकता है, इसलिए तत्काल सुनवाई जरूरी है।

दरअसल, यूजीसी ने यूनिवर्सिटी कैंपस में जाति आधारित भेदभाव से निपटने के लिए उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा विनियम, 2026 लागू किए हैं। इन नियमों की धारा 3C में जाति आधारित भेदभाव को केवल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के सदस्यों तक सीमित किया गया है। इसी प्रावधान को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है।

सरकार के पास 3 विकल्प

1 कोर्ट की सुनवाई का इंतजार: 13 जनवरी को जारी नियमों के बाद सुप्रीम कोर्ट में 3 अर्जी दाखिल हुई है। एक्सपर्ट मान रहे है कि सरकार सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई का इंतजार करके फैसले ले सकती है।

2 नियमों को होल्ड करना: एक विकल्प यह भी है कि विरोध को देखते हुए अभी नए नियमों को होल्ड पर रख दिया जाए। सरकार अभी कोई बदलाव करती है तो फिर नए सिरे से हंगामा शुरू हो सकता है।

3 कमिटी बनाकर बात करे: नियमों के खिलाफ जो भी मुद्दे उठाए गए हैं, उनको देखने के लिए एक कमिटी बना दी जाए, जो सभी हितधारकों से बात करे। इसके बाद अपना सुझाव सरकार को दे।

अलंकार को बरेली से बाहर भेजा

■ **पीटीआई, बरेली (यूपी):** सस्पेंड सिटी मैजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री को बुधवार को पुलिस की कड़ी सुरक्षा में शहर से बाहर ले जाया गया। बरेली में उनके समर्थक पुलिस की गाड़ियों के आगे लेट गए और रास्ता रोक लिया। बरेली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि अलंकार अपने परिचित लोगों के साथ किसी रिश्तेदार के घर जाएंगे। अलंकार ने UGC के नए नियमों को काला कानून बताते हुए इस्तीफा दे दिया था।

कलराज ने कहा, नए नियम असंवैधानिक

NBT रिपोर्ट, नोएडाः हिमाचल प्रदेश और राजस्थान के राज्यपाल रह चुके कलराज मिश्र ने बुधवार को सेक्टर-51 में UGC के नए नियमों को समानता के खिलाफ बताया। उनका कहना है कि यह छात्रों के बीच भेदभाव पैदा कर सामाजिक समरसता को प्रभावित कर सकता है।

कलराज मिश्र

सरकार सच्चे सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्धः मुर्मु

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को संसद के बजट सत्र की शुरुआत करते हुए अपने अभिभाषण में कहा कि मेरी सरकार सच्चे सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रपति ने संसद में बताया कि बाबासाहेब आंबेडकर की ओर से दिए गए आदर्श और संविधान में निहित मूल्य आज भी प्रेरणा देते हैं। मुर्मु ने कहा, सामाजिक न्याय का मतलब है कि हर नागरिक को बिना भेदभाव के उसका पूरा हक मिले। इसी वजह से पिछले 10 वर्षों में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। सरकार दलितों, पिछड़ों, आदिवासी और सभी वर्गों के लिए काम कर रही है। ▸▸ पेज 9

द्रौपदी मुर्मु

अटकलें खत्म, प्रतीक बोले 'ऑल इज गुड'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

बीजेपी नेता अपर्णा यादव और उनके पति प्रतीक यादव के बीच तलाक की अटकलों पर विराम लग गया है। प्रतीक यादव ने सोशल मीडिया पर अपने संबंधों के बेहतर होने की बात करते हुए लिखा 'ऑल इज गुड'। इससे पहले उन्होंने 19 जनवरी को अपर्णा यादव के साथ अपने संबंधों को खत्म करने के संकेत देते हुए तलाक लेने का ऐलान किया था। इसके बाद उनके परिवार की तरफ से प्रतीक यादव के सोशल मीडिया अकाउंट के हैक होने का दावा किया गया, लेकिन इसके बाद उन्होंने दोबारा अपने संबंधों को लेकर तल्ख टिप्पणी करते हुए पोस्ट डाल दी थी। बुधवार को सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अपने पोस्ट में उन्होंने 'ऑल इज गुड : चैंपियन वे होते हैं जो अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल समस्याओं को खत्म कर देते हैं।'

19 जनवरी को अपर्णा यादव से संबंध खत्म करने के संकेत दिए थे

सोशल मीडिया पर डाली फोटो

इंस्टा पोस्ट में प्रतीक ने अपर्णा यादव के साथ फोटो साझा की है। हालांकि, उन्होंने माना कि 19 जनवरी को उनके और अपर्णा के बीच कुछ विवाद हो गया था, जिसके चलते गुस्से में आकर उन्होंने संबंध खत्म करने की पोस्ट डाल दी थी।

कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट बोला- हवाई महल बना रहे राज्य

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सड़क के कुत्तों की नसबंदी क्षमता बढ़ाने संबंधी निर्देशों का राज्य सरकारों की ओर से पालन न किए जाने पर गंभीर चिंता जताई और कहा कि वे सभी हवा महल बना रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि असम को छोड़कर किसी भी राज्य ने सड़क के कुत्तों के काटने का आंकड़ा नहीं दिया है। कोर्ट ने असम में कुत्तों के काटने की घटनाओं के आंकड़ों पर भी हैरानी जताई और कहा कि इन आंकड़ों को देखिए। 2024 में 1.66 लाख घटनाएं हुईं और 2025 में (केवल जनवरी में ही) 20,900 घटनाएं दर्ज की गईं। ये बेहद भयावह है। कोर्ट ने कार्रवाई की भी चेतावनी दी।

नोएडा में तबादलों का दौर

■ **NBT रिपोर्ट, नोएडा :** सेक्टर-150 में गड्ढे में कार समेत डूबकर सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत और उससे मचे बवाल के बीच जिले की तीनों अथॉरिटी में तबादलों का दौर शुरू हो चुका है। नोएडा वर्क सर्कल व जन स्वास्थ्य विभाग से तीन प्रबंधकों का तबादला कर दिया गया है। इनमें एक की जगह पर यमुना अथॉरिटी से मैनेजर की तैनाती कर दी गई है, बाकी पद अभी खाली हैं। इसके साथ मौजूदा अधिकारियों के कार्यविभाजन में भी अथॉरिटी ने बड़ा परिवर्तन किया है। तबादली के आदेश मंगलवार देर रात जारी हुए।

युवराज मेहता

फरीदाबाद में ED की रेड

■ **NBT रिपोर्ट, फरीदाबाद :** सेक्टर 15-A में ईडी ने बुधवार को नामी एंटरटेनमेंट कंपनी के संचालकों के ठिकानों पर छापेमारी की। टीम ने वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े दस्तावेज और डिजिटल रेकॉर्ड खंगाले और कई अहम कागजात, लैपटॉप, फोन और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त किए। पुलिस ने इस मामले की जानकारी से इनकार किया है। एंटरटेनमेंट कंपनी के 4 संचालकों में से एक नितिन ने 2003 में फरीदाबाद के मॉल में बतौर डिस्को जॉकी काम करते थे। कुछ समय बाद नितिन ने एंटरटेनमेंट कंपनी बना ली। ईडी की टीम सुबह 3 बजे इस कंपनी के ठिकानों पर पहुंची।



सेक्टर 15ए गई टीम

अल्पसंख्यक कोटे पर नजर | अपर कास्ट के दो कैंडिडेट ने हरियाणा में बनवाए सर्टिफिकेट सुप्रीम कोर्ट में पेश किए

'मेडिकल में दाखिले के लिए बौद्ध धर्म', अर्ज़ी खारिज, SC बोला- फ्रॉड का एक और तरीका

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम मामले में दो अपर कास्ट कैंडिडेट के बौद्ध धर्म अपनाकर पीजी मेडिकल कोर्स में अल्पसंख्यक कोटे से दाखिला लेने की कोशिश पर सख्त रुख अपनाया। कोर्ट ने कहा कि फ्रॉड का नया तरीका है और असली अल्पसंख्यकों के अधिकार छीनने जैसा है। सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को हरियाणा के दो कैंडिडेट की याचिका सुन रही थी, जिन्होंने यूपी के मेडिकल कॉलेज में बौद्ध अल्पसंख्यक कोटे से दाखिले की मांग की थी। दोनों ने दावा किया कि उन्होंने बौद्ध धर्म अपना लिया है और SDO की ओर से जारी प्रमाणपत्र पेश किए। जब कोर्ट ने पूछा कि वे किस जाति से है, तो जवाब मिला- जाट। इस पर कोर्ट ने कहा कि आप अपर कास्ट से हैं, फिर अल्पसंख्यक कैसे हो गए?

■ NEET-PG में 2025 में सामान्य वर्ग से भरा था फॉर्म, बौद्ध अल्पसंख्यक मेडिकल कॉलेज में लेना चाहते थे दाखिला

■ सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 2 हफ्ते में चीफ सेक्रेटरी बताएं, दोनों कैंडिडेट को किस आधार पर जारी हुए अल्पसंख्यक प्रमाणपत्र

कई सवालों के अब देने होंगे जवाब

सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा के मुख्य सचिव से पूछा है कि अल्पसंख्यक प्रमाणपत्र जारी करने के स्पष्ट दिशानिर्देश क्या है और क्या एक अपर कास्ट का उम्मीदवार बौद्ध अल्पसंख्यक माना जा सकता है? कोर्ट ने यह भी सवाल उठाया कि यदि ऐसा संभव नहीं है तो एसडीओ ने प्रमाणपत्र किस आधार पर जारी किया? राज्य सरकार को दो हफ्ते में रिपोर्ट देनी होगी।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 29-01-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP16 User: rajesh.mishra@timesofindia.com Time: 01-28-2026 22:04 Color:

NBT GOOD न्यूज़

मुस्कान एक गुड 'वायरस', दूसरों को भी हंसाए
मुस्कुराना संक्रामक है। जब आप किसी को मुस्कुराते हुए देखते हैं, तो आपके दिमाग की खास कोशिकाएं (मिरर न्यूरॉन्स) एक्टिव हो जाती हैं। ये आपको भी मुस्कुराने के लिए उकसाती हैं।

विचार

अपनी मुस्कान से दुनिया बदलो, दुनिया को अपनी मुस्कान बदलने मत दो। क्योंकि जो इंसान मुश्किल हालात में भी मुस्कुराता है, वही सच्ची ताकत का मालिक होता है। – जॉर्ज बर्नार्ड शॉ
(George Bernard Shaw)

ज़रा हंस लें

दो आलसी कंबल ओढ़कर सो रहे थे। तभी एक चोर आया और कंबल लेकर भाग गया। **पहला आलसी** पड़े-पड़े बोला: 'पकड़ो-पकड़ो!' **दूसरा आलसी:** 'रहने दे जब तकिया लेने आएगा तब पकड़ लेंगे...'

कविता

जीत होगी तेरी दमदार


AI Image

सत्य के पथ पर हो अग्रसर,
बढ़े जा तू कर्मों के रथ पर,
अपने सपनों को दे विस्तार,
हौसलों की बुलंद उड़ान भर।
निराशा को पूर्णतः नकार कर,
आत्मविश्वास का कर संचार,
परिश्रम की तीव्र हुंकार भर,
लक्ष्य विजय श्री साकार कर।
ईश्वर को कर प्रतिदिन नमस्कार,
रोम- रोम में 'आनंद' प्रवाह कर,
साथ लेकर चल अपना परिवार,
खुद में खुशियों का उत्साह भर।
अपनी प्रतिभा पर कर विचार,
तुझमें बसा अनुपम कलाकार,
कदमों को दे दिशा सम रफ्तार,
तू है सक्षम सुदृढ़ सृजनकार।
मीठी वाणी प्रेम की रसधार,
गुणवान को पूजता है संसार,
ज्ञान कौशल को बना आधार,
फिर जीत होगी तेरी दमदार।
– मोनिका डागा 'आनंद', NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

सिग्नल पर ताली नहीं, अब तैनाती है...

ट्रांसजेंडर्स को पुलिस की पहल से मिली नौकरी, भीख मांगना छोड़ पहनी वर्दी

Lakumalla.Sainath@timesofindia.com

■ **हैदराबाद:** कभी ट्रैफिक सिग्नलों पर भीख मांगने वाली स्वाति, भानुप्रिया और टी. निशा आज उन्हीं सिग्नलों पर ट्रैफिक संभाल रही हैं। यह बदलाव हैदराबाद ट्रैफिक पुलिस की पहल से संभव हुआ, जहां दिसंबर 2024 में 39 ट्रांसजेंडरों को ट्रैफिक असिस्टेंट बनाया गया। एक साल से अधिक समय में इनका कहना है कि सबसे बड़ा बदलाव लोगों के व्यवहार के साथ-साथ आत्मसम्मान में आया है। चंद्रायनगुट्टा थाने की 26 वर्षीय स्वाति बताती हैं कि 'मैडम' कहे जाने पर गर्व होता है। वर्दी ने उन्हें पहचान और अपनापन दिया है। पहले मजाक उड़ाने वाले अब सम्मान करते हैं। मुश्किल हालात, पढ़ाई, सर्जरी और भीख मांगने के बाद सितंबर 2024 की भर्ती उनके जीवन का टर्निंग पॉइंट बनी।

Photos: Anil

भानुप्रिया
मियापुर जंक्शन के पास ट्रैफिक संभालती स्वाति

'अब सिर्फ जी नहीं रहे हैं'

संतोष नगर ट्रैफिक थाने की भानुप्रिया डर के कारण घर छोड़ हैदराबाद आईं, बस स्टैंड पर रहीं, सर्जरी के लिए विजयवाड़ा गईं, भीख मांगी। अब वर्दी से सम्मान मिला। महाकाली थाने की बीटेक टी. निशा कहती हैं, नौकरी ने नजरिया बदला, परिवारों से टूटे रिश्ते फिर जुड़े, दोबारा बातचीत शुरू।

- अधिकारियों के मुताबिक, 350 और ट्रांसजेंडर लोगों की भर्ती की योजना तैयार की गई है।
- इनमें से 100 ट्रांसजेंडर को हैदराबाद में ट्रैफिक असिस्टेंट के रूप में तैनात किया जाएगा।
- भर्ती से जुड़ा प्रस्ताव फिलहाल सरकार की मंजूरी का इंतजार कर रहा है।
- दिसंबर 2024 में 39 ट्रांसजेंडर को ट्रैफिक असिस्टेंट के रूप में भर्ती किया गया था।
- इनमें से 38 ट्रांसजेंडर इस समय हैदराबाद में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

ड्यूटी के दौरान चुनौतियां भी

कभी-कभी ट्रैफिक सिग्नलों पर इन्हें वाहन ड्राइवरों की बदसलूकी का सामना भी करना पड़ता है। निशा और भानुप्रिया बताती हैं कि चालान काटने या फोटो लेने पर कुछ लोग ताने मारते हैं या धमकाते हैं। हालांकि वरिष्ठ अधिकारी ऐसे मामलों में तुरंत हस्तक्षेप करते हैं। चंपापेट सिग्नल के पास पान दुकान चलाने वाले पुल्ला रेड्डी कहते हैं कि शुरुआत में थोड़ा अलग लगा, लेकिन अब बिल्कुल सामान्य है। वे मजबूती से ड्यूटी करते हैं और लोग उनकी बात मानते हैं। वर्दी बहुत फर्क डालती है।

आगे बढ़ने के सपने

अब यह नौकरी इनके लिए नई राहें खोल रही है। स्वाति और भानुप्रिया ओपन यूनिवर्सिटी से पढ़ाई कर रही हैं और सब-इंस्पेक्टर या सरकारी कर्मचारी बनना चाहती हैं। निशा भी पुलिस में जाना चाहती हैं। ट्रांसजेंडर अधिकार कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह पहल स्थायी होनी चाहिए।

जिनकी पेंटिंग्स को सरकारी पोस्टकार्ड के लिए भी चुना गया

81 साल की मैसूर शैली की 'शिल्प गुरु' जिन्होंने पूरी रामायण पेंटिंग्स में उतारी

Jahnavi@timesofindia.com

■ **बेंगलुरु:** जिस उम्र में ज्यादातर लोगों को काम की रफ्तार धीमी करने की सलाह दी जाती है, उस उम्र में भी 81 साल की प्रभा मल्लेश कैनवास के सामने पूरी एकाग्रता और स्थिर हाथों से काम कर रही हैं। बेंगलुरु की यह मैसूर शैली की पेंटर पिछले 5 दशकों से लगातार कला साधना में जुटी हैं और उनके नाम अब तक 600 से अधिक पेंटिंग्स दर्ज हैं। उनका मानना है कि कला ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचनी चाहिए। उनके परिवार ने उनकी कला यात्रा को डॉक्यूमेंट किया और इसे 'रूटेड इन गोल्ड- द टाइमलेस आर्ट ऑफ मैसूर पेंटिंग' के रूप में संकलित किया।

प्रभा का कला से जुड़ाव चिक्कमगलुरु जिले के एक गांव से शुरू हुआ। बचपन में उन्होंने अपनी मां को स्केच बनाते देखा, पिता से पौराणिक कथाएं सुनीं और दादा के घर के कला संग्रह को करीब से देखा। संग्रह में राजा रवि वर्मा की पेंटिंग्स भी शामिल थीं, जो उनके मन में धीरे-धीरे बसती चली गईं। शादी के बाद बेंगलुरु आने के बाद उनका औपचारिक जुड़ाव कर्नाटक चित्रकला परिषद से हुआ।

TOI

प्रभा मल्लेश

प्रभा मल्लेश को मैसूर दशहरा अवॉर्ड, कर्नाटक राज्य पुरस्कार, सीकेपी ऑल इंडिया एग्जिबिशन अवॉर्ड, नैशनल अवॉर्ड और शिल्प गुरु अवॉर्ड मिल चुका है। शिल्प गुरु अवॉर्ड उन्हें साल 1999 और 2013 में राष्ट्रपति ने दिया था। उनकी दो पेंटिंग्स को कर्नाटक सरकार ने सरकारी भारतीय पोस्टकार्ड के लिए भी चुना था।

ब्रिटेन-अमेरिका में मिली सराहना

मैसूर शैली की पेंटिंग अपनी नाजुक रेखाओं, बारीक ब्रशवर्क, सोल्डन पत्तियों और देवी-देवताओं व पौराणिक कथाओं पर आधारित चित्रों के लिए जानी जाती है। प्रभा ने इस शैली को अपनाया लेकिन उसमें हल्के रंग, भावपूर्ण चेहरे और धीरे-धीरे गहराई भरकर अपनी अलग पहचान बनाई। उन्हें नंजुंडा राव और सुब्रमण्य राजू का मार्गदर्शन मिला। प्रभा की प्रेरणा मंदिर की मूर्तियों, पुरानी तस्वीरों और यादों से आती है। उन्होंने पूरी रामायण को चित्रों में उतारा है। भारत के बाहर ब्रिटेन और अमेरिका में उनकी कला को सराहना मिली। उन्होंने पैलेस की एक सीरीज बनाई, जिसमें राजा, रानी, दरबारी महिलाएं और नर्तकियों को दर्शाया। इस दौरान उन्होंने मैसूर शैली की मूल पहचान बनाए रखी और इसकी पहुंच और आकर्षण को व्यापक बनाया।

ज़मीन से निकला 5000 साल पुराना आठ फीट लंबा भाला

Ragu.Raman@timesofindia.com

■ **चेन्नै:** दक्षिणी तमिलनाडु के सूखे मैदानों से 5,000 साल पुराना एक प्राचीन लोहे का भाला मिला है, जो भारत के अतीत की कहानी को और गहराई से बयान करता है। 8 फीट लंबे इस भाले को आग में ढालकर बनाया गया था और सावधानी से जमीन में दफन किया गया। माना जा रहा है कि इसे कभी किसी योद्धा ने मवेशियों और संपत्ति की रक्षा के लिए इस्तेमाल किया होगा या यह किसी ताकतवर व्यक्ति के लिए तैयार औपचारिक हथियार हो सकता है।

पुरातत्वविदों ने यह भाला चेन्नै से लगभग 600 किलोमीटर दक्षिण में तिरुमलापुरम गांव से खोजा है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक यह अब तक भारत में आयरन एज से मिला सबसे लंबा लोहे का उपकरण है, जिससे यह साबित होता है कि इस इलाके में उन्नत आयरन टेक्नॉलजी पहले से विकसित थी। खुदाई के दौरान एक दफन कलश के पास दो भाले 'एक्स' के आकार में रखे मिले, जिनमें से एक 8 फीट और दूसरा 6.5 फीट लंबा था। कलश में सोने की वस्तुएं भी मिली हैं।

K Anthony Xavier

एक्सपर्ट्स के मुताबिक, यह अब तक भारत में आयरन एज से मिला सबसे लंबा लोहे का औजार है।

आयरन एज की विशेषज्ञ और बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी की रिटायर्ड प्रोफेसर विभा त्रिपाठी का कहना है कि इसे प्राचीन योद्धाओं ने इस्तेमाल किया होगा। पुणे के डेक्कन कॉलेज के पूर्व प्रोफेसर आरके मोहंती के अनुसार, यह भाला किसी खास व्यक्ति की सामाजिक स्थिति और ताकत दिखाने के लिए भी बनाया गया हो सकता है।

NBT जन्मदिन मुबारक

राज्यवर्धन सिंह राठौर

29 जनवरी 1970 को जन्मे राज्यवर्धन सिंह ने 2004 ओलिंपिक में शूटिंग में सिल्वर मेडल जीता था। वे पूर्व आर्मी ऑफिसर हैं, फिलहाल राजस्थान सरकार में मंत्री हैं।

संजीव गोयनका

29 जनवरी 1961 को जन्मे बिजनेसमैन संजीव गोयनका RPSG ग्रुप के चेयरमैन हैं। गोयनका IPL टीम 'लखनऊ सुपर जायंट्स' (LSG) के मालिक भी हैं।

एस.एम. आरिफ



बैडमिंटन कोच एस.एम. आरिफ का जन्म 29 जनवरी 1944 को हुआ। पद्म श्री, द्रोणाचार्य अवॉर्ड मिल चुका है। उन्होंने साइना नेहवाल और गोपीचंद को ट्रेन किया है।

प्रताप सिंह बाजवा

कांग्रेस के सीनियर लीडर और पंजाब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा का जन्म 29 जनवरी 1957 को हुआ। वह राज्यसभा सांसद के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

THE ECONOMIC TIMES

फटाफट खबरें

Maruti Suzuki का मुनाफा बढ़ा

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** मारुति सुजुकी इंडिया ने बुधवार को दिसंबर तिमाही (FY26) के नतीजे जारी किए। कंपनी का मुनाफा 4% बढ़कर 3,879 करोड़ रुपये रहा। कार कंपनी ने पिछले साल इसी अक्टूबर-दिसंबर की अवधि में 3,727 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था। कंपनी का कुल रेवेन्यू बढ़कर 49,904 करोड़ हो गया है।

औद्योगिक उत्पादन में रेकॉर्ड

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** दिसंबर 2025 में देश के औद्योगिक उत्पादन (IIP) की विकास दर 7.8% पर पहुंच गई है। यह पिछले दो साल में सबसे ज्यादा है। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, खनन, मैन्युफैक्चरिंग और बिजली क्षेत्र के शानदार प्रदर्शन की वजह से यह तेजी देखने को मिली है। दिसंबर 2024 में औद्योगिक उत्पादन की यह विकास दर मात्र 3.7% थी।

अब पेंशन के साथ इलाज भी

पेंशन रेगुलेटर ने ट्रायल के तौर पर शुरू की है 'NPS स्वास्थ्य' स्कीम

AI Image

- **अहम सुविधा:** स्कीम में अस्पताल में भर्ती होने और OPD दोनों का खर्च शामिल है।
- **गंभीर बीमारी:** अगर इलाज का खर्च कुल जमा के 70% से ज्यादा है, तो पूरा पैसा निकाल सकते हैं।

■ **NBT रिपोर्ट:** पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डिवेलपमेंट अथॉरिटी (PFRDA) ने NPS स्वास्थ्य पेंशन स्कीम शुरू की है। यह उन लोगों के लिए है जो रिटायरमेंट की बचत के साथ-साथ अपने मेडिकल खर्चों के लिए भी एक सुरक्षित फंड बनाना चाहते हैं। यह स्कीम सब्सक्राइबर्स को अस्पताल में भर्ती होने (इन-पेशेंट) और बिना भर्ती हुए इलाज (आउट-पेशेंट) के खर्चों के लिए पैसे की मदद देगी। इसमें पैसे जमा करने और निकालने के लचीले नियम दिए गए हैं, ताकि बीमारी के समय किसी के सामने हाथ न फैलाना पड़े।

NBT Explainer

Q क्या है स्कीम? : यह योजना 'मल्टीपल स्कीम फ्रेमवर्क' (MSF) के तहत काम करेगी और इसमें ग्राहकों को खुद योगदान (पैसे जमा) करना होगा। PFRDA ने एक सर्कुलर में बताया कि यह एक कॉन्ट्रीब्यूटरी पेंशन स्कीम होगी। कोई भी भारतीय नागरिक अपनी मर्जी से इस स्कीम से जुड़ सकता है। फिलहाल इस स्कीम को एक पायलट प्रोजेक्ट (ट्रायल) के तौर पर परखा जा रहा है। पेंशन फंड (PF) योजना को सीमित समय के लिए पेश करेंगे।

Q कौन ले सकता है? : भारत का कोई भी नागरिक इस स्कीम से जुड़ सकता है। अगर किसी के पास पहले से 'कॉमन स्कीम अकाउंट' नहीं है, तो NPS स्वास्थ्य अकाउंट के साथ उसे भी खोलना अनिवार्य होगा। ग्राहक मौजूदा नियमों के हिसाब से इस स्कीम में कितनी भी रकम जमा कर सकते हैं।

Q फीस और चार्ज क्या होंगे? : इस स्कीम में लगने वाली फीस और चार्ज मल्टीपल स्कीम फ्रेमवर्क (MSF) के हिसाब से होंगे और इन्हें पूरी पारदर्शिता के साथ बताया जाएगा। इन चार्ज में हेल्थ बेनिफिट एडमिनिस्ट्रेटर (HBA) को दी जाने वाली फीस भी शामिल होगी।

Q पैसा ट्रांसफर कर सकते हैं? : जिन सब्सक्राइबर्स की उम्र 40 साल से ज्यादा है, उन्हें अपने 'कॉमन स्कीम अकाउंट' से खुद के या एम्प्लॉयर के योगदान का 30% तक हिस्सा 'NPS स्वास्थ्य अकाउंट' में ट्रांसफर करने की अनुमति होगी। हालांकि, सरकारी कर्मचारी और सरकारी कंपनियों के कर्मचारी ऐसा नहीं कर पाएंगे।

Q कब पैसा निकाल सकते हैं? : सब्सक्राइबर्स अपनी मेडिकल जरूरतों (ओपीडी या अस्पताल में भर्ती) को पूरा करने के लिए जब भी जरूरत हो, अपने NPS स्वास्थ्य अकाउंट से 'पार्शियल विड्रॉल' (आंशिक निकासी) कर सकते हैं।

Q कितना पैसा निकाला जा सकता है? : ग्राहक ने खुद जो पैसा जमा किया है, उसका 25% तक हिस्सा निकाला जा सकता है। कितनी बार पैसा निकालना है, इसकी कोई सीमा नहीं है और न ही इसके लिए कोई वेटिंग पीरियड तय किया गया है। हालांकि, पहली बार पैसा तभी निकाला जा सकेगा जब अकाउंट में कम से कम 50,000 रुपये जमा हो चुके हों।

Q बंद कर सकते हैं? : अगर किसी गंभीर बीमारी के इलाज का बिल ग्राहक के 'NPS स्वास्थ्य अकाउंट' में मौजूद कुल रकम के 70% से ज्यादा हो जाता है, तो ऐसी स्थिति में उसे स्कीम से प्री-मैच्योर एग्जिट की अनुमति होगी। इस दौरान वह पूरी रकम निकाल सकता है।

'EU से FTA में किसानों और कार उद्योग के हितों पर आंच नहीं'

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली**

AI Image

सस्ती कारों पर ड्यूटी में छूट नहीं



भारत ने यूरोपियन यूनियन के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट में डेयरी और अधिकतर कृषि उत्पादों के मामले में कोई छूट नहीं दी है। कॉमर्स मिनिस्ट्री के एक अधिकारी ने बुधवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि सेब सहित इक्का-दुक्का उत्पादों में अगर कोटा आधारित रियायत दी भी गई है, तो ये ऐसे उत्पाद हैं, जो पहले से तमाम देशों से आयात हो रहे हैं और इनमें भी किसानों के हितों का ध्यान रखा गया है। वहीं, प्रीमियम कारों के आयात में कोटा आधारित जो भी छूट दी गई है, वह कई वर्षों में दी जाएगी।

अधिकारी ने कहा कि पेट्रोल-डीजल कारों के मामले में 15000 यूरो से नीचे की कारों पर ड्यूटी में कोई छूट नहीं है और भारत में टैक्स वगैरह मिलाकर इनकी रिटेल प्राइस 26-27 लाख रुपये बनती है। उन्होंने कहा कि भारत का 90% कार बाजार इससे कम दाम की कारों का है, लिहाजा उद्योग जगत को प्रोटेक्शन मिलेगा। वहीं, इलेक्ट्रिक वीइकल्स के मामले में FTA लागू होने के पांचवें साल में ड्यूटी घटनी शुरू होगी और इसमें भी 20000 यूरो से कम की EV पर ड्यूटी नहीं घटेगी।

कारों पर अभी 110% तक ड्यूटी है। 15000 से 35000 यूरो तक की पेट्रोल-डीजल कारों पर ड्यूटी डील लागू होने के पहले साल में 35% होगी और 34000 कारों का कोटा होगा। 35000 से 50000 यूरो तक की कारों पर ड्यूटी पहले साल में 30% की जाएगी और इसमें 33000 कारों का कोटा होगा। 50000 यूरो से ऊपर की कारों पर भी ड्यूटी इसी तरह घटेगी और 34000 कारों का ही कोटा होगा। डील लागू होने के पांचवें साल तक इन सभी श्रेणियों में ड्यूटी 10% कर दी जाएगी।

वहीं, अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर के मुताबिक, भारत और EU के बीच हुए हालिया FTA में भारत सबसे बड़े विजेता के तौर पर उभरा है। ग्रीर ने इसे एक बड़ा रणनीतिक बदलाव बताया है और कहा है कि ऐसा दुनिया भर में जारी व्यापारिक तनाव और अमेरिका की टैक्स (टैरिफ) नीतियों की वजह से हुआ है।

सेब का मामला

सेब के बारे में अधिकारी ने कहा कि इसका तमाम देशों से सालाना करीब 5 लाख टन आयात होता ही है, लेकिन EU से सालाना 50000 टन की सीमा रखी गई है और इस पर 20% ड्यूटी लगेगी और 80 रुपये प्रति किलो से कम की इंपोर्ट प्राइस नहीं हो सकती, लिहाजा भारत में लैंडेड कॉस्ट कम से कम 96 रुपये बनेगी।

अनिल अंबानी ग्रुप की संपत्ति जब्त

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** एन्फोर्समेंट डायरेक्टरेट ने अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप की 1885 करोड़ रुपये की संपत्ति अस्थायी तौर पर जब्त की है। ED ने बुधवार को बताया कि यह कदम रिलायंस होम फाइनैंस लिमिटेड, रिलायंस कमर्शल फाइनैंस लिमिटेड से जुड़े यस बैंक फ्रॉड केस और रिलायंस कम्युनिकेशन लिमिटेड बैंक फ्रॉड केस में उठाया गया है।

ED ने बताया कि जब्त की गई संपत्ति BSES यमुना पावर लिमिटेड, BSES राजधानी पावर और मुंबई मेट्रो वन प्राइवेट में रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की शेयरहोल्डिंग के रूप में है। 148 करोड़ रुपये का बैंक बैलेंस और मेसर्स वैल्यू कॉर्प फाइनैंस एंड सिक्योरिटीज लिमिटेड से जुड़ी 143 करोड़ रुपये की प्राप्तियां भी जब्त की गई हैं। अंगराई सेतुरमन के नाम से एक घर और पुनीत गर्ग के नाम पर शेयरों और म्यूचुअल फंड्स में मौजूद चल संपत्ति भी जब्त की गई है।

'स्टार्टअप की परिभाषा का दायरा बढ़ाने पर विचार'

AI Image

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** सरकार इस बार के आम बजट में स्टार्टअप्स की परिभाषा का दायरा बढ़ा सकती है। एक सरकारी अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खासतौर से डीप टेक्नॉलजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर फोकस रखते हुए यह कदम उठाने पर विचार हो रहा है।

अधिकारी ने बताया कि डीप टेक, AI और कोऑपरेटिव्स तक परिभाषा का दायरा बढ़ाया जा सकता है, जिससे देश में इनोवेशन को बढ़ावा मिले और रोजगार के अधिक मौके बन सकें।

अभी देश में 2 लाख से अधिक रजिस्टर्ड स्टार्टअप्स हैं। फिलहाल DPIIT के पास स्टार्टअप के रूप में उन्हीं इकाइयों को रजिस्टर किया जाता है, जो प्राइवेट लिमिटेड कंपनी या पार्टनरशिप फर्म या लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप के रूप में स्थापित हुई हों और आवेदन करने तक उनके 10 साल पूरे न हुए हों। साथ ही, पिछले वित्त वर्ष में उनका टर्नओवर 100 करोड़ रुपये से कम होना चाहिए।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

इनोवेशन के लिए प्रोत्साहन मिलेगा

सरकार डीपटेक्नॉलजी और AI में इनोवेशन बढ़ाना चाहती है। इस कदम से ज्यादा कंपनियों को रिस्क लेने और इनोवेशन करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड (DPIIT) के पास रजिस्टर्ड स्टार्टअप्स को कई तरह की सहूलियत दी जाती है।

ग्लोबल चुनौतियों के बीच विकास के लिए पूंजीगत खर्च बढ़ाने की चुनौती

Akhilesh.Singh1@timesofindia.com

AI Image



काउंटडाउन बजट 2026 टैक्स

■ **नई दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को जब आम बजट पेश करेंगी, तो उनके सामने वैश्विक चुनौतियों के बीच देश की तरक्की की रफ्तार बढ़ाने के उपाय करने की चुनौती होगी। मौजूदा वित्त वर्ष में कुल टैक्स कलेक्शन लक्ष्य से कम रह सकने के अनुमानों के बीच सड़क, अस्पताल, स्कूल-कॉलेज सहित इंफ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट के लिए ज्यादा पैसे देने की राह उन्हें निकालनी होगी।

वित्त वर्ष 2024-25 में 11.11 लाख करोड़ रुपये के कैपिटल एक्सपेंडिचर का लक्ष्य रखा गया, लेकिन फिर इसे संशोधित कर 10.18 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया और इससे 10% बढ़ोतरी के साथ पिछले बजट में मौजूदा वित्त वर्ष के लिए 11.2 लाख करोड़ रुपये का कैपेक्स तय किया गया था। अगले वित्त वर्ष के लिए भी इसमें 10% बढ़ोतरी हो सकती है।

हालांकि इस वित्त वर्ष में अभी केंद्र का टोटल टैक्स रेवेन्यू लक्ष्य से कम दिख रहा है। वहीं, अगर कैपेक्स बढ़ाने के लिए ज्यादा उधारी का लक्ष्य रखा गया तो राजकोषीय घाटा बढ़ सकता है। नवंबर तक केंद्र का फिस्कल डेफिसिट 9.77 लाख करोड़ रुपये का था, जो पूरे वित्त वर्ष के लिए तय लक्ष्य का 62.3% है। सालभर पहले की इसी अवधि में यह 52.5% पर था। पिछले बजट में विशुद्ध कर प्राप्तियां 23.87 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान दिया गया था।

केयरएज की चीफ इकनॉमिस्ट रजनी सिन्हा ने कहा, 'इस वित्त वर्ष में कुल टैक्स कलेक्शन 3 लाख करोड़ रुपये कम रह सकता है। हालांकि RBI के डिविडेंड के चलते नेट टैक्स कलेक्शन फिलहाल अच्छा दिख रहा है।' उन्होंने कहा, 'इस वित्त वर्ष के लिए तय कैपेक्स टारगेट हासिल हो सकता है और अगले वित्त वर्ष के लिए इसे 10% बढ़ाकर 12.3 लाख करोड़ रुपये रखा जा सकता है। इस बार राजकोषीय घाटा GDP के 4.4% तक रह सकता है और वित्त वर्ष 2027 के लिए इसे 4.2-4.3% रखने का लक्ष्य दिया जा सकता है।'

क्रिसिल के चीफ इकनॉमिस्ट डी के जोशी ने कहा, 'अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने में सरकारी पूंजीगत खर्च की केंद्रीय भूमिका रही है। हालांकि इन्वेस्टमेंट आधारित ग्रोथ का दायरा बढ़ाने और इसे टिकाऊ बनाने के लिए प्राइवेट कॉरपोरेट्स को बड़ी भूमिका निभानी होगी।'

चांदी 3.85 लाख रु. पहुंची, सोना 1.71 लाख के पार

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** सोने और चांदी की कीमतों में तेजी जारी है। बुधवार को देश की राजधानी में चांदी 15,000 रुपये (4.05%) की भारी उछाल के साथ 3,85,000 रुपये प्रति किलो के ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गई। 99.9% शुद्धता वाला सोना भी 5,000 रुपये यानी 3% महंगा होकर 1,71,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया।

इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स असोसिएशन (IBJA) के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 5,734 रुपये बढ़कर 1,64,635 रुपये पर पहुंच गया है। सिर्फ दो दिनों के अंदर ही सोना 10,335 रुपये महंगा हो चुका है। विदेशी बाजार में सोना 74.57 डॉलर (1.44%) चढ़कर 5,256.35 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। विदेशी बाजार में हाजिर चांदी 0.12% बढ़कर 112.22 डॉलर प्रति औंस रही। सोमवार को चांदी 14.42 डॉलर (14%) की छलांग लगाकर 117.73 डॉलर प्रति औंस के नए रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी।

AI Image

बाजार में तेजी, 487 अंक उछला सेंसेक्स



भारत और यूरोपीय संघ (EU) के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को लेकर निवेशकों में जबरदस्त उत्साह दिखा, जिसका असर शेयर बाजार की तेजी पर पड़ा। सेंसेक्स 487.20 अंक (0.60%) की उछाल के साथ 82,344.68 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 167.35 अंक (0.66%) की बढ़त के साथ 25,342.75 पर बंद हुआ। BEL के शेयर अपने दिसंबर तिमाही के नतीजों के बाद करीब 9% तक उछल गए। एशियन पेंट्स के शेयरों में 4% से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 29-01-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP23 User: cci Time: 01-28-2026 22:11 Color:

वर्ल्ड कप में हम फेवरिट के तौर पर उतरेंगे और सेमीफाइनल तक जरूर पहुंचेंगे। लेकिन, टीम इंडिया कितनी भी मजबूत क्यों न हो, एक खराब दिन सबकुछ बिगाड़ सकता है। एक खराब दिन आपकी पूरी मेहनत पर पानी फेर सकता है। –*राहुल द्रविड़, पूर्व कप्तान, भारत*

28

टी20 इंटरनैशनल जीते थे भारत ने साल 2022 में। यह एक साल में ICC के पूर्ण सदस्य देश का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। दूसरे स्थान पर भी भारत (24) का ही 2024 का प्रदर्शन है

स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. मेंस टी20I रैंकिंग्स में सूर्यकुमार यादव किस पोजिशन पर हैं?
A) 7 B) 8 C) 9 D) 10
2. लोरेंजो मुसेटी किस देश के टेनिस प्लेयर हैं?
A) इटली B) सर्बिया C) ऑस्ट्रेलिया D) स्विटजरलैंड

कल के जवाब
1. C) दीपक हुड्डा
2. C) इवा योविच

लकी WINNER

1. संतोष बीर, द्वारका, दिल्ली
2. राज कुमार, ग्रेटर नोएडा, यूपी
3. गोविंद अग्रवाल, दहिसर, मुंबई

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

फटाफट खबरें

जेमिमा पर जुर्माना

■ **वडोदरा:** विमिंस प्रीमियर लीग में धीमी ओवर गति के कारण दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यह कार्रवाई गुजरात जायंट्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले के दौरान की गई। दिल्ली कैपिटल्स यह मैच तीन रन से हार गई थी, जिससे टीम अंक तालिका में चौथे स्थान पर फिसल गई।

मोईन की वापसी

■ **नई दिल्ली:** इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर मोईन अली घरेलू क्रिकेट में वापसी करेंगे। उन्होंने 2026 सीजन के लिए वॉर्कशर के साथ वाइटैलिटी ब्लास्ट का करार किया है, जिसे 2027 तक बढ़ाया जा सकता है। मोईन ने कहा कि हेडिंग्ले में खेलना उन्हें हमेशा पसंद रहा है। प्रबंधन ने उनके अनुभव, नेतृत्व को अहम बताया।

नोगुएरा चेन्नैयिन से जुड़े

■ **चेन्नै:** चेन्नैयिन एफसी ने इंडियन सुपर लीग सीजन के अंत तक स्पेनिश मिडफील्डर अल्बर्टो नोगुएरा से करार किया है। नोगुएरा के पास करीब 400 पेशेवर मैचों का अनुभव है और वह पहले एफसी गोवा, मुंबई सिटी एफसी और बेंगलुरु एफसी के लिए खेल चुके हैं। ISL में वह 90 से अधिक मैच खेल चुके हैं।

सहजा को वाइल्ड कार्ड

■ **मुंबई:** भारत की नंबर एक विमिंस टेनिस खिलाड़ी सहजा यमलापल्ली को मुंबई ओपन WTA टूर्नामेंट के लिए वाइल्ड कार्ड दिया गया है। यह प्रतियोगिता दो फरवरी से शुरू होगी। सहजा ने बिली जीन किंग कप एशिया ओशियाना ग्रुप में भारत के दूसरे स्थान पर रहने में अहम भूमिका निभाई थी।

सीरीज के चौथे टी20 इंटरनैशनल मैच में कीवी ओपनर टिम सीफर्ट ने खेली तेजतर्रार अर्धशतकीय पारी

न्यूजीलैंड के बल्लेबाज़ों ने जमकर बटोरे रन

भारत Vs न्यूजीलैंड
टी20 सीरीज, चौथा मैच

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** ईशान किशन के अनफिट होने पर बोलिंग डिपार्टमेंट को मजबूत करने के इरादे के साथ प्लेइंग इलेवन में एक अतिरिक्त बोलर रखने की टीम इंडिया की रणनीति कीवी बैटर्स के खिलाफ काम नहीं आई। विशाखापत्तनम में खेले गए टी20I सीरीज के चौथे मुकाबले में टिम सीफर्ट (62 रन, 36, बॉल, 7 फोर, 3 सिक्स), डेवोन कॉन्वे (44 रन, 23, बॉल, 4 फोर, 3 सिक्स) और डैरिल मिचेल (39* रन, 18 बॉल, 2 फोर, 3 सिक्स) ने धुआंधार पारियां खेलकर बोर्ड पर सात विकेट पर 215 रन टांग दिए। भारत की ओर से हर्षित राणा सबसे महंगे बोलर रहे जिन्होंने चार ओवर में बगैर किसी विकेट के 54 रन लुटाए। वापसी कर रहे अर्शदीप सिंह सबसे किफायती रहे और उन्होंने 33 रन देकर दो विकेट लिए।

थोड़ी किस्मत, थोड़ी हिम्मत: सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीतने के बाद न्यूजीलैंड को बैटिंग का न्योता दिया। अर्शदीप से एक बार फिर पहले ही ओवर में विकेट निकालकर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाने की उम्मीद थी। हालांकि सीफर्ट आते ही खुलकर खेलने लगे। उन्होंने पहले ओवर में तीन लगातार चौके जड़े। यहां थोड़ा साथ किस्मत का भी मिला जब दो बॉल बैट का किनारा लेकर थर्ड मैन के ऊपर से फोर के लिए निकले। वैसे हिम्मत भी उन्होंने दिखाई और एक फोर सीधे मिड-ऑफ के ऊपर से बटोरा। दूसरे ओवर में उन्होंने हर्षित पर हमला बोला। फुल लेंथ गेंद को उन्होंने लॉन्ग-ऑन के ऊपर जोरदार सिक्स के लिए भेजा, फिर फ्लैट-बैट शॉट खेलते हुए गेंद को कवर के एरिया में चौके के लिए भेज दिया। दो ओवर में बोर्ड पर 26 रन आ चुके थे। अर्शदीप ने अपने दूसरे ओवर में लगाम कसी। मगर सीफर्ट ने दोबारा अटैक पर आए हर्षित पर सिक्स और फोर जड़कर तीसरे ओवर में आए सिर्फ चार रन की भरपाई कर डाली। सीफर्ट इस कदर बेफिक्र हो गए थे कि उन्होंने अटैक पर आए जसप्रीत बुमराह को भी गंभीरता से नहीं लिया और उनकी 140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली एक गेंद को उनके ऊपर से सिक्स के लिए भेज दिया। बुमराह ने पहले ओवर में 10 रन दिए।

कॉन्वे-राणा की बनी रही दूरी: बोर्ड पर पांच ओवर में ही 55 रन आ चुके थे, लेकिन इसमें दूसरे ओपनर डेवोन कॉन्वे का योगदान सिर्फ 8 रन का था। वैसे पांच ओवर्स में कॉन्वे के हिस्से सिर्फ नौ गेंदें ही आई थीं। इस दौरान वह किस्मतवाले भी रहे और सिर्फ दो गेंद के लिए हर्षित के सामने आए। इस टीर पर पांच बार राणा का शिकार बन चुके कॉन्वे ने हालांकि इस बार चौके के साथ उन पर काउंटर अटैक किया। इस दौरान कॉन्वे ने टी20 क्रिकेट में 7000 रन का आंकड़ा भी हासिल किया। वहीं न्यूजीलैंड ने पावरप्ले में बिना नुकसान के बोर्ड पर 71 रन टांगकर एक बड़े टोटल की नींव डाल दी।

तीन साल बाद हुआ ऐसा: कॉन्वे ने स्पिनर्स की 14 गेंदों पर 36 रन बनाए। इस दौरान टीम ने सौ रन के आंकड़े को भी हासिल किया। करीब तीन साल बाद न्यूजीलैंड की किसी ओपनिंग जोड़ी ने टी20I में शतकीय साझेदारी की थी। इससे पहले अक्टूबर 2022 में पाकिस्तान के खिलाफ ऐसा हुआ था।

टिम सीफर्ट

4 कैच लपके रिंकू सिंह ने इस मैच में। किसी एक टी20I में चार कैच लपकने वाले वह दूसरे भारतीय हैं। उनसे पहले अजिंक्य रहाणे (2014 में न्यूजीलैंड के खिलाफ) ऐसा कर चुके हैं

3 तीसरे बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स न्यूजीलैंड के टी20 इंटरनैशनल में सौ छक्के लगाने वाले। उनसे पहले कॉलिन मुनरो और मार्टिन गप्टिल यह मार्क पार कर चुके हैं

सीफर्ट की 25 गेंदों में फिफ्टी

सीफर्ट ने सिर्फ 25 गेंदों पर अपनी फिफ्टी पूरी की। पावरप्ले के भीतर ही वह 21 गेंदों में 46 रन तक पहुंच चुके थे। यह भारत के खिलाफ टी20I में किसी कीवी बैटर का संयुक्त रूप से फास्टेस्ट फिफ्टी है। इससे पहले रॉस टेलर और केन विलियमसन भी भारत के खिलाफ 25 गेंदों में फिफ्टी जड़ चुके हैं। न्यूजीलैंड ने पहले विकेट के लिए जोरदार साझेदारी करके भारतीय बोलर्स को बैकफुट पर डाल दिया था, लेकिन फिर कुलदीप, बुमराह और अर्शदीप ने विकेट चटकाकर न्यूजीलैंड की पारी पर लगाम कस डाली। एक समय न्यूजीलैंड के खाते में 9.1 ओवर्स में 100 रन थे और 13.4 ओवर तक उनका स्कोर 137/4 हो गया। केवल 35 गेंद में मेहमानों ने 37 रन के एवज में चार विकेट गंवा दिए। पावरप्ले के बाद सीफर्ट की रफ्तार भी धीमी पड़ गई थी और वह 15 गेंदों में सिर्फ 16 रन ही जोड़ सके थे, जिससे दबाव बना और टीम ने लगातार विकेट गंवाए।

स्कोरकार्ड

न्यूजीलैंड: डेवोन कॉन्वे कॉ रिंकू बो कुलदीप 44, टिम सीफर्ट कॉ रिंकू बो अर्शदीप 62, रचिन रविंद्र कॉ ईशान बो बुमराह 2, ग्लेन फिलिप्स कॉ रिंकू बो कुलदीप 24, मार्क चैपमैन कॉ राणा बो बिश्नोई 9, डैरिल मिचेल नॉट आउट 39, मिचेल सैंटनर रन आउट 11, जैक फोक्स कॉ रिंकू बो अर्शदीप 13, मैट हेनरी नॉट आउट 6 **एक्स्ट्राज:** 6 **टोटल:** 20 ओवर में सात विकेट पर 215 रन **विकेट:** 1-100, 2-103, 3-126, 4-137, 5-152, 6-163, 7-182 **बोलिंग:** अर्शदीप सिंह 4-0-33-2, हर्षित राणा 4-0-54-0, जसप्रीत बुमराह 4-0-38-1, रवि बिश्नोई 4-0-49-1, कुलदीप यादव 4-0-39-2

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

राणा बन गए 'रन लुटाओ मशीन'

भारतीय पेसर हर्षित राणा इस मैच में भारत की ओर से सबसे महंगे बोलर रहे। यह पहली बार नहीं है जब वह इतने महंगे साबित हुए हैं। उन्होंने नौ टी20 इंटरनैशनल मैच खेले हैं और इनमें से चार में उन्होंने प्रति ओवर 13 रन से अधिक दिए हैं। टी20I करियर में उन्होंने 10.6 रन प्रति ओवर के हिसाब से खर्च हैं। इस फॉर्मेट में सौ से ज्यादा गेंद डालने वाले भारतीय बोलर्स में सबसे खराब इकॉनमी वाली लिस्ट में वह दूसरे स्थान पर हैं। इसमें प्रसिद्ध कृष्णा (11.00 इकॉनमी) पहले पर हैं। हर्षित के बाद उमरान मलिक (10.48) और उमेश यादव (9.33) हैं।

सूर्य चमके तो रैंकिंग्स में चढ़े

■ **एजेंसियां, दुबई:** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही पांच मैचों की घरेलू सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद बुधवार को आईसीसी की पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग्स में बल्लेबाजों के वर्ग में पांच पायदान ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर पहुंच गए। दुनिया में नंबर एक रहे सूर्यकुमार ने इन मैच में 32, नाबाद 82 और नाबाद 57 रन बनाए जिससे वह रैंकिंग्स में आगे बढ़ने में सफल रहे। भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा बल्लेबाजी रैंकिंग्स में टॉप पर बने हुए हैं, जबकि तिलक वर्मा तीसरे स्थान पर हैं। तिलक चोटिल होने के कारण इस सीरीज में नहीं खेल रहे हैं। रायपुर में खेले गए दूसरे मैच में 32 गेंदों पर 76 रन बनाने वाले ईशान किशन ने 64वें स्थान पर रैंकिंग्स में फिर से प्रवेश किया है। शिवम दुबे (58वां) और रिंकू सिंह (13वां) को भी अपने अच्छे प्रदर्शन का इनाम मिला है।

क्रिकेट कनेक्ट

सूर्यकुमार यादव

ऑस्ट्रेलियाई टीम पाक पहुंची

लाहौर: मिचेल मार्श की अगुआई में ऑस्ट्रेलिया की टीम बुधवार को लाहौर पहुंच गई, जहां वह पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20I सीरीज खेलेगी। यह सीरीज ऐसे समय में आयोजित की जाएगी जब अगले महीने होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। ऑस्ट्रेलिया टीम पैट कमिंस समेत अपने कुछ अनुभवी खिलाड़ियों के बिना लाहौर पहुंची है।

पंड्या, अर्शदीप X फैक्टर: रोहित

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** टी20 वर्ल्ड कप विजेता कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि आगामी टूर्नामेंट में हरफनमौला हार्दिक पंड्या और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह भारत की सफलता की कुंजी होंगे। गत चैंपियन भारत प्रबल दावेदार के रूप में टूर्नामेंट में उतरेगा। रोहित ने जियोहॉटस्टार से कहा, "जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह दोनों का साथ में होना हमारे लिए बहुत सकारात्मक है क्योंकि दोनों विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। अर्शदीप नई गेंद से स्विंग कराने में माहिर हैं और शुरुआती विकेट लेते हैं। वह नई गेंद से और डेथ ओवरों में गेंदबाजी करते हैं। शुरुआत और अंत बहुत महत्वपूर्ण है और वह दोनों में मजबूत हैं।"

उन्होंने कहा, "अर्शदीप नई गेंद को स्विंग कराके बाएं हाथ के बल्लेबाजों को स्लिप में कैच आउट करा सकते हैं और दाहिने हाथ के बल्लेबाजों के पैड को निशाना बना सकते हैं। वह टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भी भारत के लिए अहम साबित होंगे।"

हार्दिक के बारे में रोहित ने कहा, "हार्दिक जब भी टीम में होते हैं तो उनकी भूमिका बड़ी होती है। वह बल्लेबाजी और गेंदबाजी में निरंतरता से खेलते हैं। टीम दबाव में होती है तब उनकी बल्लेबाजी अहम होती है। अगर 15 या 16 ओवर में हमारा स्कोर 160 है और हार्दिक क्रीज पर हैं तो वह 210 या 220 तक ले जा सकते हैं।"

एक्सपर्ट की राय

टी20 वर्ल्ड कप विजेता कप्तान रोहित शर्मा

आई-लीग का नाम अब 'इंडियन फुटबॉल लीग'

नई दिल्ली में बुधवार को आई-लीग के 6 क्लबों के प्रतिनिधियों और ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के पदाधिकारियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में की घोषणा

Sanjeev.Kumar11
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** भारतीय फुटबॉल में जारी उथल-पुथल के बीच बुधवार को एक नया मोड़ आया जब आई-लीग में खेलने वाले क्लबों ने यहां हुई एक बैठक में फैसला लिया कि इस लीग को रीब्रैंड किया जाए। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (AIFF) के डिप्टी जनरल सेक्रेटरी एम सत्यनारायणन और लीग से जुड़े कुछ अन्य पदाधिकारियों के साथ आई-लीग के क्लबों की बैठक में कई फैसले लिए गए। इनमें अहम था आई-लीग का नाम बदलकर इसे 'इंडियन फुटबॉल लीग' का नाम देना। सत्यनारायणन ने बताया, 'हमने यह भी फैसला लिया है कि लीग का नया सीजन 21 फरवरी को शुरू होगा। शुरुआती चरण में होम ऐंड अवे मैच होंगे।' बैठक में आए तमाम प्रस्तावों को AIFF से अप्रूवल मिलने का इंतजार रहेगा जो 1 फरवरी तक मिल जाने की उम्मीद है। इसके बाद अगले टूर्नामेंट का शेड्यूल जारी होगा।

गवर्निंग काउंसिल में सभी टीमों के प्रतिनिधि होंगे तो चीजें काफी आसान हो जाएंगी। लीग के आयोजन से लेकर इसके वित्तीय मामलों तक के बारे में हर साल हमारे सामने एक स्पष्ट तस्वीर होगी। –*अरशद शॉल, डायरेक्टर, रियल कश्मीर फुटबॉल क्लब*

AIFF ने साल 1996 में नैशनल फुटबॉल लीग की शुरुआत की थी। साल 2007 में इसका नाम बदलकर आई-लीग कर दिया गया था। अब इसे इंडियन फुटबॉल लीग कहा जाएगा। शिलॉन्ग लाजोंग फुटबॉल क्लब के मैनेजिंग डायरेक्टर लार्सिंग साविआन ने इस बदलाव के एक महत्वपूर्ण पहलू के बारे में बताया, 'नई व्यवस्था में क्लबों की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत होगी, AIFF की 10 जबकि कमर्शल पार्टनर की 30 प्रतिशत की हिस्सेदारी होगी।'

सेमीफाइनल में चैंपियन सिनर की भिड़ंत रेकॉर्डधारी जोकोविच से

■ **एजेंसियां, मेलबर्न:** लगातार दो बार के चैंपियन यानिक सिनर और 25वें ग्रैंडस्लैम की तलाश में जुटे नोवाक जोकोविच ऑस्ट्रेलियन ओपन के मेंस सिंगल्स सेमीफाइनल में आज एक-दूसरे का सामना करेंगे। सिनर ऑस्ट्रेलियन ओपन में खिताबी हैट्रिक से अब सिर्फ दो जीत दूर हैं। बुधवार को उन्होंने अमेरिका के आठवीं वरीय बेन शेल्टन को 6-3, 6-4, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

फेडरर को छोड़ा पीछे: दूसरी ओर, रेकॉर्ड दस बार के चैंपियन जोकोविच को किस्मत का साथ मिला। सर्बियाई दिग्गज पहले दो सेट गंवाने के बाद लगभग बाहर होने की कगार पर थे, लेकिन पांचवीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेटी दाहिने पैर में चोट के कारण मुकाबला पूरा नहीं कर सके। मुसेटी ने शुरुआती दो सेट 6-4, 6-3 से अपने नाम किए थे, लेकिन तीसरे सेट में 3-1 से पीछे रहते हुए उन्होंने मैच से हटने का फैसला किया। इस जीत के साथ जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में सर्वाधिक जीत के मामले में रोजर फेडरर को पीछे छोड़ दिया। फेडरर ने इस ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में कुल 102 मैच जीते हैं, जबकि जोको 103 के आंकड़े तक पहुंच गए हैं। चौथे दौर में वॉकओवर मिलने के बाद यह जोकोविच का दूसरा वॉकओवर है। आज पुरुष वर्ग का दूसरा सेमीफाइनल कार्लोस अल्काराज और अलेक्जेंडर ज्वेरेव के बीच खेला जाएगा।

स्वितेक का सपना टूटा: विमिंस सिंगल्स में एलिना रिबाकिना और छठी वरीय जेसिका पेगुला ने अंतिम चार में जगह बनाई। रिबाकिना ने वर्ल्ड नंबर-2 इगा स्वितेक को 7-5, 6-1 से हराकर उनके करियर ग्रैंडस्लैम के सपने पर पानी फेर दिया। वहीं पेगुला ने हमवतन अमांडा अनिसिमोवा को 6-1, 7-6 से मात दी। विमिंस सिंगल्स का दूसरा सेमीफाइनल शीर्ष वरीय आरिना सबालेंका और एलिना स्वितोलिना के बीच होगा।

AO ऑस्ट्रेलियन ओपन

वर्ल्ड नंबर दो यानिक सिनर

50 वीं ग्रैंडस्लैम जीत है यह सिनर की हार्ड कोर्ट पर। उन्होंने 60 मैच में 50 जीत दर्ज की। उनसे बेहतर सिर्फ रोजर फेडरर (59 मैच में 50 जीत) का रेकॉर्ड है

जू के जानवरों जैसा हो रहा है बर्ताव: स्वितेक

ऑस्ट्रेलियन ओपन में कोको गॉफ के बाद स्वितेक ने भी कैमरों की असीमित मौजूदगी पर सवाल खड़े किए हैं। स्वितेक ने कहा, 'सवाल यह है कि हम टेनिस खिलाड़ी हैं या चिड़ियाघर के जानवरों की तरह हैं, जहां उनकी टॉयलेट करते समय भी निगरानी की जाती है, आप जानते हैं ना?' हाल ही में पहचान पत्र भूल जाने पर स्वितेक को सुरक्षा जांच में रोके जाने और कोको का क्वॉर्टर फाइनल में हार के बाद रैकेट तोड़ने का विडियो वायरल हुआ था, जिसपर उन्होंने आपत्ति जताई थी। इस मामले में जोको ने कहा, 'मुझे हैरानी है कि नहाते समय हमारे पास कैमरे नहीं होते। शायद अगला कदम ये हो।'

प्रग्नानंदा ने पहली जीत दर्ज की, गुकेश ने गंवाई बाज़ी

■ **एजेंसियां, विज्क आन जी (नीदरलैंड्स):** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रग्नानंदा ने हमवतन अरविंद चिदंबरम को हराकर टाटा स्टील चेस मास्टर्स के नौवें दौर में अपनी पहली जीत दर्ज की। वहीं, वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश को जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। अर्जुन एरिगैसी अमेरिका के हैंस नीमैन से ड्रॉ खेलने में सफल रहे। गुकेश ने 37 चाल के बाद हार मान ली। शीर्ष पर चल रहे उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने हमवतन जावोखिर सिंदारोव के साथ ड्रॉ खेला और 6 अंकों के साथ बढ़त बनाए रखी। गुकेश, अर्जुन और प्रग्नानंदा के चार-चार अंक हैं।

टाटा स्टील चेस मास्टर्स

भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रग्नानंदा

रॉयल की नज़रें फाइनल के बर्थ पर

■ **एजेंसियां, वडोदरा:** अंक तालिका में टॉप पर काबिज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) लगातार दो मैच में हार को पीछे छोड़कर यूपी वॉरियर्स के खिलाफ गुरुवार को होने वाले विमिंस प्रीमियर लीग के मैच में जीत दर्ज करके फाइनल में अपनी जगह पक्की करने की कोशिश करेगा। आरसीबी (10 अंक) प्लेऑफ में जगह पक्की करने वाली एकमात्र टीम है, लेकिन वॉरियर्स के खिलाफ जीत से उसकी फाइनल में जगह भी पक्की हो जाएगी। वहीं दूसरी तरफ प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए कड़ी चुनौती का सामना कर रही वॉरियर्स को अपनी टॉप स्कोरर फीबी लिचफील्ड (243 रन) की चोट से बड़ा झटका लगा है। लिचफील्ड टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं और एमी जोंस को टीम में शामिल किया गया है। स्मृति मंधाना की अगुआई वाली आरसीबी पहले पांच मैच जीत कर सभी टीमों से काफी आगे निकल गई थी, लेकिन उसके बाद दो हार से उसे झटका लगा है।

टेलिकास्ट: शाम 7.30 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और जियोहॉटस्टार पर

स्मृति मंधाना

भारत आएंगे बांग्लादेश के निशानेबाज: NRAI

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** सुरक्षा चिंताओं के चलते टी20 वर्ल्ड कप के लिए अपनी क्रिकेट टीम को भारत भेजने से इनकार करने वाला बांग्लादेश अगले महीने होने वाली एशियन राइफल और पिस्टल चैंपियनशिप में हिस्सा लेगा। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (NRAI) के अनुसार बांग्लादेश के निशानेबाज प्रतियोगिता के लिए भारत यात्रा करेंगे। यह चैंपियनशिप दो से 14 फरवरी तक डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में आयोजित होगी, जिसमें 17 देशों के 300 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। बांग्लादेश दो राइफल निशानेबाजों, 21 वर्षीय अरेफिन शायरा और 26 वर्षीय ओलिंपियन मोहम्मद रोबिउल इस्लाम के साथ उतरेगा।

एशियन चैंपियनशिप

12 राशियां और आपका दिन

ARIES (21 Mar - 19 Apr): राशि का स्वामी मंगल प्रमुख दशवें कर्म भाव लग्न मकर में मकर राशि का होकर संचार कर रहा है। बारहवां व्यय भाव में मीन राशि का शनि स्वामी मार्गी है, तो भी उत्तम राज योग का सृजन कर रहा है। आज आपकी राज्य-मान-प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी। हो सकता है कुछ आकस्मिक लाभ भी हो जाए।

TAURUS (20 Apr - 19 May): आपकी राशि का स्वामी शुक्र अष्टम आयु भाव केंद्र में चंद्र के साथ मार्गी है। चंद्रमा आज द्वितीय भाव में राज्य से सम्मान दिलाएगा। द्वितीय कोष भाव में मिथुन राशि का बृहस्पति, देवता गुरु, ब्राह्मणों के प्रति भक्ति भावना जागृत करेगा। आप अपने किये कार्यों की प्रशंसा से फूले नहीं समाएंगे।

GEMINI (21 May - 21 Jun): राशि का स्वामी बुध मकर राशि का होकर अष्टम शत्रु चित्त केंद्र भाव में विराजमान होकर द्वादश को संपूर्ण शुभ दृष्टि से देख रहा है। चंद्रमा मिथुन राशि पर संचार कर रहा है। स्व राशि के चंद्रमा में भाइयों से विवाद उग्र रूप धारण कर सकता है। आप अपनी कार्यकुशलता से समस्या का हल निकालें।

CANCER (22 Jun - 22 July): आपकी राशि पर मिथुन राशि का बृहस्पति सर्वत्र विजय विभूति सफलता का देने वाला है। आज चंद्रमा भी द्वादश भाव में मनोवांछित सिद्धि कारक है। पुरानी किसी महान सत्पुरुष की कृपा से गद्दी पद की प्राप्ति भी हो सकती है। पांच माह पूर्व खोई मूल्यवान वस्तु अकस्मात मिल जाएगी। मित्रों और पत्नी से आपको सहयोग मिलेगा।

LEO (23 July - 22 Aug): आज दिन भर प्रतिद्वंद्वियों के लिए सिरदर्द बने रहेंगे। कारोबार में अकस्मात आशा से अधिक लाभ व प्रगति होने से खोया हुआ विश्वास लौटता प्राप्त होगा। संतान पक्ष से भी अपेक्षित समाचार मिलेगा। मीन राशि वाला कोई पारिवारिक व्यक्ति हित साधने का प्रयास करेगा उससे सावधान रहें।

VIRGO (23 Aug - 22 Sep): काफी दिनों से जो अवसाद बना हुआ है, आज उसका अंत होगा और मायूसी भी समाप्त हो जाएगी। जिस वजह से आप के सभी कार्य अभी तक नहीं बन रहे थे आज वह रुकावट हट जाएगी और आपके रचनात्मक कार्यों में गति आएगी। ज्ञान विज्ञान कला और लेखन कार्य में आपकी दक्षता रंग लाएगी।

LIBRA (23 Sep - 22 Oct): वैसे तो आप इस प्रकार के काम करते रहते हो जो दूसरों के लिए जोखिम भरे होते हैं। लेकिन यह सब आपके परिजनों के लिए आनंददायक है और आपके कार्य क्षेत्र के रिश्तों से उनका कोई लेना देना भी नहीं है। आप यही सोचकर आगे बढ़े कि किसी संकट में फंस जाते हैं तो क्या कर सकते हैं। वैसे आपके संकट की स्थिति में फंसने की कम ही संभावना है।

SCORPIO (24 Oct - 21 Nov): आज आपका घरेलू और व्यावसायिक वातावरण काफी अस्त-व्यस्त रहेगा। कई प्रकार के विवाद और झंझट आपके सामने आ सकते हैं। शाम तक आप अपना कुछ समय लगाकर अपने कार्य कौशल से अपनी मुसीबतें कम कर पाएंगे। रात का समय किसी सामाजिक या राजनीतिक कार्यक्रम में व्यतीत होगा।

SAGITTARIUS (22 Nov - 21 Dec): जिस प्रकार प्रतियोगिता या परीक्षा को आप उत्तीर्ण कर लेना चाहते हैं, उसका निदान आज करना है। क्योंकि जिस तरीके से आप अपनी रणनीति को लागू कर रहे हैं, उससे लगता है कि बुद्धिमत्तापूर्ण प्रयासों का लाभकारी परिणाम सामने आएगा। आर्थिक स्थिति में भी धीरे-धीरे सुधार होगा।

CAPRICORN (22 Dec - 19 Jan): आज आपका मूड सुबह से ही अच्छा रहेगा। किसी बड़े लाभ के चक्कर में आप जिम्मेदार भागदौड़ करने के लिए भी तत्पर रहेंगे। परिस्थितियां जब सुधरने लगती हैं तो सभी काम एक-एक कर बनने लगते हैं और व्यर्थ की जद्दोजहद तथा तनाव भी समाप्त होने लगते हैं। इसलिए अपने काम पर ध्यान दें।

AQUARIUS (20 Jan - 18 Feb): आजकल एकाएक से बहुत सारे काम आपके आगे पीछे आ रहे हैं। आपके विरोधी भी कुछ ऐसे काम कर रहे हैं कि आप फालतू कामों में उलझे रहे हैं। आपको अपनी पोजिशन स्पष्ट करनी है, तो फिर अपने वरिष्ठ अधिकारी को इसकी जानकारी अवश्य दें। व्यय बढ़ सकता है ध्यान रखें।

PISCES (19 Feb - 20 Mar): जितना भी हो सके आज आप अपने परिवार और रोजगार को ही ठीक तरह से संभालने की चेष्टा करें। आज व्यवसाय के विस्तार के लिए पर्याप्त अवसर और अनुकूल समय है। बाहर की सुविधाएं भी आपको मिल रही हैं और आर्थिक कमी नहीं है। अगर संतान के विवाह का प्रसंग प्रबल है तो पंडित या पुरोहित से गंभीरता पूर्वक संपर्क करें।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

मिथुन राशि का बृहस्पति और सिंह राशि का केतु कुंभ का राहु मंगल का मिश्रित फल आपके वर्ष पर प्रभाव डालता रहेगा। कई बार आप व्यर्थ की आशंका पालकर भी दुखी हो जाएंगे। जनवरी शेष से फरवरी के महीने तक अगर आपने अपने काम को समय पर पूरा नहीं किया तो कहीं पर भी विश्वास घात हो सकता है। अपने से अधिक शक्तिशाली व्यक्ति से शत्रुता या संघर्ष करना अच्छा नहीं होगा। मार्च अप्रैल में स्वास्थ्य खराब रह सकता है। इसलिए अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें। मई से जून में किसी मंगल कार्य, विवाह शादी की योजना बनेगी। जुलाई से लेकर अगस्त के महीने में सार्थक यात्रा और देशाटन के योग हैं। इसलिए पहले ही योजना बनाकर घूमने निकलें। धार्मिक स्थानों पर जाएंगे तो आपके लिए और शुभ होगा। सितंबर से अक्टूबर में अपने व्यक्तिगत ज्ञान व मनोरंजन पर व्यय करना लाभप्रद रहेगा। पूरे वर्ष थोड़ी मेहनत से ही सुख शांति और धन की प्राप्ति होती रहेगी। पुराने किसी भी मित्र से अगर संबंधों में खटास आ गई है तो उससे रिश्ते दोबारा मधुर हो जाएंगे। नवंबर महीने से दिसंबर में विशेष अच्छे परिणामों के लिए बृहस्पतिवार पीले फल, मिष्ठान का दान करते रहें।

–आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

कल का पंचांग
(शुक्रवार, 30 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति माघ 10, शक संवत 1947, माघ शुक्ल, द्वादशी, शुक्रवार, विक्रम संवत 2082। सौर माघ मास प्रविष्टे 17, शाबान 10, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 30 जनवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहु काल पूर्वाह्न 10 बजकर 30 मिनट से 12 बजे तक। द्वादशी तिथि पूर्वाह्न 11 बजकर 10 मिनट तक उपरांत त्रयोदशी तिथि का आरंभ। आर्द्रा नक्षत्र अपराह्न 3 बजकर 28 मिनट तक उपरांत पुनर्वसु नक्षत्र का आरंभ। वैधृति योग शाम 4 बजकर 59 मिनट तक के बाद विष्कुंभ योग का आरंभ। बालव करण पूर्वाह्न 11 बजकर 10 मिनट तक के बाद तैतिल करण का आरंभ। चंद्रमा दिन रात मिथुन राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार जया एकादशी व्रत, भीष्म-द्वादशी।

सुडोकू

9		7	6			5		4
	8		7					2
				5	9		6	
5						1		
1	6						3	8
		3						6
	7		2	9				
4					7		2	
2		9			1	6		5

TELEVISION

big magic

09:00 बालू डालू
10:00 बदकुंच बुटहल
11:00 रुद्र के रक्षक
11:30 अलादीन
12:00 चक्रधारी अजेय कृष्ण
13:30 भ से भई
14:30 हम पांच
15:00 अजब देश की गजब कहानी
16:00 प्यार मैरिका हैप्पी लवी
18:00 रुद्र के रक्षक
21:00 चौरा

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 29-01-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRBP User: cci Time: 01-28-2026 21:59 Color:

NBT AI टाइम मशीन

जब मिला पहली पेट्रोल-कार का पेटेंट

आज ही के दिन 1886 में कार्ल बेंज ने 'Benz Patent-Motorwagen' के लिए पेटेंट हासिल किया था। यह दुनिया की पहली सफल पेट्रोल से चलने वाली गाड़ी थी, जिसने घोड़ा-गाड़ी के युग को खत्म कर निजी परिवहन की नींव रखी। UNESCO ने इस पेटेंट को विश्व धरोहर का हिस्सा माना है। इसमें 0.75 हॉर्सपावर का इंजन था। इसकी पहली लंबी दूरी की यात्रा कार्ल बेंज की पत्नी बर्था बेंज ने की थी।

NBT

Front Page-2

नवभारत टाइम्स। नई दिल्ली/एनसीआर

गुरुवार, 29 जनवरी 2026

कार में मिलेगी होटल वाली फीलिंग

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में कारें सिर्फ वाहन नहीं, बल्कि इंटेलिजेंट और पर्सनल स्पेस होंगी। कारें पूरी तरह ड्राइवर लेस होंगी और आपस में बात करेंगी। सफर शांत, सुरक्षित और टेंशन-फ्री होगा। अंदर का अनुभव होटल या ऑफिस जैसा होगा, जहां रोशनी, म्यूजिक और तापमान मूड के हिसाब से बदलेंगे। कारें क्लीन एनर्जी पर चलेंगी। ये दिखने में आज जैसी नहीं, बल्कि पॉड जैसी आधुनिक संरचनाएं होंगी। आगे चलकर कारें आराम और अनुभव की पहचान बनेंगी।



AI Images

SPEED News

ई-कॉमर्स कंपनी Amazon 16 हजार कर्मचारियों की छंटनी करने जा रही है। कंपनी ने कहा, इनकी जगह AI लेगा। ये तीन महीनों में दूसरी बड़े स्तर की छंटनी हो रही है।

साउथ कोरिया की पूर्व फर्स्ट लेडी को 20 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। साउथ कोरिया की अदालत ने किम किऑन को भ्रष्टाचार के मामले में दोषी पाया।

पाकिस्तान में 70 हजार लोग पलायन कर गए। ये अफगान सीमा से सटे इलाके में रह रहे थे। पाकिस्तानी तालिबान पर कार्रवाई की आशंका में लोगों ने कदम ये उठाया।



स्वीडन स्कूलों में मोबाइल बैन करेगा ताकि स्टूडेंट ज्यादा फोकस से पढ़ाई कर सकें। बैन 9वीं क्लास तक के स्टूडेंट्स के लिए होगा।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।

SC पर नज़र या कमिटी? UGC पर क्या फैसला लेगी सरकार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

यूजीसी नियमों को लेकर शुरू हुआ विवाद अभी चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट में एक के बाद एक कई याचिकाएं दायर हो चुकी हैं और कोर्ट में अब बहुत जल्द सुनवाई होने की उम्मीद है। इस समय सरकार के पास क्या-क्या विकल्प हैं, इस बारे में विशेषज्ञों का कहना है कि विकल्पों की तो कमी नहीं है लेकिन सरकार अभी जल्दबाजी में फैसला नहीं लेगी। सरकार को भी सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई का इंतजार होगी। कोर्ट के दिशा- निर्देशों के बाद ही नियमों में संशोधन, बदलाव समेत दूसरे मुद्दों पर स्थिति साफ हो सकती है।

यूजीसी नियमों में बदलाव को लेकर हो रहे विरोध के बाद बीते मंगलवार को सरकार की ओर से कहा गया था कि यह व्यवस्था सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में आई है। केंद्र सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि किसी वर्ग, समुदाय या व्यक्ति के साथ अन्याय न हो। विशेषज्ञों का कहना है कि सरकार के पास अभी सबसे बेहतर विकल्प यही है कि वह सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई का इंतजार करे और उसके आधार पर कोई फैसला लें।

विरोध तेज: बुधवार को नए UGC नियमों के खिलाफ देश की कई हिस्सों में विरोध हुए। लोगों ने इसे तुरंत वापस लेने की मांग की।

नियमों पर होल्ड, कमिटी का विकल्प

विशेषज्ञों का कहना है कि नए नियमों पर हो रहे विरोध के मद्देनजर सरकार के पास एक विकल्प यह भी है कि अभी नये नियमों को होल्ड पर रख दिया जाए, लेकिन इसकी संभावना कम ही है। कारण है कि सुप्रीम कोर्ट में इसपर मामले पर सुनवाई होनी है। वहीं सरकार अपनी ओर से कोई भी बदलाव करती है तो फिर नए सिरे से हंगामा शुरू हो सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, एक तीसरा विकल्प यह भी है कि नियमों के खिलाफ जो भी मुद्दे उठाए गए हैं, उनको एड्रेस करने के लिए एक कमिटी बना दी जाए, जो सभी हितधारकों से बात करें।

मायावती बचाव में, बोली, विरोध ठीक नहीं

भाषा, लखनऊ : बीएसपी प्रमुख मायावती ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) के नए नियमों का बचाव करते हुए कहा कि इस कदम का विरोध बिल्कुल भी उचित नहीं है। हालांकि, उन्होंने आगाह किया कि सामाजिक तनाव से बचने के लिए नियमों को विचार-विमर्श के बाद लागू किया जाना चाहिए था। मायावती ने 'X' पर पोस्ट कर कहा कि देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिवादी भेदभाव के निराकरण के लिए समता समिति बनाने के नए नियम के कुछ प्रावधानों का केवल जातिवादी मानसिकता वाले सामान्य वर्ग के लोग ही विरोध कर रहे हैं। इसे भेदभाव और षड्यंत्र मानना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि पार्टी का यह भी मानना है कि इस प्रकार के नियमों को लागू करने से पहले सभी को विश्वास में लिया जाना चाहिए था, जिससे सामाजिक तनाव पैदा नहीं होता। सरकारों और सभी संस्थानों को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

बातचीत पर ट्रंप ने फिर चेताया, ईरान का टाइम खत्म हो रहा है

■ एएफपी, पेरिस

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने बुधवार को ईरान को चेतावनी दी कि सैन्य हस्तक्षेप को रोकने के लिए उसका टाइम खत्म हो रहा है। ट्रंप ने सोशल मिडिया 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, ईरान को परमाणु कार्यक्रम पर समझौते पर बातचीत की जरूरत है। अगला हमला इससे कहीं ज्यादा खतरनाक होगा। इससे पहले ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा, अगर वे बातचीत को आगे बढ़ाना चाहते हैं, तो धमकियां बंद करनी होंगी। संयुक्त राष्ट्र में ईरानी मिशन का कहना है कि अगर अमेरिका हमला करता है तो ईरान अभूतपूर्व तरीके से जवाब देगा।

इस बीच ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने सऊदी के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से बात की। इस दौरान क्राउन प्रिंस ने कहा कि सऊदी अरब अपनी धरती से ईरान पर हमले की इजाजत नहीं देगा।

FILE

'अल-मलिकी PM तो इराक को मदद नहीं'

■ **एपी, वॉशिंगटनः** अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने मंगलवार को इराक को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगर पूर्व प्रधानमंत्री नूरी अल-मलिकी फिर से सत्ता में लौटते हैं, तो अमेरिका इराक को दिया जा रहा समर्थन खत्म कर देगा। यह बयान ऐसे समय आया है, जब इराक के प्रमुख राजनीतिक गठबंधन 'कोऑर्डिनेशन फ्रेमवर्क' ने कुछ दिन पहले अल-मलिकी के नामांकन का समर्थन किया है। यह फ्रेमवर्क शिया दलों का सबसे प्रभावशाली समूह माना जाता है।

नूरी अल-मलिकी

छात्रों को पोस्टल बैलेट की सुविधा, SC सुनेगा अर्जी

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को उस याचिका पर विचार करने पर सहमति जताई, जिसमें केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग को निर्देश देने की मांग की गई है कि छात्र मतदाताओं को विशेष रूप से उन मतदाताओं को, जो अपने गृह निर्वाचन क्षेत्र से बाहर शैक्षणिक संस्थानों में नामांकित हैं उन्हें डाक मतपत्र (पोस्टल बैलेट) की सुविधा प्रदान की जाए। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग को इसपर नोटिस जारी किया है।



अगले हफ्ते US जा सकते हैं विदेश मंत्री जयशंकर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

FILE

अहम खनिजों पर बैठक में हिस्सा लेंगे

विदेश मंत्री एस. जयशंकर अगले हफ्ते अमेरिका जा सकते हैं। इस विजिट के दौरान वे क्रिटिकल मिनरल्स मिनिस्टीरियल बैठक में शामिल हो सकते हैं। अहम खनिजों पर होनी वाली ये बैठक वॉशिंगटन डीसी में होगी। यह अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो की मेजबानी में होने वाली पहली हाई लेवल बैठक होगी।

'क्रिटिकल मिनरल्स मिनिस्टीरियल' बैठक का मकसद दुनिया भर के साझेदार देशों को एक मंच पर लाना है, ताकि अहम खनिजों की सप्लाई चेन सुरक्षित करने के लिए सहयोग बढ़ाया जा सके। इनमें लिथियम, कोबाल्ट, निकल जैसे जरूरी मटीरियल शामिल हैं, जो इलेक्ट्रिक गाड़ियों से लेकर डिफेंस सिस्टम्स की बुनियाद हैं।

मिनियापोलिस (Minneapolis) फायरिंग: Apple के CEO कुक की ट्रंप से चर्चा

■ एपी, मिनियापोलिस/वॉशिंगटन

Apple के सीईओ टिम कुक ने मिनियापोलिस फायरिंग पर दुख जताया है, जिसमें फेडरल इमिग्रेशन एजेंटों की कार्रवाई में दो लोगों की मौत हुई। TOI की रिपोर्ट के अनुसार, कुक ने राष्ट्रपति ट्रंप से हालात पर चर्चा कर तनाव कम करने और गरिमा-सम्मान के आदर्शों पर टिके रहने की बात कही।

इधर, अमेरिकी इमिग्रेशन अधिकारियों ने मंगलवार को मिनियापोलिस स्थित इक्वाडोर के दूतावास में बिना अनुमति घुसने की कोशिश की। दूतावास कर्मियों ने उन्हें दरवाजे पर रोक दिया।

FILE

वेनेजुएला में US दूतावास?

ट्रंप के प्रशासन ने संसद को बताया है कि वह वेनेजुएला में बंद अमेरिकी दूतावास को दोबारा खोलने की दिशा में कदम उठा रहा है। कर्मचारियों की एक टीम वहां भेजी जाएगी, जो सीमित राजनयिक काम संभालेगी।

10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | SHRIRAM Finance | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans | BAJAJ

*नियम और शर्तें लागू, बचत 31 जनवरी 2026 तक लागू है. दर्शाई गई कुल सेविंग्स का तात्पर्य है कैशबैक से प्राप्त बचत की कुल राशि, जीरो प्रोसेसिंग फीस और 5 फ्री सर्विसेस (3 स्टैंडर्ड फ्री सर्विसेस और 2 अतिरिक्त फ्री सर्विसेस). फ्री सर्विस की बचत, शेड्यूल्ड लेबर चार्जेस के लिए है. लागू ऑफर्स, मॉडल्स/राज्यों के अनुसार बदल सकते हैं. शून्य पीएफ पर सेविंग, फाइनान्सर पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती है. फाइनान्स उपलब्ध है फाइनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफेशनल सुपरविजन के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नकल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफिक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. पल्सर 125 ऑफर नेयॉन और कार्बन फाइबर मॉडल्स पर.

Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: DELHI: CENTRAL DELHI: Karol Bagh BAGGALINK BAJAJ 011-23550011/9910399106 • NORTH DELHI: Pitampura BAGGALINK BAJAJ 9910399107 • Budh Vihar, Rohini BAGGALINK BAJAJ 9910399108 • Rithala BAGGALINK BAJAJ 9910399115 • Mahipalpur BAGGALINK BAJAJ 9910399119/239 • Najafgarh BAGGALINK BAJAJ 9910399235 • Raja Garden SWADESHI BAJAJ 9210600907 • G.T. Karnal Road SWADESHI BAJAJ 9212110787 • Wazirpur SWADESHI BAJAJ 9250211944 • Zakhira SWADESHI BAJAJ 9250211933 • Narela GLOBAL BAJAJ 9311300688 • Peeragarhi GLOBAL BAJAJ 9311300695 • Bawana GLOBAL BAJAJ 9311300699 • Burari GLOBAL BAJAJ 9711998154 • EAST DELHI • South Ganesh Nagar GLOBAL BAJAJ 9319420888/9319431888. •Jagatpuri, Krishna Nagar Metro Station GLOBAL BAJAJ-9319421555 •KONDLI, Main Market-Global Bajaj -9319423555 • Shahdara-Durgapuri Chowk RRAG BAJAJ -7678440243 • Bhajan Pura RRAG BAJAJ 7678440309 • Jhilmil RRAG BAJAJ 9289303905 • WEST DELHI: Dwarka JSB BAJAJ 8882210730 • Uttam Nagar, Metro Pillar No. 753 JSB BAJAJ 8882212366 • Tilak Nagar, Metro Pillar No. 533 JSB BAJAJ 7827786351; RAJAPURI - 8882212339; • Raja Garden SWADESHI BAJAJ 40044444 /9210600907 • SOUTH DELHI: Khanpur GURU NANAK BAJAJ 9899140708, 9654561373 • Pul Prahladpur GURU NANAK BAJAJ 8851652946 • Okhla -Phase-II MADHUR BAJAJ 9289906219/8447431069 • Adchini-Aurbindo Marg MADHUR BAJAJ 9560208232 • Lajpat Nagar , Near Jal vihar Circle -MADHUR BAJAJ 9319198612 • Ayanagar -MADHUR BAJAJ 9319198611 * HARYANA: Gurgaon: JSB Bajaj :New Rly. Road: 7827786356; Sector 14 : 8882212365; Chakarpur: 8860099986; Manesar 7827786362: Pataudi 7827786354; ; Khandsa Road: 9355979205, Islampur : 9355979216; Sohna Road: 9355908502, 7838774480; Basai: 9218039153; Badshahpur: 9218039152; Wazirabad: 9355908530; Sec 18: 8860099943; Rewari: JSB Bajaj: Rewari - Delhi Rd 8295823621/9024761376 Faridabad: NIT,Railway Road :- GREEN BAJAJ 0129 -4036666, 9891020209 Old Faridabad Chowk 80764 05186; Bata Chowk 9873660066 ,Neharpar/ Kheri 9958273030, Pyali Chowk/Dabua - 99582 82112 • Ballabgarh: ARORA BAJAJ BALLABGARH: 7503000974/75 GAUNCHHI: 9069111729 VILL. TIGAON: 9873000517; SIKRI: 8178008100. • Palwal: VIDYA BAJAJ 9416636037, 01275-259233.• UTTAR PRADESH • Ghaziabad: SHIVA BAJAJ 8595167770 • Hapur: SHIVA BAJAJ 9760030028 • NOIDA SEC 6: SKYLINE BAJAJ 7065000365 • Noida SEC 63 KAY DEE BAJAJ 8750044099 • Greater Noida SKYLINE BAJAJ 7065000365 • Sahibabad: SHIVA BAJAJ 9311590335 • Meerut: • Pallavpuram BIKE ZONE BAJAJ 8527586748 Delhi Road: VIJETA BAJAJ 7302255106 • HARYANA Gurgaon: JSB Bajaj :New Rly. Road: 7827786356; Sector 14 : 8882212365; Chakarpur: 8860099986; Manesar 7827786362: Pataudi 7827786354; ; Khandsa Road: 9355979205, Islampur : 9355979216; Sohna Road: 9355908502, 7838774480; Basai: 9218039153; Badshahpur: 9218039152; Wazirabad: 9355908530; Sec 18: 8860099943; Rewari: JSB Bajaj: Rewari - Delhi Rd 8295823621/9024761376 Faridabad: NIT,Railway Road :- GREEN BAJAJ 0129 -4036666, 9891020209 Old Faridabad Chowk 80764 05186; Bata Chowk 9873660066 ,Neharpar/ Kheri 9958273030, Pyali Chowk/Dabua - 99582 82112 • Ballabgarh: ARORA BAJAJ BALLABGARH: 7503000974/75 GAUNCHHI: 9069111729 VILL. TIGAON: 9873000517; SIKRI: 8178008100. • Palwal: VIDYA BAJAJ 9416636037 01275-259233.

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 29-01-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP2 User: cci Time: 01-28-2026 22:48 Color:

अजित समेत 5 की क्रैश में मौत

एक थे 'दादा'

विस्फोट इतना जोरदार था कि कोई कुछ नहीं कर सका।

प्रत्यक्षदर्शी बोले, चक्कर काटकर क्रैश हुआ विमान



All Photo Agency/TOI

■ पीटीआई, बारामती/मुंबई

'जब विमान नीचे आ रहा था, तो 100 फीट ऊपर से ही लगने लगा कि ये क्रैश हो जाएगा।...विमान रनवे के करीब आकर वापस हवा में गया और चक्कर लगाते हुए गिर गया।' महाराष्ट्र के बारामती एयरपोर्ट के पास मौजूद चश्मदीदों ने ये बातें कहीं। इसी विमान हादसे में महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार समेत 5 लोगों की मौत हो गई। पवार ने मुंबई से सुबह 8 बजे मिड साइज के चार्टर्ड जेट Learjet-45 से बारामती के लिए उड़ान भरी थी।

इस हादसे की गवाह रही एक महिला ने बताया कि पुणे जिले के बारामती के पास उतरते समय विमान हवा में थोड़ा अस्थिर प्रतीत हो रहा था। हादसे के बाद इसमें विस्फोट हुआ था। हादसे का CCTV विडियो भी आया है। इसमें विमान तो नहीं दिख रहा है, क्रैश के बाद आसमान तक उठा आग का गोला और काले धुएं का गुबार दिख रहा है। घटनास्थल से कुछ किलोमीटर दूर हाइवे किनारे के CCTV में यह विडियो रिकॉर्ड हुआ है। बताते हैं, जमीन पर विमान के टकराने के तुरंत बाद बड़ा धमाका हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने धमाके की एक से अधिक आवाजें सुनीं।

घटना के प्रत्यक्षदर्शी रहे एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि हादसे के बाद विमान में आग लग गई और लगातार चार से पांच विस्फोट हुए। महिला ने बताया कि विमान के कई हिस्से हवा में उड़ाने। मलबे का कुछ हिस्सा उनके घर के पास भी गिरा। विमान नीचे गिरने से पहले एक तरफ झुक गया था। हमने विस्फोट देखा और यह बहुत भयावह था।

एक अन्य ने बताया कि लग रहा था कि उतरते समय विमान बेकाबू हो गया था। हादसे के बाद विमान में लगी आग बहुत भीषण थी। बाद में हमें पता चला कि अजित पवार विमान में सवार थे। यह हमारे लिए चौंकाने वाली बात थी।

लोगों ने कहा, हादसे के बाद विमान में कई धमाके

चश्मे और घड़ी से पहचाना

प्रत्यक्षदर्शी महिला ने बताया, विमान में विस्फोट इतना जोरदार था कि कोई भी कुछ नहीं कर सका। रेस्क्यू टीम और पुलिस भी आई और उन्होंने हमसे पानी लाने को कहा। हमने कंबल दिया और उसमें अजित पवार का शव लपेटकर रखा गया। करीब आधे घंटे आग सुलगती रही। चश्मे और घड़ी से हमने पहचाना कि ये अजित दादा ही है।

पहली कोशिश फेल

पायलटों ने विजिबिलिटी कम बताई, बारामती के रनवे-11 पर लैंडिंग की कोशिश, लेकिन रनवे नहीं दिखा।

दूसरी कोशिश

ATC से लैंडिंग क्लियरेंस के बाद दूसरी बार विमान ने आना शुरू किया, पायलट ने कहा कि रनवे दिख रहा है। लैंडिंग की अनुमति मिली, लेकिन पायलट ने अनुमति को दोहराकर कन्फर्म नहीं किया।

रनवे से पहले पलटा

विमान का संपर्क टूट गया। विमान ने लोकेशन और स्पीड बताने वाले सिग्नल भेजना बंद किया, जमीन छूने से पहले ही प्लेन रनवे से 100 मीटर पहले ही जमीन से टकराया, उस समय 8:44 बजे थे।

दोनों पायलट, फ्लाइट अटेंडेंट, PSO की भी मौत

कैप्टन सुमित कपूर

विमान कैप्टन सुमित कपूर उड़ा रहे थे। वह पायलट-इन-कमांड थे। उन्हें 16,500 से अधिक घंटों की उड़ान का अनुभव था। वह

बिजनेस जेट उड़ाने में माहिर माने जाते थे और अपने पेशे में अनुभवी और भरोसेमंद पायलट के रूप में पहचाने जाते थे। कैप्टन कपूर ने कई वर्षों तक अलग-अलग तरह के विमानों को उड़ाया था और ऑपरेशनल मामलों में उनकी समझ मजबूत थी।

कैप्टन शांभवी पाठक

विमान में को-पायलट की भूमिका में कैप्टन शांभवी पाठक थीं। उन्हें 1500 घंटों की उड़ान का अनुभव था। मात्र 25 वर्ष में वह एविएशन में नाम बना चुकी थीं। उनकी शुरुआती पढ़ाई दिल्ली के एयरफोर्स बालभारती स्कूल से हुई। शांभवी का परिवार दिल्ली के सफदरजंग एन्क्लेव में है। शादी की बात चल रही थी।

फ्लाइट अटेंडेंट पिंकी माली

यूपी के जौनपुर की पिंकी माली विमान में क्रू मेंबर फ्लाइट अटेंडेंट तैनात थीं। पिता शिवकुमार माली ने नम आंखों से बताया कि हादसे से एक रात पहले पिंकी का कॉल आया था। वह कह रही थीं - पापा, अब अजित दादा पवार के साथ बारामती जा रही हूं।

PSO विदिप जाधव

क्रैश हुए विमान में अजित पवार के PSO (बॉडीगार्ड) विदीप दिलीप जाधव भी थे। कुछ समय से डिप्टी सीएम अजीत पवार की सुरक्षा टीम में तैनात थे। अजित के दौरे हों या जनसभाएं जाधव हमेशा अपनी सुरक्षा जिम्मेदारियों को बखूबी निभाते थे। पत्नी एक दिन पहले किसी काम से मायके गई थीं और बुजुर्ग मां से विदिप ने ड्यूटी पर निकलते वक्त बस इतना कहा, शाम तक लौट आऊंगा।



पायलट की चूक, तकनीकी खराबी या फिर GPS स्पूफिंग

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: प्लेन क्रैश की जांच एयरक्राफ्ट एक्सिडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (AAIB) ने शुरू कर दी है। हैदराबाद के 'विंग्स इंडिया शो' से AAIB के डीजी सीधे घटनास्थल पहुंचे। फॉरेंसिक टीम भी पहुंची। हादसे से पहले क्या हुआ था? इसकी काफी हद तक जानकारी विमान के ब्लैक बॉक्स से मिलेगी। कई सवाल उठ रहे हैं। नागर विमानन मंत्रालय का कहना है कि जांच के बाद ही पता लग सकेगा कि क्रैश के क्या कारण रहे।

क्रैश से पहले पायलट को नहीं दिखा था रनवे: हादसे से पहले पायलट को बारामती एयरपोर्ट का रनवे नंबर-11 नहीं दिख रहा था। इसकी जानकारी पायलट ने एटीसी को दी थी। लैंडिंग की पहली कोशिश नाकाम रही थी। पायलट जब दूसरी बार विमान लैंड कराने की कोशिश कर रहे थे तो क्रैश हो गया। जानकारों का कहना है कि ऐसा शक नहीं कि पायलटों की कोई गलती रही होगी।

इंजन फेल, खामी, स्पूफिंग या साजिश: कई कहानियां सामने आ रही हैं। इसमें पायलट की गलती या चूक, प्लेन का इंजन फेल होना, कोई तकनीकी खामी, GPS स्पूफिंग जैसे साइबर अटैक या फिर कोई साजिश...कई सवाल उठ रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि जब तक जांच पूरी न हो जाए। कुछ नहीं कहा जा सकता। हर एंगल से जांच की जाएगी। लैंडिंग के वक्त पायलट ने रनवे न दिखने की बात कही थी, जबकि विजिबिलिटी अच्छी थी। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर पायलट को रनवे क्यों नहीं दिख रहा था। क्या, प्लेन के इंटरनल सिस्टम में खराबी आई या फिर कोई साइबर अटैक हुआ?

प्लेन रनवे नंबर-11 पर लैंड ही नहीं हुआ

फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट असोसिएशन (FIP) के प्रेजिडेंट सीएस रधवा का कहना है कि जब प्लेन क्रैश हुआ, उस वक्त भी वह रनवे नंबर-11 को अप्रोच नहीं कर रहा था। मतलब साफ है कि उस वक्त भी पायलटों को रनवे की स्थिति क्लियर नहीं थी। लगता है कि पायलट को विजिबिलिटी संबंधी समस्या थी या फिर प्लेन के रेडार रनवे को अप्रोच नहीं कर पाए। पायलट को रनवे क्यों नहीं दिख या उसे लगा कि रनवे पर लैंड कर रहा है

मोबाइल वैन से ATC

बारामती एयरपोर्ट पर ATC टावर नहीं है। यहां मोबाइल वैन पर लगे रेडार से ATC का काम होता है। यह वैन लैंडिंग और टेकऑफ के वक्त पुणे एटीसी से कोऑर्डिनेट करते हुए विमानों को ऑपरेट करती है। संभव है कि इस वैन में बैठे अधिकारी प्लेन की लैंडिंग के दौरान चीजों को ठीक से समझ ही न पाए हों और प्लेन को लैंड करने के आदेश दे दिए गए हों।

जब टूटा संपर्क

यह विमान जब दूसरी बार लैंड करने का प्रयास कर रहा था, तब 2600 फुट की हाइट पर इसका संपर्क ATC से टूट गया था। इसके बाद प्लेन क्रैश हो गया। डीजीसीए का कहना है कि प्लेन के पायलट ने बुधवार सुबह 8:18 पर बारामती से संपर्क किया। पुणे से लैंडिंग मंजूरी के वक्त बताया गया कि हवाएं शांत हैं, विजिबिलिटी 3000 मीटर है।

अंतिम बार पायलट ने क्या कहा था

पायलट ने ATC से अंतिम बार कहा था कि रनवे दिखाई नहीं दे रहा है। कुछ सेकंड बाद ही पायलट ने बताया कि रनवे दिख रहा है। इसके बाद सुबह 8:43 बजे रनवे 11 पर लैंडिंग की अनुमति दी गई। लेकिन पायलट ने एटीसी को जवाब नहीं दिया। फिर एक मिनट बाद ही 8:44 बजे रनवे 11 के थ्रेशहोल्ड के पास प्लेन क्रैश हो गया।

शोक में डूबे नेता, याद किया योगदान

अजित पवार ने साढ़े तीन दशकों में जिस प्रकार महाराष्ट्र के हर वर्ग के कल्याण के लिए खुद को समर्पित किया, उसे शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकते। उनका जाना NDA परिवार के साथ ही व्यक्तिगत क्षति है। *-अमित शाह*

अच्छा मित्र खो दिया है। अजित के साथ बेहद करीब से काम करने के बाद यह विश्वास कर पाना मुश्किल हो रहा है कि वह अब हमारे बीच नहीं रहे। *-देवेंद्र फडणवीस, महाराष्ट्र के सीएम*

इस घटना की जांच होनी चाहिए, जिससे कि ऐसा फिर न हो। यह महाराष्ट्र के लिए दुखद दिन है। अजित दादा अपनी बात के पक्के थे। जब मैं सीएम था और वह डिप्टी थे, तो हमने टीम के रूप में काम किया। *-एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम महाराष्ट्र*

अजित खुले दिल के थे। बेबाक राय रखते थे। वह किसी से लंबे समय तक वैर नहीं रखते थे। अजित पवार ने भले ही राजनीति में अलग राह चुनी, लेकिन उन्होंने हमारे रिश्ते को टूटने नहीं दिया। *-उद्धव ठाकरे (शिवसेना यूबीटी)*

'महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और उनके सहयात्रियों के निधन का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। इस शोक के पल में महाराष्ट्र की जनता के साथ हूं। इस दुख की घड़ी में संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। *-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता*

उठे रहे सवाल | जवाब भी मिले

विमान कंपनी के मालिक ने कहा, रनवे नहीं दिखा होगा

पीटीआई, मुंबई: अजित पवार को लेकर बारामती जा रहा विमान दिल्ली की कंपनी वीएसआर एविएशन (VSR Aviation) का लियर जेट (Learjet 45) था। इस कंपनी के मालिक डी.के. सिंह ने कहा कि संभवतः पायलट को रनवे दिखाई नहीं दिया होगा। दोनों पायलट अनुभवी थे। विमान भी बेहद अच्छी हालत में था। साल 2023 में मुंबई हवाई अड्डे पर अपनी कंपनी विमान हादसे पर कहा कि बारिश हो रही थी। विजिबिलिटी कम थी। विमान फिसल गया था।

यह हादसा है, इसमें कोई राजनीति न हो: शरद पवार

पीटीआई, पुणे: एनसीपी (एसपी) के प्रमुख और अजित पवार के चाचा शरद पवार ने साफ कहा कि अजित पवार और चार अन्य लोगों को ले जा रहे विमान का दुर्घटनाग्रस्त होना हादसा था। इसे राजनीतिक रंग न दिया जाए। घटना से दुखी शरद ने कहा कि अजित की मौत महाराष्ट्र के लिए सदमा है, जिसने मेहनती और कुशल नेता खो दिया है। महाराष्ट्र ने ऐसा नेतृत्व खोया जिसकी भरपाई नहीं हो सकती। यह पार्टी का नहीं, राज्य का नुकसान है।

ममता ने कहा, जांच SC की निगरानी में हो

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार से जुड़े विमान हादसे पर दुख जताते हुए जांच की मांग की। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख बनर्जी ने कहा कि यह जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में होनी चाहिए। हमें सिर्फ सुप्रीम कोर्ट पर भरोसा है। बाकी सभी एजेंसियां पूरी तरह से भ्रष्ट हो चुकी हैं। ममता ने संकेत दिया कि अजित चाचा शरद की NCP में लौटने वाले थे।

ममता की मांग पर खड़गे और अखिलेश ने दिया साथ

महाराष्ट्र की राजनीति के 'दादा' थे अजित पवार

पूरे राज्य में थी धमक, लोग कहते थे- सरकार कोई हो 'डिप्टी' सीएम छोटे पवार होंगे

Brijesh.Tripathi@timesofindia.com

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : महाराष्ट्र में 'दादा' मतलब बड़ा भाई और इस राज्य की राजनीति में 'दादा' मतलब अजित पवार होता था। वर्ष 1982 में शुगर फैक्ट्री बोर्ड से राजनीति की शुरुआत करने वाले अजित पवार रिकॉर्ड 6 बार इस राज्य के उपमुख्यमंत्री बने। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि महाराष्ट्र की राजनीति में उनका क्या कद था। मुंबई में पत्रकारों के बीच एक बात कही जाती थी कि सरकार किसी की भी हो ' उपमुख्यमंत्री तो अजित दादा ही बनेंगे।

एनसीपी के एक नेता ने बताया कि वर्ष 1999 में बारामती में शरद पवार, पीए संगमा और तारिक अनवर बैठे थे और वह निर्णय नहीं कर पा रहे थे कि कांग्रेस से अलग होना है या नहीं। तब शरद पवार ने अजित से पूछा कि क्या करना चाहिए और उन्होंने पूरे विश्वास के साथ कहा था कि देश हित में हमें कांग्रेस से अलग हो जाना चाहिए। एनसीपी के गठन में दादा की महत्वपूर्ण भूमिका थी।

शरद पवार की छत्रछाया में राजनीति का ककहरा सीखने वाले अजित पवार दो दशकों में महाराष्ट्र की राजनीति में एनसीपी के सबसे प्रभावशाली नेता के रूप में उभरे थे। तेज फैसले, सुबह से रात तक काम करने की शैली, जनता दरबार और प्रशासन पर मजबूत पकड़ ने उन्हें महाराष्ट्र की राजनीति का दादा बना दिया था। मंत्रालय में अफसर भी अजित पवार की कार्यशैली से परिचित थे। अक्सर दादा कहते थे कि अगर आदेश दिया गया है तो कोई अधिकारी रुमे नजरअंदाज नहीं कर सकता, यह मुझे बिलकुल पसंद नहीं है।

1991 में पहली बार लोकसभा सदस्य बने अजित पवार को केंद्र की राजनीति रास नहीं आई। उसी साल 1991 में विधानसभा पहुंचे अजित दादा आखिरी समय 2026 तक बिना हारे बारामती से विधायक रहे। पहली बार विधायक बने दादा को राज्यमंत्री बनाया गया और 1999 में पहली बार राज्य में कैबिनेट मंत्री बने। 11 नवंबर 2010 को पृथ्वीराज चव्हाण सरकार में उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री बने और 2014 तक रहे। फिर 2019 में चाचा शरद पवार से बगावत कर देवेंद्र फडणवीस के साथ 3 दिन के उपमुख्यमंत्री बने। उद्धव ठाकरे सरकार में भी उपमुख्यमंत्री का पद अजित पवार के पास आया। तब कहा जाता था कि सरकार अजित चलाते थे। उद्धव सरकार गिरने के बाद उन्होंने विधानसभा में नेता विपक्ष की जिम्मेदारी निभाई। फिर 2023 में बगावत कर एनसीपी हथियाने के बाद वह एनडीए में शामिल हो गए।

अजित पवार के निधन के बाद उनकी बहन सुप्रिया सुले फूट-फूटकर रोईं।

महाराष्ट्र के सामने है चुनौतियों का पहाड़

Vijay.Pandey1@timesofindia.com

■ महाराष्ट्र का 11 बार बजट पेश कर चुके अजित पवार के निधन से अगले महीने शुरू होने वाले बजट सत्र से पहले सरकार के सामने बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। राज्य को बेहद अनुशासित अजित दादा जैसे दमदार नेतृत्व की कमी खलेगी।

नए वित्त मंत्री की होगी नियुक्ति: एकनाथ शिंदे के मुख्यमंत्री काल में फडणवीस के पास क्रमशः उपमुख्यमंत्री गृह और वित्त दोनों विभाग थे। अजित पवार के शामिल होने के बाद उनका पसंदीदा वित्त मंत्रालय उन्हें सौंपा गया। अब महाराष्ट्र सरकार को नए वित्त मंत्री की नियुक्ति करनी होगी।

चुनौतियों का पहाड़

राज्य पर पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले करीब 1.5 लाख करोड़ का कर्ज बढ़ चुका है। ऐसे में, नए वित्त मंत्री के सामने खर्च को नियंत्रण करने के साथ ही कमाई के नए स्रोत खोजने की भी चुनौती होगी।

पहले भी ऐसे हादसों में देश ने बड़ी हस्तियों को गंवाया

1966 — होमी भाभा: देश के टॉप वैज्ञानिक होमी जहांगीर भाभा का विमान 24 जनवरी 1966 को यूरोपी पर्वत माला 'रिवास आल्पस' में क्रैश हुआ था।

1980 — संजय गांधी: पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के बेटे संजय गांधी की 23 जून 1980 को दिल्ली में प्लेन क्रैश में जान गई थी।

2001 — माधवराव सिंधिया: कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री माधवराव सिंधिया के विमान में 30 सितंबर 2001 को यूपी के मैनपुरी जिले में हादसा हुआ।

2002 — जी एम सी बालयोगी: लोकसभा अध्यक्ष रहे व TDP नेता जी एम सी बालयोगी की मौत 3 मार्च 2002 को हेलिकॉप्टर हादसे में हुई।

2004 — सिप्रियन सांगा: मेघालय के ग्रामीण विकास मंत्री सिप्रियन सांगा और 9 अन्य की हेलिकॉप्टर हादसे में मौत हुई। शिलॉन्ग के पास 22 सितंबर 2004 को हादसा।

2004 — के एस सौम्या: दक्षिण भारत की ऐक्ट्रेस सौंदर्या (के. एस. सौम्या) की मौत 17 अप्रैल 2004 को विमान हादसे में हुई, वह करीमनगर जा रही थी।

2005 — ओ पी जिंदल और सुरेंद्र सिंह: हरियाणा के पूर्व मंत्री ओम प्रकाश जिंदल और कृषि मंत्री सुरेंद्र सिंह की 2005 में हेलिकॉप्टर दुर्घटना में मौत।

2009 — वाई. एस. राजशेखर रेड्डी: आंध्र के सीएम वाई. एस. राजशेखर रेड्डी की हेलिकॉप्टर हादसे में 2 सितंबर 2009 को जान गई थी।

2011 — दोरजी खांडू: अरुणाचल के तत्कालीन सीएम दोरजी खांडू समेत 5 की चीन सीमा के पास 30 अप्रैल 2011 को हुए चॉपर हादसे में मौत हुई थी।

2021 — CDS बिपिन रावत: भारत के पहले CDS जनरल बिपिन रावत का 8 दिसंबर 2021 को तमिलनाडु में हेलिकॉप्टर हादसे में निधन हुआ था।

2025 — विजय रुपाणी: एयर इंडिया का विमान क्रैश। इस हादसे में 241 लोगों की मौत हुई, जिनमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी के बड़े नेता विजय रुपाणी भी थे।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 29-01-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP3 User: cci Time: 01-28-2026 22:08 Color:

महानगर में आज



अहसास-ए-कलाम
इंडिया इंटरनैशनल सेंटर में सांस्कृतिक प्रस्तुति 'अहसास-ए-कलाम और पश्म', मेन आर्ट गैलरी, सेकंड फ्लोर, कमला देवी कॉम्प्लेक्स, लोदी रोड, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। कमर डागर की सोलो कैलिग्राफी एग्जिबिशन का आनंद आज लिया जा सकता है। कलाकारा मनीषा गावड़े इस शो की क्यूरेटर हैं।

कहानियों के रंग
इंडिया हैबिटेट सेंटर में आर्ट एग्जिबिशन 'पैलेट ऑफ स्टोरीज', कन्वेंशन सेंटर फॉइअर, लोदी रोड, सुबह 11 बजे से शाम 8 बजे तक। धीरेन शासमल, गौतम दास और देवश्री शासमल की इस आर्ट एग्जिबिशन का आनंद 30 जनवरी तक लिया जा सकता है।

कलाकारा संग
त्रिवेणी कला संगम में आर्ट एग्जिबिशन 'विद हर हेयर रनिंग वाइल्ड', गैलेरिया नव्या, मंडी हाउस, सुबह 11 बजे से शाम 8 बजे तक। कलाकारा सीमा कोहली की इस एग्जिबिशन संग कला प्रेमी कुछ मास्टरपीस निहार सकते हैं।

सपनों की जगह
इंडिया हैबिटेट सेंटर में आर्ट एग्जिबिशन 'ड्रीम्स, प्लेसेज एंड द स्पेसेज इन बिटवीन' अ सोलो फोटोग्राफी, विजुअल आर्ट्स गैलरी, सुबह 11 से शाम 8 बजे तक। आर्टिस्ट गौतम मनोहर की इस एग्जिबिशन के साथ जिंदगी के कई आयाम तस्वीरों में नजर आएंगे।

सिटी में हो रहे इवेंट्स की जानकारी हमें भेजें nbtreader @timesofindia.com पर

कोर्ट से लेकर मेट्रो स्टेशन तक बम की धमकी से मचा हड़कंप

■ नवीन निश्चल, नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में बुधवार को बम की धमकियों ने सुरक्षा एजेंसियों को दिन भर परेशानी में डाले रखा। अज्ञात कॉलर और ईमेल के जरिए मिली इन सूचनाओं के बाद द्वारका कोर्ट से लेकर मेट्रो स्टेशन तक सघन तलाशी अभियान चलाया गया। हालांकि, विस्तृत जांच के बाद कहीं भी कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली और सभी सूचनाएं फर्जी साबित हुईं।

सुबह करीब 9:56 बजे फायर और पुलिस कंट्रोल रूम को एक कॉल मिली। कॉलर ने दावा किया कि दिल्ली में बम है, लेकिन उसने लोकेशन नहीं बताई और तुरंत अपना फोन स्विच ऑफ कर लिया। इससे पुलिस नंबर ट्रेस नहीं कर पाई।

द्वारका कोर्ट और मेट्रो स्टेशन पर सर्च ऑपरेशन

बम की दूसरी धमकी द्वारका कोर्ट परिसर को मिली, जहां ईमेल के जरिए धमाका करने की चेतावनी दी गई थी। सूचना मिलते ही डीसीपी द्वारका अंकित सिंह की अगुवाई में स्थानीय पुलिस, डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा। घंटों चली तलाशी के बाद सुरक्षा बलों ने परिसर को सुरक्षित घोषित किया। अभी यह तलाशी खत्म ही हुई थी कि शाम को द्वारका मोड़ मेट्रो स्टेशन पर बम होने की सूचना मिली। CISF और दिल्ली पुलिस की टीमों ने मोर्चा संभाला और चप्पे-चप्पे की जांच की। काफी देर तक चले इस ऑपरेशन के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली जब वहां भी कुछ बरामद नहीं हुआ।

हॉक्स कॉल: बम की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सुरक्षा एजेंसियों ने जांच शुरू की

पहले भी मिल चुकी है ऐसी फर्जी कॉल

गौरतलब है कि दिल्ली के स्कूलों, कॉलेजों और सरकारी दफ्तरों को पहले भी इस तरह के फर्जी मेल और कॉल मिलते रहे हैं। पिछले साल ऐसी कई फर्जी कॉल मिली थीं। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि बुधवार को आए इन सूचनाओं का स्रोत क्या था। साइबर यूनिट की टीमें तकनीकी जांच के जरिए आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने लोगों से अपील की है कि वे घबराएं नहीं, लेकिन सतर्क रहें।

'पहलवान' के मर्डर में तीन बदमाश मुठभेड़ में अरेस्ट

पुलिस का दावा- वसीम की हत्या का बदला था 'पहलवान' का मर्डर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

नॉर्थ ईस्ट दिल्ली की गैंगवॉर में अब वसीम हसमत गिरोह की भी एंट्री हो चुकी है। क्राइम ब्रांच की मानें तो 24 जनवरी की रात को इसी गैंग ने समीर उर्फ कम्मू पहलवान की हत्या की थी। यह खुलासा सीलमपुर के रहमान (23), शास्त्री पार्क के आदिल (23) और ब्रह्मपुरी के मोहम्मद अयान (19) को रोहिणी एरिया में मंगलवार रात एक एनकाउंटर में पकड़ने के बाद किया गया है। पुलिस का दावा है कि इन्हें शक था कि कम्मू पहलवान भी हाशिम बाबा गैंग से जुड़ा है और 30 दिसंबर को हुए वसीम मर्डर में उसकी भूमिका थी।

बदमाशों को शक था कि कम्मू पहलवान भी हाशिम बाबा गैंग से जुड़ा हुआ है

डीसीपी (क्राइम) संजीव कुमार के मुताबिक, शास्त्री पार्क में सनसनीखेज मर्डर में वॉन्टेड तीन बदमाशों के 26 जनवरी की रात रोहिणी सेक्टर-28 में आने की सूचना मिली। इंस्पेक्टर मान सिंह और सुंदर गौतम की टीम को रात करीब 11:40 बजे अनमल खां पार्क के करीब एक स्कूटर पर तीनों आते दिखे। रुकने का इशारा किया तो बदमाशों ने गोलियां चला दीं। एसआई वीरेंदर, हेड कॉन्स्टेबल रोहित, रामजस और सिपाही रोबिन ने भी सेल्फ डिफेंस में फायरिंग की। पैरों में गोलियां लगने के बावजूद तीनों बदमाश भागने लगे, लेकिन पुलिस ने उन्हें काबू कर लिया।

आरोपियों से चार ऑटोमैटिक पिस्टल, 11 कारतूस, छह खोल और एक चोरी का स्कूटर रिकवर किए गए। क्राइम ब्रांच ने इनके खिलाफ हत्या का प्रयास और आर्म्स एक्ट समेत कई धाराओं में केस दर्ज कर लिया। इनसे बरामद स्कूटर द्वारका के बिंदापुर से चोरी पाया गया। आरोपी रहमान पर इस साल वेलकम और शास्त्री पार्क में एक-एक आर्म्स एक्ट का केस दर्ज है। पुलिस अफसरों का कहना है कि मृतक कम्मू पहलवान पर भी मर्डर समेत पांच केस थे। वह वसीम मर्डर के आरोपी उसके भतीजों शाकिर और इसलाम उर्फ बॉर्डर का करीबी था।

पुलिस ने इस मामले में एनकाउंटर के बाद तीन बदमाशों को पकड़ा है

कुख्यात था वसीम हसमत

शास्त्री पार्क का घोषित बदमाश वसीम एक वक्त जेबतराश था। इस पर लूट, चोरी और आर्म्स एक्ट समेत 22 केस थे। वह मंडोली जेल में हाशिम के गुर्गों पर ब्लेड से हमला करने के बाद टारगेट पर था। बाबा और उसके गुर्गों को गालियां देते हुए वसीम विडियो वायरल करता था। बाबा गैंग ने 12 जून 2024 की रात वेलकम में इसके पेट में चार गोलियां मारी। जीटीबी अस्पताल में भर्ती हुआ तो वहां भी हत्या के लिए 14 जुलाई 2024 को दो शूटर भेजे, जो गलत पहचान में मरीज रियाजुद्दीन की हत्या कर आए। वसीम का 30 दिसंबर की रात कत्ल हो गया। भले ही भतीजों पर आरोप लगा, लेकिन लॉरेंस बिश्नोई-हाशिम बाबा गैंग ने इसकी जिम्मेदारी ली थी।

युवक को मारा चाकू, दो नाबालिग पकड़े

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: लूटपाट का विरोध करने पर युवक को चाकू मारने वाले दो नाबालिग को मंडावली पुलिस ने पकड़ा है। उनके पास से वारदात में इस्तेमाल स्कूटी भी बरामद किया गया है। फिलहाल दोनों से पूछताछ कर वारदात में शामिल अन्य आरोपियों का पता किया जा रहा है। ईस्ट जिला के DCP अभिषेक धानिया ने बताया कि 27 जनवरी की रात 12:52 बजे मंडावली पुलिस को एलबीएस अस्पताल से सूचना मिली कि एक युवक को चाकू मारा गया है जिसे इमरजेंसी वॉर्ड में भर्ती किया गया है।

बाइक सवार दोस्तों को डंपर ने मारी टक्कर, एक की गई जान

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सोनिया विहार इलाके में नाइट ड्यूटी कर बाइक से वापस आ रहे दो दोस्तों को डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ड्राइवर डंपर समेत मौके से फरार हो गया। दोनों घायलों को जग प्रवेश चंद्र अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां आयुष प्रताप सिंह (26) को मृत घोषित कर दिया जबकि राज कुमार (30) का इलाज चल रहा है। दोनों अमन गार्डन, गाजियाबाद के रहने वाले थे। पुलिस फरार डंपर चालक की तलाश कर रही है।

बुधवार सुबह सोनिया विहार पुश्ता में हुआ हादसा

नॉर्थ ईस्ट जिला के DCP आशीष मिश्रा ने बताया कि बुधवार सुबह 3:20 बजे सोनिया विहार पुलिस को सड़क दुर्घटना की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर जीरो पुश्ता पहुंची जहां यूपी नंबर की बाइक सवार दो लोग घायल अवस्था में मिले। दोनों को तुरंत जेपीसी अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने आयुष प्रताप सिंह को मृत घोषित कर दिया। दूसरे घायल राज कुमार का इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि दोनों जखीरा में गार्ड की नौकरी करते थे।

ट्रिप अधूरी, पैसा लिया पूरा, अब पैसेंजर को देना होगा ₹10 हज़ार का मुआवज़ा

Prachi.Yadav@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** दिल्ली के एक उपभोक्ता आयोग ने ओला कैब्स को यात्री की शिकायत को हल किए बिना उसे अपने आप बंद करने के लिए 'सेवा में भारी कमी' का दोषी ठहराया। जिला उपभोक्ता आयोग ने ऐप बेस्ड कैब सर्विस को निर्देश दिया कि वह यात्री को मानसिक परेशानी देने के लिए 10 हजार का मुआवजा दे।

दिल्ली डिस्ट्रिक्ट कंज्यूमर डिस्प्यूट रिड्रेसल कमीशन (DDCDRC) ने हाल ही में पारित अपने आदेश में कहा कि शिकायतकर्ता ने 13 मार्च, 2023 में दिल्ली से वृंदावन और वृंदावन से दिल्ली तक की एक राउंड ट्रिप के लिए अग्रिम पार्टी यानी ओला कैब्स को 4,797 रुपये का भुगतान किया था, लेकिन यात्रा वृंदावन में ही रोक दी गई, जिससे शिकायतकर्ता अपने परिवार वालों के साथ वहीं फंस गई। चूंकि, कोई और विकल्प नहीं बचा था, इसलिए उन्होंने वृंदावन से किदवई नगर, दिल्ली के लिए 1767/- रुपये में दूसरी कैब बुक की।

प्रेसिडेंट मोनिका ए श्रीवास्तव और मेंबर किरण कौशल के फोरम ने पिछले महीने की 12 तारीख को गीता कॉलोनी की निवासी शीतल राणा की शिकायत पर यह आदेश सुनाया। आयोग ने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा दिखाए गए टिकटों से पता चलता है कि प्रतिवादी (ओला कैब्स) की सेवाओं में बहुत ज्यादा कमी रही है, क्योंकि उसने शिकायतकर्ता द्वारा उठाए गए मुद्दे को हल करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया।

AI Image



उपभोक्ता आयोग का फैसला

आयोग ने कहा, विपक्ष ने शिकायतकर्ता द्वारा की गई शिकायतों को बिना किसी कार्रवाई के 'हल' के रूप में मार्क करके लापरवाही दिखाई है। आयोग उसे उसकी सेवाओं में बहुत ज्यादा कमी का दोषी पाता है और आदेश सुनाए जाने की तारीख से तीन महीने में शिकायतकर्ता को 10,000 रुपये का भुगतान करने का निर्देश देता है।

फटाफट खबरें

हादसे में बाइक सवार की मौत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : डिफेंस कॉलोनी में रिंग रोड पर हुए सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई। जांच में मृतक की पहचान दानिश (29) के रूप में हुई है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, 25 जनवरी की देर रात पीसीआर कॉल मिली कि रिंग रोड पर एक बाइक सवार का एक्सिडेंट हो गया है।

वॉन्टेड को वेस्ट AATS ने दबोचा

■ NBT न्यूज, पश्चिम विहार: पश्चिम विहार वेस्ट थाना के एक मामले में फरार वॉन्टेड को डिस्ट्रिक्ट के AATS की पुलिस टीम ने पकड़ा है। इसे पिछले साल भगोड़ा घोषित किया गया था। आरोपी का नाम राजू है, जो बुराड़ी का रहने वाला है। इंस्पेक्टर मुकेश मीणा की टीम ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद से इसे पकड़ा।

खंभे से टकराई बेकाबू DTC बस

■ NBT न्यूज, नजफगढ़: नजफगढ़ इलाके में मंगलवार रात डीटीसी की एक बस बेकाबू होकर स्ट्रीट लाइट के खंभे से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की खंभा टूटकर नीचे गिर गया और उसकी चपेट में आने से वहां खड़ी एक कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में वहां रेहड़ी लगाने वाला एक शख्स बाल-बाल बच गया। बस रूट नंबर 817 पर चलती है।

चालान के नाम पर ठगे 2.5 लाख

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : लक्ष्मी नगर में रहने वाले एक बुजुर्ग की पत्नी के मोबाइल नंबर पर गाड़ी का चालान आया था। बाद में उनके नंबर पर भी चालान का मैसेज आया। बुजुर्ग ने भेजे गए लिंक को खोल कर अपने क्रेडिट कार्ड से चालान भरा। उसके बाद उनके क्रेडिट कार्ड के अकाउंट से करीब 2.50 लाख रुपये कट गए।

SHO और इंस्पेक्टरों की तय होगी जवाबदेही, बदलेगी ट्रेडिशनल पुलिसिंग

पायलट प्रोजेक्ट के तहत समयपुर बादली और शाहबाद डेयरी थानों में चल रहा ट्रायल | एसएचओ, इंस्पेक्टर (इन्वेस्टिगेशन) और इंस्पेक्टर (लॉ एंड ऑर्डर) को बांटे काम

Vishal.Sharma3 @timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** थानों में SHO समेत तैनात तीन इंस्पेक्टरों की जवाबदेही फिक्स करने के लिए दिल्ली पुलिस का एक पायलट प्रोजेक्ट चल रहा है। इसे आउटर नॉर्थ जिले के डीसीपी हरेश्वर वी स्वामी की तरफ से मौजूदा समय में दो थानों समयपुर बादली और शाहबाद डेयरी में शुरू किया गया है। इसकी वजह से क्राइम कंट्रोल में शानदार रिजल्ट मिले हैं। इसकी रिपोर्ट से खुद पुलिस कमिश्नर सतीश गोलचा व हेडक्वॉर्टर में टॉप अफसरों ने सराहा है। इसे जल्द ही पूरी दिल्ली के थानों में लागू करने का प्लान है। यह जानकारी डीसीपी हरेश्वर वी स्वामी ने दी।

उन्होंने बताया कि थाना लेवल पर ट्रेडिशनल चली आ रही पुलिसिंग में बदलाव के लिए 'ट्रायल रूट' बनाया गया। जिसमें तीनों इंस्पेक्टर की जिम्मेदारी और जवाबदेही फिक्स की गई। SHO को थाना लेवल पर एडमिनिस्ट्रेशन व ओवरऑल सुपरविजन दिया गया है। थाने में तैनात इंस्पेक्टर (इन्वेस्टिगेशन) को सभी केस की जांच से लेकर कोर्ट में चार्जशीट व बाकी कामों की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि इंस्पेक्टर (लॉ एंड ऑर्डर) जिसे पहले एटीओ बोला जाता था, उन्हें थाना एरिया के क्राइम कंट्रोल में लॉ एंड ऑर्डर की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय दी गई है। अब थाने के अंदर स्टाफ को कम करके उन्हें इन्वेस्टिगेशन और लॉ एंड ऑर्डर इंस्पेक्टर के साथ अटैच किया है। करीब 40 पुलिसकर्मी दोनों इंस्पेक्टर को दिए गए। इन्वेस्टिगेशन इंस्पेक्टर से हर सप्ताह केस डिस्पोजल की रिपोर्ट ली जाती है। इससे विक्टिम्स के केस में समय पर कार्रवाई होती है, आरोपियों को सजा। क्योंकि नए कानून में 60 और 90 दिन के अंदर केस के निपटारे का नियम है। अटैच किए गए 40 पुलिसकर्मियों को तीन अलग-अलग शिफ्ट में ड्यूटी पर लगाया जाता है। ताकि वह सौंपे गए काम पर फोकस रख सकें। इसी तरह लॉ एंड ऑर्डर इंस्पेक्टर को अब थाने में रहना अनिवार्य नहीं।

AI Image



सभी थानों में इसके लागू होने की उम्मीद

डीसीपी हरेश्वर वी स्वामी ने बताया कि एसएचओ थाने की एडमिनिस्ट्रेशन और क्राइम सुपरविजन का टास्क दिया गया है। किसी भी पुलिसकर्मी की छुट्टी एप्लीकेशन तभी मंजूर की जाती है, जब उनका रिपोर्टिंग हेड (इंस्पेक्टर) हामी देता है। एक महीने पहले दो थानों में यह पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया था, अब रिजल्ट बढ़िया मिल रहे हैं। संभव है कि जल्द ही पूरी दिल्ली के सभी थानों में खुद पुलिस कमिश्नर सतीश गोलचा इसे लागू करें।

POP के दौरान ऊंचाई से गिरा मजदूर, गई जान

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : मंडावली स्थित तरंग अपार्टमेंट में पीओपी करने के दौरान एक मजदूर ऊंचाई से गिर गया। उन्हें इलाज के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन इलाज के दौरान 26 जनवरी को उसकी मौत हो गई। मजदूर की पहचान गांव बोड़ा अंबेडकर नगर यूपी निवासी गणेश कुमार (43) के रूप में हुई है। फिलहाल मंडावली पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

ईस्ट जिला के डीसीपी अभिषेक धानिया ने बताया कि 25 जनवरी को मंडावली पुलिस को को तरंग अपार्टमेंट में एक घायल शख्स के बारे में सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि दूसरी मंजिल पर पीओपी के दौरान एक मजदूर ऊंचाई से गिर गया है। उसकी पहचान गणेश कुमार के रूप में हुई। पुलिस उसे इलाज के लिए खिचड़ीपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले गई। हालांकि, हालत गंभीर होने के कारण लक्ष्मी नगर स्थित मक्कर अस्पताल में रेफर किया गया। वहां 26 जनवरी को उसकी मौत हो गई।

पुलिस का कहना- जांच के दौरान किसी आपराधिक साजिश के संकेत नहीं मिले

वसंत कुंज नॉर्थ इलाके की घटना

बीड़ी जलाने को लेकर विवाद में युवक की हत्या

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

साउथ-वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के वसंत कुंज नॉर्थ इलाके में बीड़ी जलाने के लिए माचिस की तीली मांगने को लेकर हुए विवाद में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान करण (21) के रूप में हुई है। वह जेजे बंधु कैंप की झुग्गियों में रहते थे। वारदात में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि मंगलवार रात 11:40 पर जेजे बंधु कैंप की झुग्गियों में एक युवक को चाकू मारने की पीसीआर कॉल मिली। वसंत कुंज नॉर्थ पुलिस की टीम को मौके पर भेजा गया। वहां पता चला कि घायल हालत में युवक को फोर्टिस अस्पताल ले जाया गया है। इस बीच अस्पताल से सूचना मिली कि गंभीर हालत में लाए गए युवक को मृत घोषित कर दिया गया है। पुलिस टीम फोर्टिस अस्पताल पहुंची। वहां पता चला कि मृतक का नाम करण था। उसकी गर्दन में चाकू लगा था।

करण के जीजा छत्रपाल ने बताया कि करण उनके साथ ही रहते थे। वह कपड़े बेचते थे। छत्रपाल के अनुसार के मंगलवार रात करण खाना खाने के बाद उनके छोटे भाई रानू के साथ बाहर टहलने के लिए निकले। कुछ देर बाद करण खून से लथपथ हालत में घर के पास आया और नीचे गिर गया। उन्होंने करण को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बारे में पूछे जाने पर पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि केस दर्ज कर लिया है।



करण का फाइल फोटो

बंधु कैंप झुग्गियों में हुआ था विवाद

शुरुआती पूछताछ में सामने आया कि जेजे बंधु कैंप झुग्गियों में करण की बीड़ी जलाने के लिए माचिस की तीली मांगने को लेकर कुछ युवकों से कहासुनी हो गई थी। इस बीच दूसरे पक्ष ने करण की गर्दन पर चाकू से हमला कर दिया।

बिना दरवाजे वाले लिफ्ट से गिरकर मजदूर घायल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: फ्रेंड्स कॉलोनी इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक फैक्ट्री में काम करने के दौरान बिना दरवाजे वाला लिफ्ट अचानक रुक गया जिससे गिरकर वहां पर काम कर रहा एक मजदूर घायल हो गया। उसे जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां हालत गंभीर बनी हुई है। घायल मजदूर की पहचान 40 वर्षीय आनंद के तौर पर हुई है। जीटीबी एनक्लेव पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

जीटीबी अस्पताल में कराया गया भर्ती, हालत गंभीर

पुलिस अधिकारी ने बताया कि 24 जनवरी की शाम को जीटीबी अस्पताल से एक मजदूर को गंभीर हालत में लाए जाने की सूचना मिली थी। अस्पताल में लोनी, गाजियाबाद निवासी सुबोध मिले जो घायल आनंद को अस्पताल में लेकर आए थे। वह भी उनके साथ काम करते हैं। उन्होंने बताया कि फ्रेंड्स कॉलोनी इंडस्ट्रियल एरिया की एक फैक्ट्री में वह लोग काम करते हैं। काम करने के दौरान आनंद लिफ्ट से गिरकर घायल हो गए। पुलिस वाले फैक्ट्री पहुंचे तो वहां सुपरवाइजर अखिलेश मिले। उन्होंने बताया कि आनंद लाइट का सामान लेकर सेकंड फ्लोर से ग्राउंड फ्लोर पर आ रहे थे। तभी अचानक लिफ्ट बीच में रुक गई और आनंद लिफ्ट से नीचे सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

बुजुर्ग की बहादुरी से लुटेरों के हौसले पस्त

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

साउथ-वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के सरोजिनी नगर इलाके में लूटपाट होने पर एनडीएमसी में पंप ऑपरेटर का काम देखने वाले एक बुजुर्ग कर्मचारी तीन बदमाशों से अकेले ही भिड़ गए। इस हमले से घबराए बदमाश बाइक पर बैठकर भाग निकले। साथ ही बुजुर्ग ने बाइक का नंबर नोट कर पुलिस को सौंप दिया। सरोजिनी नगर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार आरके पुरम सेक्टर 13 निवासी मोहर सिंह (60) 26 जनवरी की सुबह ड्यूटी जा रहे थे। एआरटी कॉम्प्लेक्स के पास उनकी बाइक को पीछे से आए तीन बाइक सवार युवकों ने रुकवाया। रुकते ही एक युवक ने चाकू दिखाकर उनसे सब कुछ निकालने के लिए कहा। दूसरे युवक ने उनकी बाइक की चाबी निकाल ली। तीसरा युवक तलाशी लेने आगे बढ़ा। इस बीच मोहर सिंह ने बाइक से उतरकर अपना हेलमेट निकालकर बदमाशों पर हमला कर दिया। इस पर आरोपी भाग गए।

वहीं साउथ कैंपस इलाके में महिला से भी बाइक सवार लुटेरों ने चाकू दिखाकर चेन लूटने की कोशिश की। लेकिन महिला ने बहादुरी का परिचय देते हुए शोर मचा दिया। जिससे बदमाश वारदात किए बिना भाग गए।

दिखाई हिम्मत

- सरोजिनी नगर इलाके में हुई लूट की कोशिश, पुलिस कर रही जांच

दोबारा शादी के बाद भी जारी रहेगी फैमिली पेंशन : दिल्ली हाई कोर्ट

Prachi.Yadav @timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** हाई कोर्ट ने सेंट्रल सिविल सर्विसेज (पेंशन) रूल्स, 1972 के रूल 54 को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया, जो बिना बच्चों वाली विधवा को दोबारा शादी के बाद भी फैमिली पेंशन मिलने रहने के अधिकार से जुड़ा है।

उक्त नियम को कानून के अनुरूप ठहराते हुए जस्टिस अनिल क्षेत्रपाल और जस्टिस अमित महाजन की बेंच ने कहा, ये प्रावधान साफ तौर पर एक स्पष्ट विधायी और कार्यकारी नीति को दिखाते हैं, जिसका मकसद अनुशासित बल (disciplined force) के मृत सदस्य की विधवा को, दोबारा शादी के बाद भी, आर्थिक सुरक्षा देना है, बशर्ते उसकी स्वतंत्र आय तय सीमा से ज्यादा न हो। कोर्ट ने मंगलवार को पारित फैसले में कहा, इस प्रावधान का मकसद विधवाओं को दोबारा शादी के लिए प्रोत्साहित करना है। साथ ही, यह भी सुनिश्चित करना है कि आर्म्ड और पैरामिलिट्री फोर्स के सदस्यों द्वारा पब्लिक ऑर्डर और सामाजिक कल्याण के हित में किए गए बलिदान से उनके सीधे तौर पर आश्रित (मृतक का अपना परिवार) आर्थिक रूप से कमजोर न पड़ें। ऐसा मकसद न केवल वैध है, बल्कि सराहनीय भी है, और नियमों के तहत किए गए वर्गीकरण के साथ इसका सीधा और तर्कसंगत संबंध है।

इन टिप्पणियों के साथ कोर्ट ने स्वर्गीय भीम सिंह के माता-पिता की याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें संबंधित प्रावधान की वैधानिकता को चुनौती दी गई। मृतक CRPF में कॉन्स्टेबल थे, जिनकी 2014 में जम्मू-कश्मीर में बाढ़ के दौरान बचाव अभियान के समय मौत हो गई थी। उनकी मौत के बाद, उनकी विधवा को फैमिली पेंशन दी गई।

दिया आदेश

- बिना बच्चों वाली विधवा के अधिकार से जुड़ा है मामला
- कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा, प्रावधान का मकसद विधवाओं को फिर शादी के लिए प्रोत्साहित करना है

पैसे के विवाद में हुई थी जींस कारोबारी की हत्या

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सीलमपुर इलाके में जींस कारोबारी की हत्या मामले को सुलझाते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जिसकी पहचान डबल स्टोरी, न्यू सीलमपुर निवासी आबिर उर्फ साबिर उर्फ पोपा (42) के तौर पर हुई है। उसके पास से हत्या में इस्तेमाल सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल भी बरामद कर लिया गया है। पूछताछ में पता चला कि मृतक कारोबारी तारिक हसन से आरोपी का पैसे को लेकर पुराना विवाद था। इसी विवाद में आबिर उर्फ साबिर ने गोली मारकर हत्या कर दी। जांच में यह भी पता चला कि आरोपी साबिर पर पूर्व में हत्या के प्रयास, लूट, मारपीट, MCOCA, आर्म्स एक्ट से संबंधित कुल 26 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

खुलासा

- मंगलवार को सीलमपुर में बिरयानी खाते समय मार दी थी गोली
- हत्या में इस्तेमाल पिस्टल बरामद, आरोपी पर दर्ज है 26 आपराधिक मामले

नॉर्थ ईस्ट जिला के DCP आशीष मिश्रा ने बताया कि जींस कारोबारी 38 वर्षीय तारिक हसन परिवार के साथ दयालपुर स्थित चांद बाग इलाके में रहते थे। उनका करोल बाग में जींस का बड़ा कारोबार है। मंगलवार को वह अपने दोस्तों के साथ दोपहर करीब 3 बजे K ब्लॉक, सीलमपुर बिरयानी खाने गए थे। तभी किसी ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी।

जींद में ट्रकों की भीषण टक्कर, ड्राइवर की मौत



टोल प्लाजा पर ट्रक की रफ्तार धीमी होने पर पीछे आ रहा ट्रक टकराया

■ NBT न्यूज, जींद

जुलाना के किलाजफरगढ़ गांव के पास एनएच-152डी पर मंगलवार की रात सड़क हादसे में दो ट्रकों की आपस में टक्कर हो गई। पीछे से आ रहे ट्रक के ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। ट्रैफिक को नियंत्रित किया।

पुलिस ने बुधवार को बताया कि मंगलवार की रात राजस्थान से पंजाब की ओर जा रहा एक ट्रक किलाजफरगढ़ टोल प्लाजा के पास पहुंचा। ड्राइवर ने ट्रक की रफ्तार धीमी कर दी। इसी दौरान पीछे से तेज गति में आ रहे दूसरे ट्रक ने पहले ट्रक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पीछे वाले ट्रक के केबिन के परखच्चे उड़ गए।

कैथल में पेड़ से भिड़ी कार, एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

■ NBT न्यूज, कैथल

नैशनल हाइवे 152डी के पास कुरुक्षेत्र रोड पर मंगलवार की देर रात हुए हादसे में पिता-पुत्र और माता की मौत हो गई। कार के आगे अचानक पशु आने से गाड़ी अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने घायलों को शीशे तोड़कर बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। कार में चार लोग सवार थे। मृतकों के अलावा दंपति का 19 वर्षीय हनुमंत भी कार में सवार था। उसे चोटें आई हैं। उसका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। मारे गए लोगों में चिरंजीव कॉलोनी के देवराज, उसकी पत्नी उषा और बेटा सचिन शामिल हैं।

चिरंजीव कॉलोनी के राजीव ने बुधवार को बताया कि उनके पिता देवराज का शाहबाद के एक अस्पताल में टांगों में सूजन की बीमारी का इलाज चल रहा था। 15 दिन से दाखिल थे। मंगलवार शाम को ही अस्पताल से छुट्टी मिली थी। सचिन उन्हें लेने गया था। साथ में मां और हनुमंत भी था। वैगनआर कार में कुल चार लोग सवार थे। उन्हें करीब साढ़े 11 बजे के आसपास घटना की सूचना मिली थी। बताया जा रहा है कि जब कार नैशनल हाइवे 152 के नजदीक पहुंची, तो कार के आगे पशु आने से दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। परिजनों ने बताया कि परिवार में पांच फरवरी को लड़की की शादी थी।

सदर थाना प्रभारी रमेश चंद्र ने बताया कि चिरंजीव कॉलोनी के देवराज शाहबाद से अपने परिवार के तीन अन्य सदस्यों के साथ लौट रहे थे। देर रात को यह हादसा हुआ।

अचानक पशु आने से गाड़ी अनियंत्रित हो गई और संतुलन बिगड़ गया

- हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने घायलों को शीशे तोड़कर बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।
- दंपति का 19 वर्षीय लड़का हनुमंत कार में सवार था। उसे चोटें आई हैं।
- हादसे में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। 15 फरवरी को लड़की की शादी थी

खाई में कार गिरने से मौत, तीन घायल

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़

पंचकूला के मोरनी पर्यटक स्थल पर बुधवार सुबह थार गाड़ी के खाई में गिरने से हुए हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। सभी युवक थार गाड़ी में सवार होकर घूमने निकले थे। हादसा मांधना गांव के पास हुआ है। थार गाड़ी स्पीड में थी और संतुलन बिगड़ने के कारण खाई में गिर गई। हादसे के बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचित करके खाई में गिरे युवकों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया।

खाई में गिरे युवकों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया।

लोगों ने देखा कि थार की स्पीड बहुत ज्यादा थी और वह संतुलन बिगड़ने से गहरी खाई में जा गिरी। जैसे ही थार खाई में गिरी, तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकालने में जुट गए। तीनों घायलों को तुरंत पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए पुलिस को सूचित किया और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। मृतक की पहचान अभिषेक खत्री के तौर पर हुई है। इसके विवेक, आयुष ठाकुर और लक्षित हादसे में घायल हो गए।

हरियाणा BJP में पैराशूट लैंडिंग पर कसी लगाम

स्क्रीनिंग कमिटी की सिफारिश पर होगी नई जॉइनिग

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़

हरियाणा में बागी नेताओं और दूसरी पार्टियों को छोड़कर आने वाले नेताओं की बीजेपी में सीधे एंट्री नहीं होगी। पार्टी ने नए नेताओं को शामिल करने के लिए प्रदेश और जिला स्तर पर जॉइनिंग कमेटियां बनाई हैं। बीजेपी में शामिल होने के इच्छुक नेताओं को लेकर पहले जिला स्तर की कमिटी स्क्रीनिंग करेगी।

जिला कमिटी प्रदेश समिति के पास अपनी रिपोर्ट भेजेगी। दोनों कमिटियों की सिफारिश और रिपोर्ट के बाद ही दूसरे दलों के नेताओं की बीजेपी में एंट्री संभव हो पाएगी। 2024 के लोकसभा चुनावों के नतीजों और अक्टूबर 2024 में हुए विधानसभा चुनावों के दौरान बीजेपी के कभी कई नेता और कार्यकर्ता पार्टी छोड़कर दूसरे दलों में चले गए थे। सबसे अधिक नेता कांग्रेस में गए थे। उनमें से अधिकांश नेता अब फिर से बीजेपी में आना चाहते हैं।

पार्टी प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली की स्वीकृति के बाद प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया ने कमिटियों की लिस्ट जारी की है। अब इसी के अनुसार काम होगा।

जिला स्तर पर चेयरमैन नियुक्त

प्रदेश में 23 रेवेन्यू जिले हैं, लेकिन बीजेपी ने संगठनात्मक दृष्टि से 27 जिले बनाए हुए हैं। सभी जिलों में जॉइनिंग कमेटियां बनाई गई है। जिला स्तर पर कमेटियों का चेयरमैन जिला प्रभारी बनाया है। वहीं पूर्व व मौजूदा जिलाध्यक्ष इन कमिटियों में बतौर सदस्य शामिल हैं। स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं को ये कमेटियां भी अपने लेवल पर पार्टी में शामिल कर सकेंगी। बड़े नेताओं के मामले प्रदेश कमिटी के पास जाएंगे।

हारी असेंबली सीटें जीतने की कोशिशें अभी से तेज़

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़

हरियाणा में सत्तारूढ़ बीजेपी हारे हुए विधानसभा हलकों में अपने पकड़ को मजबूत करने तथा जीत में बदलने की रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। बीजेपी नेतृत्व ने उन विधायकों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई है, जिन्हें विपक्षी विधायकों के हलकों में प्रभारी लगाया था और उन्होंने अभी तक कोई परफॉर्मेंस नहीं दिखाई।

- बीजेपी की प्रदेश स्तरीय बैठक में 12 विधायकों और मंत्रियों के प्रति नाराजगी दिखाई गई, जिन्होंने अपनी जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभाई है।
- पार्टी ने उन्हें अपनी विधानसभा के साथ-साथ विरोधी दलों के विधायकों की विधानसभाओं में भी सक्रिय रहने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, बीजेपी प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया और प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली की मौजूदगी में मंगलवार को हुई बीजेपी की प्रदेश स्तरीय बैठक में 12 विधायकों और मंत्रियों के प्रति नाराजगी दिखाई गई, जिन्होंने अपनी जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभाई है।

पार्टी प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि पार्टी ने उन्हें अपनी विधानसभा के साथ-साथ विरोधी दलों के विधायकों की विधानसभाओं में भी सक्रिय रहने के निर्देश दिए हैं। राज्य की 90 सदस्यीय विधानसभा में 48 विधायक बीजेपी के हैं और 42 विधायक कांग्रेस, निर्दलीय और आईएनएलडी के हैं। बीजेपी का लक्ष्य उन विधानसभा क्षेत्रों में अभी से पार्टी के लिए माहौल बनाने का है, जहां पार्टी चुनाव जीतने में कामयाब नहीं हो सकी है।

विधायकों को अपने-अपने क्षेत्रों में वीबी-जी राम जी योजना की खूबियां तथा कांग्रेस की ओर से फैलाए भ्रम को दूर करने के लिए [illegible]सम्मेलन करने के निर्देश दिए।

SIR की तैयारी, BJP ने बनाई कमिटी

असंध के विधायक योगेंद्र राणा की अगुवाई में काम करेगी

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़

हरियाणा में भी चुनाव आयोग द्वारा मतदाताओं का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) होने के संकेत मिलने शुरू हो गए हैं। प्रदेश में मतदाता सूचियों के मिलान के दौरान 29 लाख के लगभग मतदाताओं को संदिग्ध श्रेणी में डाला गया है। बीजेपी ने बुधवार को एसआईआर को लेकर प्रदेश स्तरीय कमिटी बनाई है।

मतदाता सूचियों के मिलान के दौरान 29 लाख मतदाताओं को संदिग्ध श्रेणी में डाला गया

असंध विधायक योगेंद्र राणा की अध्यक्षता में बनाई गई पांच सदस्यीय कमिटी में प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, रेवाड़ी विधायक लक्ष्मण यादव, पूर्व प्रदेश सचिव मनीष यादव और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुलेखा डिडवाड़ा को बतौर सदस्य शामिल किया है। यह कमिटी एसआईआर के संचालन के समय आने वाली किसी भी समस्या का समाधान करने में अहम भूमिका निभाएगी।



बिहार के विधानसभा चुनावों से पहले वहां हुए एसआईआर का विपक्षी दलों ने डटकर विरोध किया था। अक्टूबर 2024 के हरियाणा विधानसभा चुनावों में बीजेपी की सरकार तीसरी बार बनने के बाद कांग्रेस ने वोट चोरी और ईवीएम में धांधली के आरोप लगाए। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी 'एच फाइल्स' के जरिए आरोप लगा चुके हैं कि हरियाणा में 25 लाख से अधिक फर्जी वोटर हैं।

पब्लिक से चर्चा करेगी बजट टोली

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने एसआईआर कमिटी के साथ-साथ प्रदेश बजट टोली भी बनाई है। पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता की अध्यक्षता में बनाई गई इस कमिटी में पूर्व वित्त मंत्री जयप्रकाश दलाल, शामिल किया है। यह कमिटी हरियाणा के वार्षिक बजट पर आम लोगों से बातचीत करेगी।

मुरथल के ढाबों पर सख्त नज़र

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़ : हरियाणा सरकार ने मुरथल के ढाबों पर सख्ती करने का फैसला लिया है। मुरथल अंबाला-दिल्ली हाइवे पर स्थित है और यहां के पराठे काफी मशहूर हैं। ढाबों में रोज करोड़ों रुपये का कारोबार होता है। लेकिन लंबे समय से यहां नियमों के उल्लंघन की शिकायतें मिल रही थीं। हरियाणा के वन एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने बुधवार को ढाबे के मैनेजरों और मालिकों को साफ कहा है कि उन्हें केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और नैशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के सभी नियमों का पालन करना होगा। खास तौर पर पानी की बचत और गंदे पानी के सही निपटान के लिए सभी ढाबों में एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) और सीटीपी (कॉमन ट्रीटमेंट प्लांट) लगाना जरूरी होगा।

HERMITAGE
Hermitage Condominium Association
Sector-103, Gurugram-122006 (Haryana)
TENDER NOTICE
Invites sealed tenders from experienced, eligible, and reputed specialized contractors for carrying out Civil Repairs, Repainting, and Allied Works at the society premises.
Details:
• Name of Work: Civil Repairs, Repainting and Allied Works
• Tender Document Sale Period: 01.02.2026 to 15.02.2026
• Mode of Procurement: Tender documents can be obtained at maintenance office
• Eligibility: Contractors with proven experience in similar works
• Submission: Sealed bids to be submitted as per tender terms and conditions
For further details, clarification, and tender document request, interested contractors may contact the Society Office.
Contact No.: 01247177830, 9958016023
The Association reserves the right to reject any or all tenders without assigning any reason.
By Order of :
Hermitage Condominium Association

पुलिस मुठभेड़ में तीन गिरफ्तार, ट्रांसपोर्टर को मारी थी गोली

■ NBT न्यूज, पानीपत

पानीपत के बहुचर्चित ट्रांसपोर्टर सी. सुब्रमण्यम फायरिंग मामले में बुधवार सुबह पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस टीम ने इनके तीसरे साथी को भी गिरफ्तार कर लिया। दोनों घायल बदमाशों को पानीपत के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस की गोलियां दो बदमाशों के पैरों में लगीं, जिससे वे मौके पर ही गिर पड़े।

पुलिस ने बुधवार को बताया कि 24 जनवरी को इन बदमाशों ने महराणा गांव में ट्रांसपोर्टर को तीन गोलियां मारी थीं, जिनमें एक गोली सिर और दो गोलियां पेट में लगीं। घायल ट्रांसपोर्टर का प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है। अब पुलिस पता लगा रही है कि इन बदमाशों ने ट्रांसपोर्टर पर हमला क्यों किया। जानकारी के अनुसार, पानीपत CIA-1 और सोनीपत STF की संयुक्त टीम को बदमाशों की मूवमेंट की गुप्त सूचना मिली थी। बुधवार अलसुबह जब पुलिस टीम ने जौंधन खुर्द के रास्ते पर बदमाशों को घेरने की कोशिश की, तो खुद को फंसता देख बदमाशों ने पुलिस पर सीधी फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। पुलिस की गोलियां दो बदमाशों के पैरों में लगी, जिससे वे मौके पर ही गिर पड़े।

AI Image

पुलिस ने बिना देरी किए घेराबंदी कर मौके से कुल तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों के पास से अवैध हथियार और कारतूस भी बरामद हुए हैं। मुठभेड़ में काबू किए गए बदमाशों की पहचान सुनील और प्रिंस के रूप में हुई है। तीसरा नाबालिग है। तीसरे की नाबालिग के रूप में हुई है। मुठभेड़ में आरोपी सुनील व प्रिंस के पैर में गोली लगी। दोनों घायल आरोपियों को पुलिस ने इलाज के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दामाद के सामने ट्रॉले से कुचलकर ससुर की मौत

■ NBT न्यूज, यमुनानगर

जिले के थाना बुड़िया क्षेत्र में बुधवार को दामाद की आंखों के सामने तेज रफ्तार ट्रॉले ने उनके ससुर को कुचल दिया। हादसे में घायल बुजुर्ग को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान लियाकत अली (69 वर्ष) पुत्र बशीर अहमद निवासी गांव कोतरखाना, थाना छप्पर के रूप में हुई है।

बाइक को ट्रॉले ने मारी सामने से टक्कर

पुलिस ने बुधवार को बताया कि लियाकत गांव कनालसी में अपनी बेटी से मिलकर बाइक पर अपने गांव वापस लौट रहा था, इसी दौरान पीछे से ट्रॉले के ड्राइवर ने टक्कर मारकर उसे कुचल दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दामाद की शिकायत पर केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

शिकायतकर्ता साकिब अली ने बताया कि मंगलवार को उनके ससुर लियाकत अली उनके घर कनालसी आए थे। उनके ससुर उसी दिन कहीं जाने के लिए मोटरसाइकिल पर निकले। शिकायतकर्ता भी अपनी बाइक पर उनके पीछे-पीछे सामान लेने जा रहा था। जब वे सनमाइका फैक्ट्री के पास पहुंचे, तो समय ट्रॉले ने उनके ससुर की मोटरसाइकिल को पीछे से सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उनके ससुर सड़क पर गिर गए और ट्रॉले का टायर उनके ऊपर चढ़ गया।

ढाबों और पेट्रोल पंप मालिकों पर मामला दर्ज

■ NBT न्यूज, करनाल : जिले में घरौंडा नैशनल हाइवे पर अवैध कटों को लेकर एनएचएआई ने सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में बुधवार को ढाबों और पैट्रोल पंपों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया है। एनएचएआई की मानें तो इन कटों के कारण हाइवे पर लगातार दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है एनएचएआई की ओर से कई बार इन्हें बंद किया गया, लेकिन ढाबा और पेट्रोल पंप संचालकों ने दोबारा कट खोल दिए।

TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

In Loving Memory of
Late Mrs.Champavati Aggarwal &
Late Dr.Roshanlal Aggarwal
(Pioneers in German Homoeopathic trade in India)
on their 34th Death Anniversary.

DR.RECKEWEG&CO GERMANY
Fondly remembered by family and staff of
Dr.Roshanlal Aggarwal & Sons Pvt.Ltd.
16 Netaji Subash Marg, Daryaganj, New Delhi-110002
Mob: 09810033901

TO BOOK AN OBITUARY AD PLEASE CONTACT
VINOD : 99589 92088 &
PANKAJ : 81306 04727

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES

श्रीमती स्वर्ण अजमानी
द्वितीय पुण्य तिथि
आपकी मधुर स्मृति, स्नेह आदर्श, मार्गदर्शन, आशीर्वाद, हमारे लिए सदैव प्रेरणादायक रहेंगे। आपकी पुण्यतिथि पर समस्त परिवारजन भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। आपका आशीर्वाद एवम् स्नेह सदैव हम सब पर बना रहे।
समस्त परिवार संबंधी एवम मित्रगण

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".
The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.
Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

Publications	Total Outlay
The Times of India (Delhi/NCR)	5,600
TOI+NBT (Delhi/NCR)	8,800
TOI+ET (Delhi/NCR)	6,600

Maximum 10 lines

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES
For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

TIMES interact
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I, Neelam Rani W/o Padam Singh R/o H.No. 900/31, Gali No.3, Near in front of Apna Enclave, Laxman Vihar Phase-1, Gurgaon-122001, inform to change my name from Neelam Rani to Neelam for all purposes.

I, Kavita W/o Ajmer Singh R/o H.No. 286, Gali NO. 4, Om Vihar, Sector-23A, Phase-2, Carterpuri Alias Daulatpur Nasirabad (63), Guragon, Haryana - 122017 have changed my name to Kavita Devi. That Kavita & Kavita Devi both names are of one & same person.

I, Shivangi Anand C/o Sh. Virender Anand R/o B-495, Block-B, Meera Bagh, Outer Ring Road, Paschim Vihar, West Delhi, Delhi-110063 have changed my son's name from Abhimanyu Bharti to Arjun Anand for all future purposes.

मैं, सरिता कौल निगू पत्नी श्री अतुल कौल निवासी 1-27, दूसरी मंजिल, साउथ सिटी 2, सोहना रोड गुरुग्राम, 122018, मैंने अपना नाम सरिता कौल निगू से बदलकर सरिता कौल रख लिया है। अब से मुझे सरिता कौल के नाम से जाना जाए।

I, Tushar S/o Deepender Kumar R/o D-3/14, First Floor, Sector-16, Rohini, Delhi-110089 have changed my name to Tushar Sahay for all future purposes.

I Nitin Kumar Gupta S/o Nemi Chand Gupta R/O H. No 830/22 Gali No 5 Gandhi Nagar Khandsa Road Gurgaon 122001 have changed my name to Nitin Gupta for all purpose

I, Satyam S/o Sh. Deepak Bhardwaj R/o H.No. 212/31, New No-1971, Gali-1, Laxman Vihar Phase-2, Near Radhe Sweets corner, Gurgaon-122001, inform to change my name from Satyam to Satyam Bhardwaj for all purposes.

I, Deepak Kumar S/o Sh. Banwari Lal R/o H.No. 212/31, New No.-1971, Gali-1, Laxman Vihar Phase-2, Near Radhe Sweets corner, Gurgaon-122001, inform to change my name from Deepak Kumar to Deepak Bhardwaj for all purposes.

मैं सिध्दांत रमन मल्होत्रा उर्फ सिध्दांत मल्होत्रा पुत्र पवन मल्होत्रा, निवासी G-4, सेक्टर 49, साउथ सिटी-II, गुरुग्राम, हरियाणा - 122018 ने अपना नाम बदलकर रमन मल्होत्रा रख लिया है। भविष्य में मुझे रमन मल्होत्रा के नाम से जाना जाए।

I, Nirmala S/o Sh. Banwari Lal R/o H.No. 212/31, New No.-1971, Gali-1, Laxman Vihar Phase-2, Near Radhe Sweets corner, Gurgaon-122001, inform to change my name from Nirmala to Nirmal Devi for all purposes.

खोया एवं पाया

I Vikas Singhal S/o Shri Gopal Das Singhal R/o House No 38, Sector 104, Colony Surat Nagar Extn Phase I, Gurgaon Haryana 122001 have lost my Original Property Chain Document Correction Deed No 3434 Dated 22-06-2017. If anybody found please contact on. [illegible]

LOST & FOUND
I, VARUN Gupta son of Sh. Shiv Kumar Gupta R/o E2441, 1st Floor, Palam Vihar, Gurugram, 122017, have purchased a property bearing no EBD89-A-05, situated at the project "EMMAR BUSINESS DISTRICT -89, GURUGRAM, I have lost the original allotment letter and builder Buyers agreement of the above said property and have requested EMAAR INDIA to issue the true copy of the above. These documents are misplaced and not misused for any other purpose. If anyone found these documents please contact 9811466626

मैं, कुसुम ऋषि पत्नी श्री सोमदत्त व भारती पत्नी श्री ललित कुमार, निवासी मकान नंबर-2118 सैक्टर 57 गुरुग्राम, हरियाणा, अपनी प्रोपर्टी 2118, सैक्टर 57 की मेरी असली मूल रजिस्ट्री (सेल डीड) नंबर- 8465, Dated 22.11.2017 and supplementary deed of conveyance no. 14060 dated 20.12.2021, तहसील वजीराबाद, जो की कहीं खो गई, जिस किसी को मिले संपर्क करें- 9729253636

मैं, सुनीता मल्होत्रा, पुत्री राधा कृष्ण मक्कर और पत्नी स्वर्गीय श्री राकेश कुमार मल्होत्रा, निवासी 6320, क्वार्टर 9 गली नंबर 1, देव नगर, करोल बाग, दिल्ली, 110005, ने अपना मूल आवंटन पत्र/फॉर्म खो दिया है, जो प्लॉट संख्या 253, सेक्टर 38, गुरुग्राम, हरियाणा 122001 का है। आवंटन ज्ञापन संख्या 321, दिनांक 29.12.1999। यदि किसी को यह पत्र/फॉर्म मिले तो कृपया उपरोक्त पते पर लौटा दें। यदि मुझे प्लॉट संख्या 253, सेक्टर 38, गुरुग्राम, हरियाणा का मूल आवंटन पत्र/फॉर्म मिल जाता है, तो मैं इसका किसी भी उद्देश्य के लिए दुरुपयोग नहीं करूंगी।

BOOK YOUR PERSONAL ADS
FOR BOOKING PLEASE CALL AMIT : 9811790649
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Adstimesofindia.com

UGC ऐक्ट से योगेश्वर और बिजेंदर नाराज़

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़

हरियाणा में भी यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमिशन के नए नियमों का विरोध शुरू हो गया है। सत्तारूढ़ बीजेपी के कई नेता और खिलाड़ी इसके विरोध में मुखर हो गए हैं।

झज्जर जिले में बीजेपी द्वारा मंडल की अध्यक्ष मनीषा शर्मा के इस्तीफे के बाद बुधवार को पहलवान और बीजेपी के वरिष्ठ नेता योगेश्वर दत्त ने सोशल मीडिया एक्स पर नए नियमों का विरोध करते हुए लिखा कि भरी सभा में द्रौपदी चीरहरण के समय बड़े-बड़े योद्धाओं ने चुप्पी साधी। जिस सत्ता-कुर्सी के लालच में यह किया, न वह सत्ता रही, न कुर्सी। सभी का सर्वनाश हो गया। योगेश्वर दत्त ने इस संबंध में कई पोस्ट डाली। उन्होंने लिखा कि अगर आप अपने परिवार, अपने बच्चों के लिए लड़ नहीं सकते, उनके भविष्य के लिए चिंतित नहीं हो सकते, तो फिर आपके इस जीवन का कोई मायने नहीं है।

योगेश्वर ने कहा कि देश में सभी वर्गों, जातियों को संविधान ने सामाजिक समानता दी है। मौलिक समानता का अधिकार हम भारतवासियों का है। किशोरावस्था की शुरुआत में ही शिक्षा के स्तर पर भविष्य के नागरिकों का जीवन बिना सुनवाई और समानता के अंधकारमय कर देना इस देश को गर्त में ले जाएगा। पहले ही यह देश भूतकाल के कुछ गलत फैसलों की सजा भुगत रहा है। मौजूदा समय में यूजीसी का गलत बिल आपसी बंटवारे की खाई को और चौड़ा करेगा और निश्चित रूप से हमारे देश को गलत दिशा में ले जाएगा। एक्ट में कहा गया है कि अगर किसी छात्र के खिलाफ शिकायत होती है तो उसकी सुनवाई के लिए बनी कमिटी में सवर्ण सदस्य नहीं होगा, जो गलत है। संबंधित वर्ग के जांच कमिटी के सदस्यों से न्याय की उम्मीद नहीं हो सकती। बॉक्सर और वरिष्ठ नेता विजेंद्र सिंह ने कहा कि शिक्षा समान अवसर का माध्यम है, जातिगत विभाजन का नहीं। यूजीसी का छात्रों को वर्गों में बांटने वाला यह निर्णय देश के भविष्य के लिए चिंताजनक है। कक्षा में बैठा युवा ही देश का भविष्य है, कृपया इसे जातिगत वर्गीकरण में मत बांटिए। शिक्षा का मूल उद्देश्य अवसर प्रदान करना है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 29-01-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP5 User: cci Time: 01-28-2026 22:10 Color:

लापता दिल्ली

पार्ट-3

भीड़-भाड़ भरी दिल्ली से रोज लापता हो रहे हैं लोग। नवजात से लेकर बुजुर्ग तक शुमार हैं इस फेहरिस्त में। कुछ घरों की खुशी लौट आती है। कुछ के हिस्से में ताउम्र रहता है गम। इसी पर फोकस है एनबीटी की यह सीरीज।

कच्ची उम्र में प्यार-दुलार नहीं मिले तो छोड़ देते हैं घर

अपेक्षा और उपेक्षा की कसक में गुम हो जाते हैं 8-12 साल की उम्र वाले



आठ साल की उम्र पार करने पर बच्चों में कई तरह के बदलाव आने लगते हैं। शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक चेंज होने से बच्चों के करवट लेते बिहेवियर को समझना माता-पिता के लिए चुनौती भरा होता है। पिछले 11 साल के दौरान 8 से 12 साल तक की उम्र के बच्चों के घर छोड़ने के पीछे की कहानी में 'टूटा हुआ बचपन-छूटा हुआ घर' का यह दर्द सामने आया है। दिल्ली में इस एज ग्रुप के लड़के-लड़कियों के लापता होने को लेकर अश्वनी शर्मा की स्पेशल रिपोर्ट:

लड़कों से लड़कियों की तादाद आधी

पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, बीते 11 साल में इस उम्र के 6555 बच्चे लापता हुए। लड़कों की तादाद जहां 4547 है, वहीं लड़कियों की संख्या आधी से भी कम 2008 रही है। कमोबेश हर साल का आंकड़ा भी इसी तरह का रहा है। वैसे 6166 मिल गए, लेकिन 389 अभी परिवारों से दूर हैं और उनकी तलाश जारी है, जिनमें 257 लड़के हैं और 132 लड़कियां हैं। अनट्रेस का आंकड़ा सबसे ज्यादा 82 बच्चों का 2025 का है, जिसके बाद 2024 में गायब हुए 77 बच्चे नहीं ढूंढे जा सके। यह राहत देने वाली बात है कि इस उम्र के बच्चों के गुम होने का आंकड़ा साल दर साल कम हो रहा है। यह 2015 में जहां 915 था तो 2025 में 444 पर रुक गया।

उपेक्षा और अपेक्षा से हो गए मजबूर

गुमशुदा को खोजने में 'माहिर' एक पुलिस अफसर बताते हैं, 8 से 12 साल की उम्र के बच्चों से मिलने के बाद बातचीत की गई। अधिकतर का कहना था कि माता-पिता की तरफ से पढ़ाई का ज्यादा दबाव था। कई बच्चे नंबर कम आने पर लगातार डांट-फटकार, पैरेंट्स का बार-बार दूसरों से तुलना करना और कमतर आंका जाता था। आत्मविश्वास टूटा... दर्द और गहरा हुआ तो घर छोड़ दिया। भावनात्मक उपेक्षा भी बड़ा कारण था। सौतेली मां या पिता की उपेक्षा भी वजह रही। कई बच्चों ने कबूला कि खाने-पीने की कमी नहीं थी, लेकिन अपनापन नहीं था। कोई सुनने वाला नहीं, गले लगाने वाला नहीं।

जबरन थोपने से भी भागते हैं बच्चे

पूर्व एसीपी सुरेंद्र कुमार गुलिया कहते हैं, बच्चे इस उम्र तक आते-आते बाहर की दुनिया को समझने में लग जाते हैं। उनको जैसा दिखता है, वो उसे ही सच मान लेते हैं। घर के अकेलेपन से दूर होने के लिए बाहर निकल जाते हैं। घर छोड़कर गए 85 फीसदी बच्चों पर पैरेंट्स की तरफ से पढ़ाई के दबाव अलावा कम उम्र में जबरन थोपी गई एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज भी सामने आई। यह बोझ बच्चों को भीतर से तोड़ देता है, क्योंकि उसे लगता है कि उसकी पसंद का ख्याल ही नहीं रखा जा रहा है। इसलिए परिवार को बच्चे पर कोई चीज थोपने के बजाय उसके इंटरेस्ट को जानना चाहिए। बच्चों की भावनात्मक जरूरतों पर ध्यान देने की दरकार होती है।

'माता-पिता बनें बच्चों के रोल मॉडल'

मशहूर क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. अरुणा ब्रूटा कहती हैं, पैरेंट्स के गलत बिहेवियर का बच्चों के मानसिक स्थिति पर गहरा असर पड़ता है। समाज में चल रही गलत चीजों को देखने से भी इस उम्र के लड़के-लड़कियों पर गहरा दुष्प्रभाव पड़ता है। ऐसे में माता-पिता को खुद बच्चों के लिए रोल मॉडल बनना चाहिए, ताकि वो आपको देख कर वैसा ही करें। अक्सर देखने में आता है कि पैरेंट्स ही बच्चों के सामने झूठ बोलते हैं, लेकिन कहते हैं कि कभी झूठ नहीं बोलना चाहिए। घर का माहौल हमेशा से अच्छा रखना चाहिए। बच्चों के साथ ज्यादा समय बिताना की जरूरत होती है, जिससे वो कभी भी खुद को अकेला महसूस ना करें।

इतनों का पता लगाया

साल	लड़के	लड़की	कुल
2015	655	220	875
2016	527	172	699
2017	478	159	637
2018	456	195	651
2019	431	178	609
2020	236	124	360
2021	274	167	441
2022	304	177	481
2023	329	182	511
2024	261	150	411
2025	240	122	362

इनका आज तक पता नहीं

साल	लड़के	लड़की	कुल
2015	35	05	40
2016	41	02	43
2017	29	07	36
2018	42	16	58
2019	34	07	41
2020	13	12	25
2021	22	17	39
2022	17	10	7
2023	28	22	50
2024	45	32	77
2025	50	32	82

नोट: साल 2025 के सभी आंकड़े 23 दिसंबर तक के हैं।

कल पढ़ें... 13 से 18 साल के कितने बच्चे-बच्चियां गुम हुए और कितने बरामद

'क्राइम ट्रेंड, कॉल्स, टाइमिंग, मैपिंग से ज़िले को किया सेफ'

NBT सुरक्षा कवच अभियान नरेला इंडस्ट्रियल एरिया में

NBT सुरक्षा कवच का पड़ाव इस हफ्ते आउटर नॉर्थ जिले के नरेला इंडस्ट्रियल एरिया में है। इस संवेदनशील जिले की कमान संभाल रहे हैं DCP हरेश्वर वी स्वामी। 'पुलिसिंग सुधार' के लिए काफी मशहूर हैं। मौजूदा समय में वह आउटर जिले, खासकर नरेला इंडस्ट्रियल एरिया में भी पॉजिटिव पुलिसिंग के कई अनोखे प्रयोग कर रहे हैं। इससे स्ट्रीट क्राइम काफी हद तक कंट्रोल हुआ है। डीसीपी हरेश्वर वी स्वामी ने बताया कि इस एरिया में क्राइम कंट्रोल के लिए पुलिस और क्या-क्या कर रही है। उनसे बात की विशाल आनंद शर्मा ने :



जिले में आपके आने के बाद क्राइम का सूरत-ए-हाल क्या है?: जी, पहले से सैट पैटर्न के अलावा क्राइम कंट्रोल के लिए नयापन चाहिए था। इसलिए मैंने innovation - intelligence - investigation को जिले की पुलिसिंग में अहम बनाया है। उसी हिसाब से पुलिसिंग हो रही है। स्ट्रीट क्राइम हो गया महिलाओं की सेफ्टी से जुड़े केस। हर कॉल्स पर जिम्मेदारी और जवाबदेही फिक्स की गई है। जिसकी वजह से प्राथमिकता के आधार पर केस सॉल्व होते हैं।

चुनौतियों के बीच पुलिस पर कितना भरोसा करती है आम पब्लिक? मेरा फोकस है पब्लिक से सीधा संपर्क। कई बार अचानक ही पब्लिक प्लेस जैसे मार्केट, रेजिडेंट में लोगों के बीच पहुंच जाता हूं। बातें करता हूं। लोगों से डायरेक्ट कनेक्ट होने पर उनका क्राइम कंट्रोल के लिए आइडिया और फीडबैक मिलता है। लोगों से मेरी यही अपील रहती है कि कुछ भी अपने आसपास संदिग्ध गतिविधि देखें, सुनें, समझें। पुलिस को बिना संकोच शेयर करें। पुलिस सदैव आपके साथ है।

मिलकर बनाएं दिल्ली को अपराध मुक्त

यह जिला अक्सर गैंग, गैंगस्टर्स को लेकर चर्चा में आता है, ऐसा क्यों ?: बॉर्डर एरिया होने की वजह से अक्सर दूसरी जगहों से चोरी छिपे अनदेखे रास्तों से गैंग, गैंगस्टर आकर वारदात कर जाते थे। हमने काफी रास्ते चिह्नित किए हैं। जो गैंग के गुर्गे अक्सर यूज करते थे। उन रास्तों के बारे में आम लोगों को जानकारी नहीं थी। हमने उन रास्तों पर पुलिस पिकेट का पहरा बिठा दिया। रिजल्ट यह कि, पहले से गैंग के गुर्गों की मूवमेंट से जुड़ी वारदात में काफी कमी आई है। इस जिले से जुड़े गैंगस्टर की जो पहली लेयर थी, वो खत्म हो चुकी है। इनके गैंग की कमान संभालने वाले दूसरी लेयर के गैंगस्टर जेल में हैं। तीसरी लेयर के गुर्गे एक्टिव हैं जिनके खिलाफ सरप्राइज ऑपरेशन चलता है। पिछले दिनों एक गैंगस्टर के पिता को अरेस्ट किया, उसके घर से कैश, आर्म्स की रिकवरी की। हमने 4 बुलेट प्रूफ गाड़ियां जब्त की।

साइबर क्राइम से आम लोग सुरक्षित कैसे रह पा रहे हैं?: पिछले कुछ समय से साइबर क्राइम में तेजी आई। ऐसे में लोगों को अवेयर करना जरूरी है। जिले की साइबर टीम बेहद मजबूत है। हमारा फोकस अवेयरनेस, रजिस्ट्रेशन और इन्वेस्टिगेशन पर रहता है। हमारी तरफ से स्कूलों में साइबर अवेयरनेस प्रोग्राम कराए जा रहे हैं। सामाजिक समारोहों और फेस्टिवल सीजन में पब्लिक को अवेयर करने के लिए स्क्रीन के माध्यम से अलर्ट करते हैं।

जिले में क्राइम प्रीवेंशन के लिए उठाए गए कौन कौन से मेजर स्टेप्स हैं?: क्राइम प्रिवेंशन के लिए पहले हमने हर थाने में क्राइम ट्रेंड, उसकी टाइमिंग्स, एरिया की मैपिंग कराई। उसके हिसाब से हमने पट्रोलिंग की टाइमिंग बदली। फोर्स का एक सेक्शन डिप्लॉयड किया जाता है। इसका रिजल्ट भी अच्छा मिल रहा है। क्राइम का पैटर्न जैसा थाने वाइज है, वैसी ही टाइमिंग में पट्रोलिंग, पिकेट्स हैं। इसके अलावा जितने भी बीसी हैं। उनकी प्रॉपर वेरिफिकेशन, चेकिंग होती है। उनकी फोटो खींचकर रिकॉर्ड में रखते हैं। कौन अपराधी जेल में है, कौन जमानत पर बाहर आए, उनकी लोकेशन क्या है? इस तरह सर्विलांस रखा जाता है।

ट्रक ड्राइवर ने लगाया अचानक ब्रेक, टकराई पीछे वाली बाइक, युवक की मौत

■ NBT न्यूज, नूंह

सदर थाना क्षेत्र में दिल्ली-अलवर रोड पर एक ट्रक चालक के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे चल रहा बाइक सवार उसमें टकरा गया। आसपास के लोग उसे नल्हड़ मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां युवक की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जफरुद्दीन निवासी घासेड़ा ने बताया कि उनका 24 साल का बेटा जाहिद दिल्ली में काम करता था। उसकी शादी करीब 4 महीने पहले हुई थी। बुधवार सुबह करीब 11:30 बजे वह किसी काम से सोहना जा रहा था। जब वह गांव से थोड़ी दूरी पर पहुंचा तो सामने चल रहे एक ट्रक चालक ने बीच सड़क पर अचानक ब्रेक लगा दिए। जिससे जाहिद की मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गई ज्यादा खून बहने से उनके बेटे की मौत हो गई है। जांच अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम कर परिजनों के हवाले कर दिया है। वहीं ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

मैट्रिमोनियल साइट्स पर जालसाज़ अब AI से बिछा रहे जाल

Vishal.Sharma3
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** अब साइबर क्रिमिनल्स मैट्रिमोनियल साइट्स, डेटिंग ऐप पर फेक अकाउंट बनाकर लोगों से ठगी कर रहे हैं। इस फर्जीवाड़े के लिए ठग भी हाइटेक हो गए हैं और ये अब AI से खूबसूरत इमेज बनाकर प्रोफाइल बनाते हैं और फिर लोगों को जाल में फंसाते हैं। ऐसे में अगर आप भी ऑनलाइन लाइफ पार्टनर खोज रहे हैं तो अलर्ट होने की जरूरत है। इसे लेकर गृह मंत्रालय के साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर (I4C) और दिल्ली समेत सभी राज्यों में नैशनल साइबर क्राइम पोर्टल की तरफ से एडवाइजरी जारी की गई है। इसमें लोगों को सावधान रहने को कहा गया है।

AI से खूबसूरत प्रोफाइल फोटो बनाकर फंसाते हैं

दिल्ली पुलिस के एक अफसर ने बताया कि स्कैमर पहले किसी भी नामी मैट्रिमोनियल वेबसाइट पर अपना अकाउंट बनाते हैं। इसके बाद AI की मदद से आकर्षक, हाईफाई से दिखने वाला प्रोफाइल टेक्स्ट और इमेज तैयार करते हैं। खुद को बिजनेसमैन, डॉक्टर, इंजीनियर या किसी MNC में टॉप लेवल अफसर होने की बात कहते हैं। मैट्रिमोनियल साइट्स के बाद सोशल मीडिया प्रोफाइल से जुड़ते हैं और आखिर में व्हाट्सऐप के जरिये संपर्क बनाते हैं। लंबी बातचीत के दौरान स्कैमर इमोशनली कनेक्शन बनाने की कोशिश करते हैं, जिससे सामने वाला आसानी से जाल में फंस जाए।

एडवाइजरी

- पर्सनल या फाइनैंशल बातचीत करने से पहले लोगों की पहचान अच्छी तरह से वेरिफाई करें।
- उन ऑनलाइन कॉन्टैक्ट्स के साथ पर्सनल, फाइनैंशल या पर्सनल डिटेल्स शेयर करने से बचें जिनसे आप पर्सनली नहीं मिले हैं।
- ऑनलाइन रिलेशनशिप के आधार पर पैसे भेजने या इन्वेस्टमेंट करने से बचें। गारंटीड या बहुत ज्यादा रिटर्न का वादा करने वाली इन्वेस्टमेंट एडवाइजर या स्कीम से सावधान रहें।
- प्रोफाइल फोटोग्राफ चेक करने और असली होने की पुष्टि करने के लिए रिवर्स इमेज सर्च का इस्तेमाल करें।

अस्पताल के निर्माण की मांग को लेकर धरने पर बैठे ग्रामीणों का आंदोलन जारी

■ NBT न्यूज, रेवाड़ी

बुधवार को प्रदर्शन के 226वें दिन धरने की अध्यक्षता राव लाल सिंह ने की

जिले के गांव रामगढ़ भगवानपुर में 200 बेड के सरकारी अस्पताल के निर्माण की मांग को लेकर धरने पर बैठे ग्रामीणों का आंदोलन सर्दी व बरसात के बीच भी जारी रहा। बुधवार को प्रदर्शन के 226वें दिन धरने की अध्यक्षता राव लाल सिंह ने की। आसपास के गांवों से पहुंचे कई ग्रामीणों ने समर्थन दिया।

अस्पताल बनाओ संघर्ष समिति के संयोजक अनिल कुमार ने कहा कि चाहे आंधी आये या बारिश, जब तक मांग पूरी नहीं होती तब तक धरना इसी तरह जारी रहेगा। इसमें उनके गांव के साथ-साथ अनेक गांवों का समर्थन भी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पूर्व रेवाड़ी में महिलाओं की महापंचायत की गई थी और महापंचायत के बाद महिलाएं पैदल मार्च करते हुए रामपुरा स्थित स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के निवास पर पहुंची थी। लेकिन वे मौजूद नहीं मिली। अनिल कुमार ने कहा कि एक बार फिर स्वास्थ्य मंत्री से मिलने का समय मांगा है। अगर उन्होंने समय नहीं दिया तो 8 फरवरी को फिर से महिलाएं पैदल मार्च करते हुए उनके निवास पर पहुंचेंगी और जब तक उनसे बातचीत नहीं हो जाती, उनका संघर्ष जारी रहेगा। मंच संचालन हनुमंत ने किया।

चांदनी चौक अतिक्रमण : रोज़ाना निगरानी के लिए HC बनाएगा कमिटी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

हाई कोर्ट ने बुधवार को कहा कि वह चांदनी चौक इलाके में अतिक्रमण, ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन, अवैध फेरीवालों और दूसरी गैर-कानूनी गतिविधियों को देखने के लिए एक कमिटी बनाएगा। कोर्ट चांदनी चौक सर्व व्यापार मंडल की याचिका पर विचार कर रहा था, जिसने कोर्ट से पुरजोर गुहार लगाई कि वह इलाके से जुड़े ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन के संबंध में तत्काल आदेश पारित करे।

व्यापारी मंडल का कहना था कि नॉन मोटराइज्ड जोन होने के बावजूद, वहां भारी संख्या में गाड़ियां चल रही हैं। कोर्ट से यह निर्देश देने की मांग करते हुए कि चांदनी चौक में कटे चालान का निपटारा लोक अदालत में नहीं किया जाएगा, व्यापार मंडल ने कहा कि वहां नियम तोड़ने पर 20 हजार का चालान कटता है, जिसे लोग लोक अदालत में जाकर 200 में निपटा लाते हैं, इसलिए नियमों का पालन नहीं हो रहा है।

व्यापार मंडल की ओर से इस मांग का दिल्ली सरकार के स्थायी वकील समीर वशिष्ठ ने विरोध किया और कहा कि लोक अदालत का मकसद ही यही है। उन्होंने कोर्ट से कहा कि मामले में दुकानदारों की भी जिम्मेदारी तय की जानी जरूरी है।

संबंधित पक्षों को विस्तार से सुनने के बाद चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तेजस करिया की डिविजन बेंच ने कहा कि सभी सिविक एजेंसियां प्रस्तावित कमेटी को रिपोर्ट करेंगी, जिसे स्थिति की रोजाना निगरानी का काम सौंपा जाएगा। किसी भी एजेंसी द्वारा सोची गई हर योजना को पहले कमेटी के पास ले जाया जाएगा।

व्यापारी मंडल की याचिका पर कोर्ट ने कहा, अवैध फेरी, ट्रैफिक उल्लंघन और अतिक्रमण पर होगी सख्त नजर

कमेटी की मंजूरी मिलने के बाद ही वह प्लान लागू किया जाएगा। कोर्ट ने कहा कि इन चीजों की निगरानी करना उसके लिए मुश्किल हो जाता है उसके लिए रोजाना निगरानी करना संभव नहीं होगा। एक बड़ी प्लानिंग होनी चाहिए। रोजाना कार्रवाई होनी चाहिए। हम इन (मार्केट) एसोसिएशन को शामिल करेंगे।

इससे पहले याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए सीनियर एडवोकेट संजीव रल्ली ने कोर्ट को इलाके में मौजूद समस्याओं के बारे में बताया। उन्होंने रिक्शा चलने, तय समय के अलावा सामान की लोडिंग और अनलोडिंग, अवैध पार्किंग, फेरीवालों और कब्जा करने वालों द्वारा अवैध अतिक्रमण, साफ-सफाई, विरासत संरक्षण, इंफ्रास्ट्रक्चर को नुकसान और खराब ट्रैफिक लाइट के बारे में चिंता जताई। उन्होंने कहा, सिर्फ 400 रिक्शा की इजाजत है, लेकिन इलाके में 2,000 रिक्शा हैं। यह इलाका कोई वेंडिंग, फेरी लगाने या कब्जा करने वाला जोन नहीं है। अनाधिकृत फेरी लगाई जा रही है।

चीफ जस्टिस ने कहा कि वह मानवीय समस्या से वाकिफ हैं। लोगों की रोजी-रोटी जुड़ी हुई है। छोटे विक्रेता, फेरीवाले हैं। यह एक मानवीय समस्या भी बन जाती है। नियम लागू करना बहुत आसान है। कोर्ट को यह भी बताया गया कि यहां तमाम मंदिर, गुरुद्वारा, चर्च और मस्जिद हैं जिनमें आए दिन लंगर लगाए जाते हैं, जिससे लोगों की भीड़ बढ़ती है और साफ-सफाई की समस्या पैदा होती है। इस पर कोर्ट ने सरकारी एजेंसियों और दुकानदारों से कहा कि इससे कैसे निपटना है, यह आपके ऊपर है। पूरा इलाका बर्बाद हो जाएगा, तब आपको पछतावा होगा।

दिल्ली का हर निवासी, और जिसका भी दिल्ली से किसी भी तरह का संबंध है, उसे पछतावा होगा। आपके अधिकारियों को संवेदनशील होने की जरूरत है। कोर्ट ने मामले में आगे आदेश के लिए 24 फरवरी की तारीख तय की।

युवक को मारा चाकू, दो नाबालिग पकड़े गए

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** लूटपाट का विरोध करने पर युवक को चाकू मारने वाले दो नाबालिग को मंडावली पुलिस ने पकड़ा है। उनके पास से वारदात में इस्तेमाल स्कूटी भी बरामद किया गया है। फिलहाल दोनों से पूछताछ कर वारदात में शामिल अन्य आरोपियों का पता किया जा रहा है। ईस्ट जिला के DCP अभिषेक धानिया ने बताया कि 27 जनवरी की रात 12:52 बजे मंडावली पुलिस को एलबीएस अस्पताल से सूचना मिली कि एक युवक को चाकू मारा गया है जिसे इमरजेंसी वॉर्ड में भर्ती किया गया है।

सूचना के बाद पहुंची पुलिस को वेस्ट विनोद नगर निवासी प्रियांशु रावत घायल हालत में मिले। होश आने पर पीड़ित ने बताया कि रात लगभग 12:15 बजे मेन रोड, तालाब चौक पर दो स्कूटी पर सवार चार लड़के आए और उनका मोबाइल फोन छीनने लगे। विरोध करने पर बदमाशों ने उनके पेट में चाकू मार दिया। उसके बाद 400 कैश लूट कर फरार हो गए। हालांकि मोबाइल छीनने में असफल रहे। उनके बयान पर हत्या के प्रयास, लूटपाट समेत अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

हरियाणा से लाया था अवैध शराब, 2 तस्कर अरेस्ट

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** आनंद पर्वत पुलिस ने दो शराब तस्करों से हरियाणा से अवैध रूप से लाए गए 240 पेटी में 12 हजार क्वार्टर शराब की बोतलें बरामद कीं।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आनंद पर्वत निवासी 45 वर्षीय राजनाथ और 39 वर्षीय संतोष के तौर पर हुई है। जांच में पता चला कि राजनाथ आनंद पर्वत का घोषित बदमाश है और पहले से कई आपराधिक मामलों में शामिल रह चुका है। फिलहाल पूरे नेटवर्क का पता किया जा रहा है। सेंट्रल जिला के डीसीपी अनंत मित्तल ने बताया कि 24 जनवरी की दोपहर 4:25 बजे रामलीला पार्क, सब्जी मंडी, नेहरू नगर, बलजीत नगर के पास तैनात पुलिस स्टाफ को सूचना मिली कि पंजाबी बस्ती के एक मकान में भारी मात्रा में अवैध शराब छिपाकर रखा गया है। सूचना के बाद छापेमारी कर संतोष को पकड़ लिया गया। जांच के दौरान 240 पेटी अवैध शराब बरामद हुई, जिनमें 222 पेटी देसी और 18 पेटी अंग्रेजी शराब की बोतलें थीं।

विज्ञापन संख्या: 16/2026
भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड
बीईएमएल लिमिटेड
में
निदेशक (वित्त)
पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।
आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि
18 फ़रवरी, 2026 (15.00 बजे तक) है।
नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को
लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि
27 फ़रवरी, 2026 (17.00 बजे तक) है।
जानकारी के लिए वेबसाइट
https://pesb.gov.in
में लॉग इन करें।

विधायकों को नीति निर्माण में मदद के लिए मिलेगा फेलो

■NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली विधानसभा ने युवा शोधकर्ताओं और पेशेवरों को विधानसभा से जुड़े कामों में शामिल करने के लिए 100 से अधिक फेलो और सहायक फेलो को नियुक्त करने की तैयारी शुरू कर दी है। इसका मकसद विधानसभा की शोध क्षमता और विधायी काम की गुणवत्ता को मजबूत करना है। जानकारी के अनुसार प्रत्येक विधायक को एक फेलो मिलेगा, जो उनके लिए शोध, रिपोर्ट तैयार करना और नीति निर्माण में मदद करेगा। इसके अलावा लगभग 35 अन्य फेलो विधानसभा सचिवालय के लिए भी नियुक्त किए जाएंगे, जो समितियों और व्यापक शोध के कामों में सहयोग करेंगे। चयन प्रक्रिया में उच्च शैक्षणिक पृष्ठभूमि, शोध क्षमता और नीति विश्लेषण की योग्यता को प्राथमिकता दी जाएगी। योग्य उम्मीदवारों को मासिक स्टाइपेंड भी मिलेगा, जिससे वे अपने शोध और विधायी काम पर पूरा ध्यान दे सकें।

स्कूल से स्टार्टअप की ओर... जोनल लेवल प्रतियोगिता में दिखे AI इनोवेशन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली के सरकारी स्कूलों में आंत्रप्रेन्योरशिप प्रोग्राम NEEEV के साथ जोनल लेवल प्रतियोगिता बुधवार को हुई। इसमें अलग-अलग जोन से चुने गए 46 स्टूडेंट्स ने अपने इनोवेटिव प्रोजेक्ट पेश किए। इस मौके पर शिक्षा मंत्री आशीष सूद भी पहुंचे। मंत्री ने कहा कि AI पर होने वाली चर्चाएं अब घरों और भोजन की मेज तक पहुंच चुकी हैं, जिससे बच्चों के आत्मविश्वास को नई उड़ान मिली है। अगला कदम इन इनोवेशन का साइंटिफिक वेरिफिकेशन है। इसके लिए प्रमुख तकनीकी संस्थानों की लैब्स की मदद लेना जरूरी है।


आशीष सूद ने कहा, AI पर होने वाली चर्चाएं भोजन की मेज तक पहुंच चुकी है

सरकारी स्कूल में क्लास 8 से 12 तक के स्टूडेंट्स के लिए चल रहे NEEEV (न्यू ऐरा ऑफ आंत्रप्रेन्योरियल इकोसिस्टम एंड विजन) कार्यक्रम का मकसद स्टूडेंट्स में वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान के लिए इनोवेशन आधारित सोच विकसित करना और उन्हें आंत्रप्रेन्योरशिप को करियर के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करना है। सर्वोदय कन्या विद्यालय, मोती बाग 1 में बुधवार को हुए इस कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि 2014 से पहले देश में गिने-चुने स्टार्टअप थे, जबकि आज भारत में 2 लाख से अधिक स्टार्टअप एक्टिव हैं। इसी सोच के साथ, दिल्ली सरकार ने इस वर्ष NEEEV कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 10 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी है। NEEEV के संग हर स्कूल से लगभग 30 टीमों ने अपने विचार पेश किए। सूद ने कहा कि करीब 1.5 लाख स्टूडेंट्स ने दिल्ली सरकार के लगभग एक हजार स्कूलों में 30 हजार से अधिक इनोवेटिव आइडिया पर काम किया है। इनमें से लगभग 5 हजार टीमों को 20 हजार रुपये प्रति टीम की मदद दी गई, जिससे कुल 10 करोड़ की राशि सीधे स्टूडेंट्स के विचारों में निवेश की गई।

NEEEV में अब तक

- NEEEV डायलॉग के साथ स्टूडेंट्स के लिए 2 हजार से ज्यादा सेशन, इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स के साथ संवाद
- स्किल आधारित 1338 वर्कशॉप्स, 52839 स्टूडेंट्स शामिल हुए
- स्टूडेंट्स को DSEU, DTU, IGDTUW, एयूडी, आईटीआई समेत हीरो मोटोकॉर्प, मारुति सुजुकी और तोशिबा जैसी इंडस्ट्री यूनिट में ले जाया गया

कम टाइम में हेल्दी और टेस्टी स्नैक्स बनाना सीखें

एनबीटी रंगमंच क्लब आपके लिए लेकर आया है ट्रेडिशनल किचन रेसिपीज वर्कशॉप जिसमें फूड बिजनेस चलाने वाली शेफ शिवानी बहुगुणा आपको सिखाएंगी कि कैसे आप घर पर कम समय में हेल्दी इंडियन स्नैक्स और टेस्टी फूड तैयार कर सकते हैं। इसके साथ ही वह आपको चॉकलेट बनाने और केक मेकिंग के टिप्स भी देंगी। इसमें हिस्सा लेने के लिए आपको करवाना है बस रजिस्ट्रेशन।

NBT रंगमंच Club

शिवानी बहुगुणा (शेफ)

तारीख: 3 फरवरी 2026
दिन: मंगलवार
समय 2 से 3 बजे तक
फीस: निशुल्क

रजिस्ट्रेशन के लिए 7003850071 पर कॉल या वट्सऐप करें।

जिले की आबादी से तय होगा राशन कार्ड का कोटा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली में अब 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर राशन कार्ड नहीं बनेगा। दिल्ली में जरूरतमंद लोगों के राशन कार्ड बनवाने के लिए जिला स्तर पर कमिटी का गठन किया जाएगा। साथ ही, जिले की आबादी के हिसाब से इसका कोटा भी तय होगा। दिल्ली सरकार ने कैबिनेट मंजूरी के बाद दिल्ली खाद्य सुरक्षा नियम-2025 लागू कर दिया है। नए नियम में अब शिकायत निवारण के लिए अलग-अलग स्तर पर तीन स्तरीय कमिटी का गठन भी किया जाएगा।

वर्तमान में दिल्ली में जिले के हिसाब से कोई कोटा तय नहीं होता था। पहले आवेदन करने वालों को न्यूनतम पात्रता पूरा करने पर राशन कार्ड जारी कर दिया जाता था। मगर सरकार ने अब जनगणना होने तक जिले में आबादी के हिसाब से कोटा तय करने का फैसला किया है। उसके बाद डीएम की अध्यक्षता में एक कमिटी का गठन होगा, जो आवेदनों की जांच करेगी कि किसे राशन कार्ड की ज्यादा जरूरत है। वर्तमान में दिल्ली में 8.27 लाख राशन कार्ड लाभार्थियों के लिए वैकेंसी है।

खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि असली जरूरतमंद लोग पीडीएस में मौजूद खामियों के कारण राशन कार्ड के लाभ से वंचित रह जाते हैं। दिल्ली खाद्य सुरक्षा नियम-2025 में उन कमियों को दूर किया गया है। आय सीमा बढ़ाकर एक लाख से 1.20 लाख कर दी गई है। आयकर दाता, सरकारी कर्मचारी, फोर व्हीलर रखने वाले परिवार, अधिक बिजली खपत करने वाले या निर्धारित क्षेत्रों में संपत्ति रखने वाले परिवारों को योजना से बाहर कर दिया गया है।

शिकायत कई स्तर पर होगी जांच

राशन कार्ड से जुड़ी शिकायतों, गड़बड़ियों की जांच के लिए अलग-अलग स्तर पर जांच के लिए कमिटी का गठन किया गया है। शिकायत निवारण के लिए फेयर प्राइस शॉप, जिला और स्टेट लेवल पर तीन स्तरीय कमिटी का गठन किया गया है। इसके साथ ही गड़बड़ियों की विजिलेंस के लिए चार स्तर, फेयर प्राइस शाप स्तर पर फूड सप्लाई ऑफिसर की अध्यक्षता में कमिटी रहेगी।

विधानसभा सचिवालय ने आतिशी से मांगा जवाब

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दिल्ली विधानसभा सचिवालय ने AAP की विधायक और विपक्ष की नेता आतिशी को एक ऑफिशियल लेटर जारी किया है। इसमें उनकी ओर से विपक्ष के सदस्यों को सदन से निलंबित करने से संबंधित मीडिया में दिए गए बयानों के संदर्भ में लिखित जवाब पेश करने को कहा है। सचिवालय ने मीडिया में दिए गए कथित रूप से गलत बयानों से संबंधित विषय को अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता द्वारा 6 जनवरी को विशेषाधिकार समिति को संदर्भित किया था। लेटर के जरिए आतिशी से अनुरोध किया गया है कि वह इस विषय पर अपनी लिखित टिप्पणी 6 फरवरी तक दिल्ली विधानसभा सचिवालय को उपलब्ध कराएं, ताकि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मामले की जांच की जा सके। उल्लेखनीय है कि यह विषय वर्तमान में विचाराधीन है।

चितरंजन रेलइंजन कारखाना
शुद्धिपत्र
निविदा सं. 70/25/0029, दिनांक 22/01/2026। "भार युक्त इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के WAG-9H वर्ग के लिए एकीकृत लोकोमोटिव किट" की खरीद हेतु T/Case सं. 70/25/0029 के तहत निम्नलिखित शुद्धिपत्र जारी किया गया है, जारी निविदा खोलने की तारीख (टीओडी) को (मौजूदा) 24/01/2026 का पुनर्निर्धारण। इस प्रकार पढ़ा जाए: 23/02/2026।
PR3/298 ... "हमें www.facebook.com/clwrailways पर लाइक करें"

नौएडा — नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण
मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा, गौतमबुद्ध नगर
वेबसाइट: www.noidaauthorityonline.in
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
UPLC लखनऊ में पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से निम्न जॉब संख्याओं हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा संबंधी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की वेबसाइट www.noidaauthorityonline.in एवं UPLC की वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट देखते रहें।
1. 32/व.प्र. (जल)-III/ई.टी./2025-26, सीवर सुदृढ़ीकरण का कार्य (ग्राम – बरौला में डी.एस.सी. रोड के साथ ग्रीन बेल्ट में सम्पवेल के निर्माण का कार्य), नौएडा। लागत : रु. 332.07 लाख
जिन्हें दिनांक– 10.02.2026 को सायं 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक– 11.02.2026 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी।
महाप्रबन्धक (जल), नौएडा
स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा

उत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना
वरि. मण्डल यांत्रिक इंजीनियर/उत्तर रेलवे, ट्रेनसेट डिपो, शकूरबस्ती, भारत के राष्ट्रपति की ओर से उनके लिए निम्नलिखित कार्य के लिए GeM पोर्टल (https://gem.gov.in) पर आमंत्रित की जाती है।

निविदा संख्या	GEM/2026/B/7149229, दिनांक 24.01.2026
कार्य का विवरण	ट्रेनसेट डिपो, शकूरबस्ती के लिए मासिक आधार पर तीन वर्ष की अवधि के लिए 01 एसयूवी और 03 एसयूवी/विकल्प वैन (बहुउद्देशीय उपयोग हेतु) किराए पर लेने का प्रावधान।
अनुमानित लागत	₹ 1,02,25,512.00 (GST सहित)
बयाना राशि	₹ 2,01,130.00
कार्य अवधि	03 वर्ष
निविदा खुलने की तिथि, समय	14.02.2026, 17:30 बजे
निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के इंटरनेट साइट	उपरोक्त निविदा GeM पोर्टल पर उपलब्ध है जो कि है https://gem.gov.in दिनांक 24.01.2026 से प्रभावी है।

सं.: 25.8.934.TSD.SSBR दिनांक: 27.01.2026 304/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
शुद्धि पत्र
संदर्भ : (i) निविदा सूचना क्रमांक 3997/2025 दिनांक 24/12/2025
(ii) निविदा संख्या 46256456 27/02/2026 को देय है।
1. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, नियत तिथि 27/01/2026 से बढ़ाकर 27/02/2026 कर दी गई है।
2. ऊपर दिए गए टेंडर के संबंध में, यह आइटम ICF से अप्रूव्ड वेंडर सोर्स से आइटम ID: 2300129 WINDOW FOR EMU, DMU, MRVC & JAN SHATABDI COACHES के अंतर्गत संशोधित पात्रता (ICF स्वीकृत स्रोत) क्राइटेरिया के साथ खरीदा जाना है।
अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं।
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। 289/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर मध्य रेलवे
निविदा सूचना सं.: CEN-2025-5 दिनांक: 27.01.2026
ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य (इंजी0)/निर्माण-I/उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज द्वारा निम्नलिखित निर्धारित कार्यों के लिए ई-निविदाएं निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक 18.02.2026 के समय 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदाओं का विवरण इस प्रकार है:
क्र.सं. 1 — अनुमानित मूल्य (रू.): ₹ 8,85,40,763.33
कार्य का विवरण: प्रयागराज मंडल में पं. दीन दयाल उपाध्याय प्रयागराज तृतीय रेल लाइन कार्य के तहत किमी 705/26-28 पर स्थित प्रमुख सेतु संख्या 482 का सेतु कार्य।
बोली प्रतिभूति (रू.): ₹ 5,92,700.00 — कार्य समापन की अवधि: 06 माह
निविदा बंद करने की तिथि एवं समय: 18.02.2026 15:00 बजे
निविदा खुलने की तिथि: 18.02.2026 15:30 बजे
निविदा का प्रकार: ओपेन टेण्डर (दाल पैकेट प्रणाली)
नोट:- (1) उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर ... (9) ... समय 15.00 बजे तक सबमिट किया जा सकता है तथा निविदा 15.30 बजे दिनांक 18.02.2026 खोली जाएगी। 2025/26(A)
North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

उत्तर पश्चिम रेलवे
सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा सूचना — भण्डार विभाग ई-प्रोक्योरमेंट के द्वारा
निविदा सूचना संख्या : एस/2026/002 दिनांक : 27.01.2026
भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, तृतीय तल, उ.प. रेलवे प्रधान कार्यालय, जवाहर सर्किल के पास, मालवीय नगर, जयपुर-302017, निम्नलिखित मदों हेतु मोहरबंद खुली ई-निविदाएं www.ireps.gov.in में सभी खुली ई-निविदाएं 14.25 बजे बंद कर दी जाएंगी।

क्र.सं.	निविदा सं.	अल्प विवरण	मात्रा	यूनिट	खुलने की तिथि
1	30250564A	फिल्टर फॉर ड्रेन कॉक	888	सेट	16-02-2026
2	3225ENG65	मैनुफैक्चर एंड सप्लाई ऑफ मेटल ...	292800	सेट	19-02-2026
3	3725178	ब्रेक ब्लॉक कम्पोजिट ... Casnub बोगी	801	नग	23-02-2026
4	3325ENG25	मैनुफैक्चर एंड सप्लाई ऑफ बोल्ट एंड नट	90	एमटी	23-02-2026
5	50255440	प्राइम एजोक्स/RGC for 12 core x 1.5 sq.mm ...	12000	किलो-मीटर	25-02-2026

कोरिजेण्डम

क्र.सं.	टेण्डर नं.	एन आई टी	विवरण एजिस्टिंग	विवरण रिवाइज्ड	दिनांक एजिस्टिंग	दिनांक रिवाइज्ड
1	70252225A	एस/2026/001 दिनांक 12.01.2026	...	...	27.01.2026	12.02.2026
2	70260017	एस/2026/001 दिनांक 12.01.2026	PU पेंटिंग किट ...	PU पेंटिंग किट ...	02.02.2026	10.02.2026

(1) इच्छुक निविदाकर्ता हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर ... 143-DK/26

TIMES interact — Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad — Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) — Scan QR Code

भर्ती | टेंडर और नोटिस | भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति | निविदाएं (टेंडर्स) | लेखा | अकाउंटेंट (लेखाकार) | व्यक्तिगत | खोया एवं पाया

REQD. Accountant for Travel Agency Min. Exp. 2-3 Yrs knowledge of Ms excel, travel software, good comm. in accounts Wapp resume: 9811010957

यूनियन बैंक — दबावग्रस्त आस्ति प्रबंधन वर्टिकल, केन्द्रीय कार्यालय, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400 021 — **अभिरुचि की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)** — ... www.unionbankofindia.bank.in/tenders&empanelment/view auction notice ... (दबावग्रस्त आस्ति प्रबंधन)

I, Saroj Bhatia, the registered owner of the property located at Tower 5-401, Paras Seasons, Sector 168, Greater Noida, Gautam Buddh Nagar. I have lost the below documents of the flat. 1. Builder Buyer Agreement 2. Allotment Letter If anyone find the above please contact the undersigned. Mob : + 91- 7500020880

ASTRO ZONE — TIMES interact

जन्मपत्री से जानें सभी समस्याओं के उपाय
खराब ग्रह दशा, नजर दोष, मारकेश दशा, साढ़े साती व ढैय्या, पापा विचार, शिक्षा, नई नौकरी, विवाह व व्यवसाय में रुकावट, परिवारिक व प्रमोशन, मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य, गृह क्लेश, तलाक आदि। यंत्र मंत्र तंत्र रत्न रुद्राक्ष आदि से उपाय करें।

सौभाग्य दीप — 74, रिंग रोड मार्किट, सरोजनी नगर — 999 058 4444 — फीस 500/- समय लेकर स्वयं मिलें।
पं. राजेन्द्र धमीजा जी, जन्मपत्री व रत्न विशेषज्ञ

HEALTH & WELLNESS — TIMES interact

विवाहित जीवन में पायें नई खुशियाँ नया जोश नई उमंग — SEX समस्या आयुर्वेदिक सलाह लें — आकाश दवाखाना — एक्सप्रेस टावर आज़ाद मार्केट ... आजाद पुर दिल्ली — 9953396533, 8860003863

शराब बिना बताये छुड़ायें — दवा घर बैठे मंगाएं, खड़े खाये — अशोक क्लीनिक — निकट पीतमपुरा मेट्रो स्टेशन दिल्ली — 98110 92840

सेहत बनायें वजन बढ़ायें — फिर भी सेहत नहीं बनती, तो हमारी सलाह द्वारा औषधि का सेवन करें और 15 ही दिन में फर्क देखें — फीस ₹655 — घर बैठे दवा मंगवायें — सन्यासी आयुर्वेदा — मंगोलपुरी, कालकाजी — फ्री सलाह: 8527001155

SEX PROBLEMS का सफल इलाज! मिलें — सबलोक क्लिनिक दरियागंज — नेताजी सुभाष मार्ग (निकट दिल्ली गेट) नई दिल्ली-2 — 9891300008 — Consultation fees 500/- — सबलोक क्लिनिक दरियागंज की इंडिया में कहीं कोई ब्रांच नहीं है।

BOOK YOUR PERSONAL ADS — FOR BOOKING PLEASE CALL AMIT : 9811790649 — TO BOOK ONLINE LOG ON TO ads.timesofindia.com — SCAN QR CODE

TIMES interact
TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES
MATRIMONIAL | BUSINESS | PROPERTY | RECRUITMENT, EDUCATION | SHOPPING | SERVICES, VEHICLES, TRAVEL | TENDER, PUBLIC NOTICE | CHANGE OF NAME, LOST & FOUND | BIRTHDAY/ANNIVERSARY ADS
Please call us at the below mentioned nos.

Area / Zone	Contact Person	Mobile No.	Area / Zone	Contact Person	Mobile No.
North Delhi	Amit Ghosh	98117 90649	West Delhi + Dwarka + Gurgaon	Aman Pasricha	93126 33518
South Delhi + Faridabad	Raghav Arora	99999 95460	Central Delhi	Amit Ghosh	98117 90649
				Sunil Srivastava	99994 99496
Ghaziabad	Sunil Srivastava	99994 99496	Noida + East Delhi	Sumit Negi	98992 68321

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

IDBI BANK — आईडीबीआई बैंक लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई -400005
(1) बैंक के सीबीएस के साथ टीआरईडीएस प्लेटफॉर्म के इंटीग्रेशन के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म एप्लीकेशन के लिए आरएफपी
(2) रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन (आरपीए) और इंटेलिजेंट प्रोसेस ऑटोमेशन (आईपीए) के एक व्यापक सॉल्यूशन की सप्लाई, इम्प्लीमेंटेशन और मैनेजमेंट के लिए आरएफपी
आईडीबीआई बैंक उपरोक्त समाधान हेतु पात्र बोलीदाताओं से सीलबंद बोली आमंत्रित करता है। विवरण के लिए कृपया बैंक की वेबसाइट https://www.idbi.bank.in (नोटिस और टेंडर) देखें।
नोट: उपरोक्त आरएफपी के संबंध में कोई और परिशिष्ट/सुधार/तारीखों का विस्तार/स्पष्टीकरण/बोलीदाताओं के प्रश्नों के उत्तर केवल बैंक की वेबसाइट पर पोस्ट किए जाएंगे। समाचार पत्रों में इस हेतु कोई अलग से अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी। अतः बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे इस संबंध में स्वयं को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से बैंक की वेबसाइट देखते रहें।

नौएडा — नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा, (उ.प्र.)
वेबसाइट: www.noidaauthorityonline.in
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
अर्ह निविदाकारों से निम्न जॉब हेतु ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती है, जिन्हे निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एंव प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गयी तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की www.noidaauthorityonline.in एंव http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त Website देखते रहें।

क्र. सं.	जॉब संख्या	कार्य का नाम	कार्य की लागत (रू0 लाख में)
1.	24/निदे0(उ0)/उ0 निदे0(उ0)-II/2025-26	सैक्टर-80 के सामने स्थित सैक्टर-112 में हरित पटि्टका का विकास एंव 02 वर्षीय अनुरक्षण कार्य।	386.78

जिन्हे दिनांक 04/02/2026 को सांय 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त निविदाओं की प्री-क्वालीफिकेशन बिड दिनांक 05/02/2026 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी।
सैक्टर-39 — निदेशक (उद्यान) नौएडा
स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा

सी.एस.आई.आर. - केन्द्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान
दिल्ली मथुरा रोड, पीओ: सीआरआरआई, नई दिल्ली – 110 025
(वैबसाइट: www.crridom.gov.in)
विज्ञापन संख्या: 02/पीसी / नॉन-टेक-2026

ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि एवं समय	02 फरवरी, 2026 पूर्वाह्न 10:00 बजे से
ऑनलाइन आवेदन करने तथा आवेदन शुल्क के भुगतान करने की अंतिम तिथि और समय	23 फरवरी, 2026 अपराह्न 05:00 बजे तक

नोट: उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने हित में ऑनलाइन आवेदन, अंतिम तिथि से काफी पहले ही जमा कर दें और अंतिम तिथि तक इंतजार न करें, ताकि आखिरी दिनों में वेबसाइट पर ज्यादा लोड होने के कारण CSIR-CRRI ऑनलाइन भर्ती पोर्टल पर डिस्कनेक्शन/लॉगिन न कर पाने या विफल होने की संभावना से बचा जा सके। CSIR-CRRI ऊपर बताए गए कारणों या CSIR-CRRI के नियंत्रण से बाहर किसी अन्य कारण से उम्मीदवारों के अंतिम तिथि तक अपने आवेदन न कर पाने के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

"आवेदन की हार्ड कॉपी CSIR-CRRI को नहीं भेजनी है"

सी.एस.आई.आर. - केन्द्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (CSIR-CRRI), नई दिल्ली वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) के तहत एक प्रमुख अनुसंधान संस्थान है, जो भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय है। संस्थान के अनुसंधान एवं विकास (आर&डी) के मुख्य क्षेत्रों में सड़कों और यातायात अभियांत्रिकी तथा तकनीक के विभिन्न क्षेत्रों में बुनियादी और अनुप्रयुक्त अनुसंधान शामिल है ताकि विज्ञान और प्रौद्योगिकी (S&T) आधारित व्यावहारिक समाधान प्रदान किए जा सकें।
सी.एस.आई.आर. - केन्द्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (CSIR-CRRI), नई दिल्ली में सीधी भर्ती के आधार पर निम्न पदों को भरने के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, जिसका विवरण निम्नानुसार है: -

पद का नाम (पद कोड)	पदों की संख्या) और आरक्षण की स्थिति	वेतन स्तर (7वें वेतन आयोग के अनुसार)	ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि के अनुसार अधिकतम आयु सीमा
कनिष्ठ हिंदी अनुवादक (पद कोड: A)	एक (01) पद अनारक्षित	वेतन स्तर -06 (₹ 35,400-1,12,400)	30 वर्ष से अधिक नहीं*
सुरक्षा सहायक / वॉच एंड वार्ड असिस्टेंट (पद कोड: B)	एक (01) पद अनारक्षित	वेतन स्तर -06 (₹35,400-1,12,400)	28 वर्ष से अधिक नहीं*
विविध कार्य कर्मचारी (एमटीएस) (पद कोड: C)	दस (10) पद # (04 पद अनारक्षित, 04 पद अ.पि.व.-एन.सी.एल तथा 02 पद ईडब्ल्यूएस के लिए आरक्षित)	वेतन स्तर -01 (₹18,000-56,900)	25 वर्ष से अधिक नहीं*

विविध कार्य कर्मचारी के 10 पदों में से 01 पद भूतपूर्व सैनिक के लिए तथा 01 पद PwBD/दिव्यांगजनों (ब्लाइंड/लो विजन) के लिए आरक्षित है।
* उम्र में छूट के बारे में ज्यादा जानकारी के लिए कृपया विस्तृत विज्ञापन के 'छूट' संबंधी कॉलम को देखें।
अन्य जानकारी और शर्तों इत्यादि के लिए कृपया हमारी वेबसाइट https://crridom.gov.in पर जाएं और बताए गए प्रक्रियाओं के अनुसार आवेदन करें। इस विज्ञापन से संबंधित भविष्य की सभी सूचनाएं (यानी अंतिम तिथि का विस्तार, परीक्षा के आयोजन संबंधी सूचना, परिणाम इत्यादि) केवल CSIR-CRRI की आधिकारिक वेबसाइट पर उचित समय पर अधिसूचित की जाएंगी।
CBC 36211/12/0009/2526 — हस्ताक्षरित/- वरिष्ठ प्रशासनिक नियंत्रक

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 29-01-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGG7 User: cci Time: 01-28-2026 22:15 Color:

आज बारिश के बीच हो सकती है बीटिंग रिट्रीट

वीकेंड पर फिर बारिश की संभावना

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

बीते मंगलवार को हुई बारिश, ऊंचाई पर छाए बादल और नीचले स्तर पर नमी की अधिकता की वजह से इस समय दिन और रात का तापमान लगभग एक जैसा महसूस हो रहा है। बुधवार को अधिकतम और न्यूनतम तापमान का अंतर महज 5.8 डिग्री रहा। पूरे दिन धूप नहीं निकली। आज से स्थिति में कुछ सुधार होगा। न्यूनतम तापमान में गिरावट आएगी। वहीं, वीकेंड पर एक बार फिर बारिश वापसी कर सकती है।

वेदर एक्सपर्ट नवदीप दहिया के अनुसार ऊपरी स्तर पर कोहरा है, निचली सतह पर बादल छाए हुए हैं। इसकी वजह से दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, पश्चिमी यूपी के कुछ हिस्सों में धूप नहीं है। विजिबिलिटी कम है। धीरे धीरे हवाओं की गति बढ़ने से स्थिति में सुधार होगा और बादल छंटेंगे। इससे नमी का स्तर भी कम होगा और सूरज की किरणें धरती पर पहुंचेंगी। 29 जनवरी को धूप खिल सकती है। न्यूनतम तापमान में कमी आ सकती है। आईएमडी के अनुसार बुधवार को अधिकतम तापमान 18.4 डिग्री रहा। यह सामान्य से 3.7 डिग्री कम रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री रहा। यह सामान्य से 4.2 डिग्री अधिक रहा। इस तरह अधिकतम और न्यूनतम तापमान का अंतर महज 5.8 डिग्री रहा। पालम में अधिकतम तापमान महज 16.5 डिग्री रहा। लोदी रोड में यह 18 डिग्री, रिज में 17.7 और आया नगर में 17 डिग्री रहा। पूर्वानुमान के अनुसार 29 व 30 जनवरी को आंशिक बादल छाए रहेंगे। हल्के से मध्यम कोहरा रहेगा। अधिकतम तापमान 17 से 20 डिग्री और न्यूनतम तापमान 6 से 9 डिग्री तक रह सकता है। 31 जनवरी को एक बार फिर बारिश की वापसी के आसार है। बादल छाए रहेंगे। शाम के समय हल्की बारिश और तेज हवाएं चलेंगी। हवाओं की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे के आसपास रह सकती है।

दिन-रात के तापमान का अंतर 5.8 डिग्री रहा बुधवार को

बीटिंग रिट्रीट के लिए विजय चौक समेत कई सड़कें आज बंद

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

विजय चौक पर आज बीटिंग रिट्रीट समारोह आयोजित किया जाएगा। ट्रैफिक पुलिस ने बीटिंग रिट्रीट समारोह और राष्ट्रपति भवन, नॉर्थ ब्लॉक, साउथ ब्लॉक और संसद भवन की रोशनी देखने के लिए विशेष यातायात व्यवस्था की है। इसके तहत विजय चौक सहित कई मुख्य सड़कों पर 29 जनवरी को दोपहर दो बजे से रात 9:30 बजे तक ट्रैफिक की आवाजाही पूरी तरह बंद रहेगी।

इन प्रमुख सड़कों पर ट्रैफिक पूरी तरह से बंद रहेगा: आज दोपहर दो बजे से रात 9:30 बजे तक विजय चौक, आरए सुनहरी मस्जिद और कृषि भवन के बीच रफी मार्ग, रायसीना रोड आर/ए कृषि भवन से विजय चौक की ओर, आर/ए दारा शिकोह रोड, आर/ए कृष्णा मेनन मार्ग, आर/ए सुनहरी मस्जिद से आगे विजय चौक की ओर और विजय चौक से सी हेक्सागन के बीच कर्तव्यपथ पर ट्रैफिक बंद रहेगा। ट्रैफिक पुलिस ने रिंग रोड, रिज रोड, अरबिंदो मार्ग, मदरसा टी पॉइंट, सफदरजंग रोड, कमाल अतातुर्क मार्ग, रानी झांसी रोड और मिंटो रोड जैसे वैकल्पिक मार्ग अपनाने की सलाह दी है। ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक, रफी मार्ग और सी हेक्सागन के बीच जल चैनलों के पीछे विजय चौक पर रोशनी देखने वालों के लिए शाम सात बजे के बाद पार्किंग उपलब्ध होगी।

बसों के रास्तों में भी बदलाव: समारोह स्थल और इंडिया गेट के आसपास भीड़ से बचने के लिए आज दोपहर दो बजे से रात 9:30 बजे तक डीटीसी और अन्य सिटी बसों के मार्ग बदले रहेंगे। शांति पथ, विनय मार्ग और सरदार पटेल मार्ग से आने वाली केंद्रीय सचिवालय और कनॉट प्लेस जाने वाली बसें पंचशील मार्ग, साइमन बोलिवर मार्ग, वंदे मातरम मार्ग, आरए शंकर रोड और शेख मुजीबुर रहमान रोड से जाएंगी।

केंद्रीय सचिवालय जाने वाली बसें उद्यान मार्ग पर समाप्त होंगी और काली बाड़ी मार्ग, मंदिर मार्ग और शंकर रोड से वापस आएंगी। कनॉट प्लेस जाने वाली बसें मंदिर मार्ग, काली बाड़ी मार्ग, जीपीओ और बाबा खड़क सिंह मार्ग से होकर जाएंगी और भगत सिंह मार्ग, पेशवा रोड, मंदिर मार्ग और शंकर रोड से लौटेंगी। दक्षिणी दिल्ली से तुगलक रोड पर आने वाली और कनॉट प्लेस व केंद्रीय सचिवालय जाने वाली बसों को अरबिंदो चौक से सफदरजंग रोड, कमाल अतातुर्क मार्ग, पंचशील मार्ग और साइमन बोलिवर मार्ग की ओर मोड़ा जाएगा। मंडी हाउस और फिरोज शाह रोड आने वाली तथा बाराखंबा रोड से कनॉट प्लेस जाने वाली बसें शिवाजी स्टेडियम पर समाप्त होंगी और कस्तूरबा गांधी मार्ग व बाराखंबा रोड से वापस लौटेंगी।

आज दोपहर 2 बजे से रात 9:30 बजे तक पाबंदी

शाहजहां रोड से आने वाली कनॉट प्लेस जाने वाली बसें अरबिंदो चौक, सफदरजंग रोड, कमाल अतातुर्क मार्ग और पंचशील मार्ग से होते हुए शिवाजी स्टेडियम तक जाएंगी। दक्षिण की ओर से आने वाली पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, लाल किला और आईएसबीटी कश्मीरी गेट जाने वाली बसें एआईएमएस से रिंग रोड, धौला कुआं, रिज रोड और रानी झांसी रोड के रास्ते चलेंगी।

आश्रम की ओर से पुरानी दिल्ली स्टेशन, लाल किला और आईएसबीटी कश्मीरी गेट जाने वाली बसें आश्रम चौक से रिंग रोड होते हुए राजघाट और सराय काले खां के रास्ते जाएंगी। पुरानी दिल्ली स्टेशन, लाल किला और कश्मीरी गेट से आने वाली तथा दक्षिण व दक्षिण पूर्व की ओर जाने वाली बसें दिल्ली गेट, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, राजघाट, रिंग रोड, सराय काले खां और आश्रम चौक से चलेंगी। विकास मार्ग से आने वाली और दक्षिण की ओर जाने वाली बसें रिंग रोड, सराय काले खां और आश्रम चौक से जाएंगी।



गणतंत्र दिवस परेड में लगातार तीसरे साल दिल्ली पुलिस के दस्ते को बेस्ट मार्चिंग कंटिंजेंट की ट्रॉफी मिली है। दिल्ली पुलिस 1950 से रिपब्लिक डे परेड में भाग ले रही है। यह 18वीं बार है, जब उसका मार्चिंग दस्ता सर्वश्रेष्ठ आंका गया है। यह ट्रॉफी 2024 और 2025 को भी दिल्ली पुलिस की झोली में ही आई थी।

CAQM ने ऐक्शन प्लान का किया रिव्यू

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

कमिशन फॉर एयर क्वॉलिटी मैनेजमेंट (CAQM) के चेयरपर्सन राजेश वर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक हुई। इस बैठक में मेन फोकस राजस्थान के एनसीआर (NCR) क्षेत्र में आने वाले शहर- अलवर, भरतपुर और भिवाड़ी पर रहा।

बैठक के दौरान तीनों शहरों के वार्षिक एक्शन प्लान पर विस्तृत प्रेजेंटेशन दी गई। इसमें वाहनों के धुएं, निर्माण गतिविधियों से निकलने वाले मलबे, सड़कों की धूल, कचरा प्रबंधन और औद्योगिक उत्सर्जन जैसे कारकों पर चर्चा हुई।

कमीशन ने वर्तमान एक्शन प्लान को अपर्याप्त मानते हुए इसे एक हफ्ते के भीतर रिवाइज करने के निर्देश दिए हैं। इस प्लान में सीएक्यूएम ने सड़कों और उनके लिए फंड, फुटपाथ, रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर, मिकैनिकल तरीके से सड़कों की सफाई, सुरक्षित साइकल ट्रैक, एयर क्वॉलिटी मॉनिटरिंग नेटवर्क को बढ़ाने आदि को शामिल करने के निर्देश दिए हैं।

फोकस अलवर, भरतपुर और भिवाड़ी पर रहा

पॉल्यूशन फैलाने वाली 9 फैक्ट्रियां सील की



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

एमसीडी के शाहदरा नॉर्थ जोन की ओर से बुधवार को दो अलग-अलग वॉर्डों में पॉल्यूशन फैलाने वाली 9 फैक्ट्रियां सील की गई। प्रशासनिक अधिकारी रमाशंकर ने बताया कि इनमें से तीन फैक्ट्रियां सुभाष मोहल्ला और छह फैक्ट्रियां करावल नगर ईस्ट में चल रही थीं। उन्होंने बताया कि इन फैक्ट्रियों में फिल्मों को जलाने और शीशा गलाने जैसे काम हो रहे थे। इससे न केवल एयर पॉल्यूशन फैल रहा था, बल्कि जल भी प्रदूषित हो रहा था। उन्होंने बताया कि रिहायशी इलाके में नियमों को ताक पर रखकर चल रही फैक्ट्रियों के खिलाफ यह एक्शन आगे भी जारी रहेगा।

फैक्ट्रियों के खिलाफ यह एक्शन आगे भी जारी रहेगा

www.delhi.nbt.in

TIMES ascent

www.timesascent.com
Catapult your career

To book your Ad logon to: ads.timesofindia.com
ADVERTORIAL AND PROMOTIONAL FEATURE
For advertising queries: Call 18001205474

जॉब्स अलर्ट

● **RSSB**
संस्थान: राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड
पद का नाम: वनपाल
पदों की संख्या: 259
आखिरी तारीख: 4 फरवरी
rssb.rajasthan.gov.in

● **OSSSC**
संस्थान: ओडिशा सब-ऑर्डिनेट स्टाफ सेलेक्शन कमीशन
पद का नाम: फॉरेस्टर, फॉरेस्ट गार्ड, एक्साइज कॉन्स्टेबल
पदों की संख्या: 1518
आखिरी तारीख: 31 जनवरी
वेबसाइट: osssc.gov.in

● **BPSC**
संस्थान: बिहार लोक सेवा आयोग
पद का नाम: सहायक वन संरक्षक
पदों की संख्या: 12
आखिरी तारीख: 2 फरवरी
वेबसाइट: bpsc.bihar.gov.in

● **बैंक**
संस्थान: यूको बैंक
पद का नाम: जनरलिस्ट और स्पेशलिस्ट ऑफिसर्स, सीए
पदों की संख्या: 173
आखिरी तारीख: 2 फरवरी
वेबसाइट: uco.bank.in

संस्थान: एमपी राज्य सहकारी बैंक
पद का नाम: कंप्यूटर ऑपरेटर, सोसाइटी मैनेजर और ऑफिसर ग्रेड
पदों की संख्या: 2076
आखिरी तारीख: 5 फरवरी
वेबसाइट: apexbankmp.bank.in

संस्थान: सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया
पद का नाम: फॉरेन एक्सचेंज ऑफिसर स्केल III और मार्केटिंग ऑफिसर स्केल I
पदों की संख्या: 350
आखिरी तारीख: 3 फरवरी
centralbank.bank.in

● **UPPSC**
संस्थान: उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग
पद का नाम: मेडिकल ऑफिसर, कम्युनिटी हेल्थ, वेटरनरी ऑफिसर, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, होम्योपैथिक मेडिकल ऑफिसर, चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेद), डेंटल सर्जन, ड्रग इंस्पेक्टर, चिकित्सा अधिकारी (यूनानी), चिकित्सा अधिकारी (होम्योपैथिक), वेटिंग ऑफिसर
पदों की संख्या: 2158
आखिरी तारीख: आज तक
वेबसाइट: uppsc.up.nic.in

● **नॉन टीचिंग**
संस्थान: दीपू का हंसराज कॉलेज
पद का नाम: कॉलेज एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर, लैबोरेट्री असिस्टेंट, जूनियर असिस्टेंट, लाइब्रेरी अटेंडेंट और लैबोरेट्री अटेंडेंट
पदों की संख्या: 41
आखिरी तारीख: 5 फरवरी
वेबसाइट: du.ac.in

● **SCI**
संस्थान: सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया
पद का नाम: लॉ क्लर्क कम रिसर्च एसोसिएट्स
पदों की संख्या: 90
आवेदन करने की आखिरी तारीख: 7 फरवरी
वेबसाइट: sci.gov.in

● **RRB**
संस्थान: रेलवे भर्ती बोर्ड
पद का नाम: (ग्रुप डी) असिस्टेंट (ट्रैक मशीन), असिस्टेंट (ब्रिज), ट्रैक मेंटेनर (ग्रुप IV), असिस्टेंट (पी-वे), असिस्टेंट (टीआरडी), असिस्टेंट लोको शेड (इलेक्ट्रिकल), असिस्टेंट ऑपरेशंस (इलेक्ट्रिकल), असिस्टेंट (TL&AC), असिस्टेंट (C&W), प्वाइंट्समैन बी और असिस्टेंट (S&T)
पदों की संख्या: 22000
आवेदन कब से कब तक: 31 जनवरी से 2 मार्च तक
वेबसाइट: rrbapply.gov.in

ऑफिस में ऐसे बनें सबसे अलग और भरोसेमंद

हर कोई चाहता है कि ऑफिस में उसका काम दिखे, उसकी बात सुनी जाए और उसे आगे बढ़ने के मौके मिलें। अगर आप भी खुद को भीड़ से अलग साबित करना चाहते हैं, तो इंतजार करने की जरूरत नहीं है। कुछ आसान आदतें अपनाकर आप अपनी अलग पहचान बना सकते हैं:

जो काम आपको पसंद है, उन्हें पहचानें: कोई भी काम तभी अच्छा होता है, जब उसे करने में मन लगे। इसलिए पहले यह समझें कि आपको कौन-सा काम अच्छा लगता है और आप किसमें बेहतर हैं। अपने पसंदीदा कामों की एक लिस्ट बनाएं। जब आप यह जान जाएंगे कि आपकी ताकत क्या है, तो उसी दिशा में आगे बढ़ना आसान हो जाएगा।

बॉस से खुलकर बात करें: आपके मन में क्या चल रहा है, यह आपके बॉस अपने आप नहीं जान सकते। इसलिए समय-समय पर उनसे बात करें। उन्हें बताएं कि आपने अभी तक क्या किया है और आगे क्या करना चाहते हैं। इससे उन्हें भी समझ आएगा कि आपकी सोच को लेकर क्या प्लान बनाना है।

काम में कोई कमी न छोड़ें: जो जिम्मेदारी आपको मिली है, उसे पूरे मन से निभाएं। काम छोटा हो या बड़ा, अगर आप उसे अच्छे से करते हैं तो लोग नोटिस जरूर करते हैं। मेहनत और ईमानदारी से किया गया काम आपकी सबसे बड़ी पहचान बनता है।

टीम पर भरोसा रखें: ऑफिस में अकेले आगे बढ़ना मुश्किल होता है। उन लोगों से जुड़े रहें जो आपके काम को समझते हैं और आपकी काबिलियत पर भरोसा करते हैं। टीमवर्क से न सिर्फ काम आसान होता है बल्कि आपकी इमेज भी मजबूत बनती है।

सीनियर्स की बातों से सीखें: जो लोग आपसे पहले इस रास्ते से गुजर चुके हैं, उनके अनुभव बहुत काम आते हैं। उनसे सलाह लें, उनकी गलतियों और सफलताओं से सीखें।

एडसिल (इण्डिया) लिमिटेड
(शिक्षा मंत्रालय के अन्तर्गत भारत सरकार का एक "मिनी रत्न" श्रेणी-I सीपीएसई)

भा.वि.प्रा. विज्ञापन संख्या 10, 12 व 14/2025/सीएचक्यू

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में संविदात्मक आधार पर सलाहकारों की नियुक्ति

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भा.वि.प्रा.) की ओर से, एडसिल (इण्डिया) लिमिटेड दिल्ली स्थित भा.वि.प्रा. में विभिन्न पदों पर संविदात्मक आधार पर कार्य करने के लिए योग्य पेशेवरों से आवेदन आमंत्रित करता है।

आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किये जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन, पात्रता मानदंड, वेतन, अनुभव आदि की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट www.aai.aero और www.edcilindia.co.in पर जाएं।

अधिक जानकारी के लिए कोई भी शुद्धिपत्र/संशोधन केवल उपरोक्त वेबसाइटों पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

ऑनलाइन आवेदन दिनांक 29.01.2026 (प्रातः 10:00 बजे) से प्रारंभ होंगे और दिनांक 08.02.2026 को समाप्त हो जाएंगे।

ADWAITA MISSION GROUP OF INSTITUTIONS
A WELL ESTABLISHED Educational Group Run by KERALA Management at Banka District Bihar-813104

REQUIRES

Competent, Experienced, Value Oriented and Passionate Teachers with Proficiency in English

PGTs : English, Hindi, Sanskrit, Maths, Science, Music (Vocal & Instrumental), Dance, Art/Craft, Physical Education (Female)
TGTs : English, Hindi, Maths, Science, Social Science, Computer, Librarian
PRTs : Physics, Chemistry, Maths, Biology, English

Qualification & Salaries as per CBSE norms. Higher start can be considered for deserving candidates.

OFFICE STAFF & ACCOUNTANT: Qualification: B.Com., M.Com. BBA, BCA, MCA & MBA
OFFICE SECRETARY: Qualification: B.Com., M.Com. BBA, BCA, MCA & MBA (Female Only)

(Fooding & Lodging for Outstation Candidates)
The detailed CV with latest photo can be forwarded to: adwaitaaravind@gmail.com within 7 days
Only shortlisted candidates will be intimated with date, time & venue of interview

For any further query please Contact: Mob: 9801820820
Website: www.mandarvidyapith.org
Aravindakshan M. Chairman

विज्ञापन संख्या 11/2026

भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड
आई आर ई एल (इंडिया) लिमिटेड
में
निदेशक (विपणन)

पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 फरवरी, 2026 (15.00 बजे तक) है।

नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि 19 फरवरी, 2026 (17.00 बजे तक) है।

जानकारी के लिए वेबसाइट
https://pesb.gov.in
में लॉग इन करें।

BEML LIMITED
बी ई एम एल
BEML
(A Govt. of India Undertaking)
(Schedule 'A' Company under Ministry of Defence)
Regd. Office: "BEML SOUDHA", 23/1, 4th Main Road, Sampangirama Nagar, Bengaluru-560 027 India

BEML Limited, India's leading multi-technology company under the Ministry of Defence has successfully spearheaded with its realm of producing world-class products over the last six decades, in the core sectors - Defence & Aerospace, Rail, Power, Mining & Construction. BEML invites result-oriented aspirants to partner in its journey towards excellence.

Sl	Position	Vacancy	Advt.No
1.	CGM – Finance	1	KP/S/1/2026 Dt. 28.01.2026
2.	GM – Finance	2	
3.	CGM – HR	2	
4.	CGM – Rolling stock	1	
5.	GM – Metro Business Development	1	
6.	DGM Electronics – Aerospace	1	
7.	DGM – Production Planning	1*	
8.	DGM – Manufacturing	1*	
9.	DGM – Production/Assembly line	1 + 1*	
10.	DGM – Engine Design	1 + 1*	
11.	DGM – Testing & Calibration	1*	
12.	DGM – Electrical & Electronic	1	
13.	Manager – Engine Project	1	
14.	Asst Manager – Analysis	3	
15.	Asst Manager – Design	3 + 1*	
16.	Asst Manager – Engine Testing	3	

* Backlog vacancy.

Motivated & Result oriented professionals seeking challenging roles may please visit the career page on BEML website www.bemlindia.in for detailed advertisement and application process.

एआई इंजीनियरिंग सर्विसेज लिमिटेड
(एयर इंडिया एसेट्स होल्डिंग लिमिटेड कंपनी के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी)

एआई इंजीनियरिंग सर्विसेज लिमिटेड (एआईईएसएल), एयर इंडिया एसेट्स होल्डिंग लिमिटेड कंपनी के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, निम्नलिखित पद को भरने के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करती है:

क्र. सं.	पद	रिक्तियों की संख्या और कार्य स्थान प्रविष्टि	समेकित मासिक वेतन (सभी सम्मलित)
1	कंपनी सचिव	दिल्ली में 1	Rs. 1,20,000/- (सभी सम्मिलित) 3700/- रुपये की वार्षिक वेतन वृद्धि के साथ।

विस्तृत अधिसूचना हमारी वेबसाइट
website www.aiesl.in व www.aiahl.in से देखी या डाउनलोड की जा सकती है

ncrtc **राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम लि.**
(भारत सरकार एवं प्रतिभागी राज्य सरकारों का एक संयुक्त उपक्रम)

(रिक्तियों की सूचना संख्या 01और 02/2026)

एनसीआरटीसी निम्नलिखित पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:

पद का नाम	वेतनमान (₹) और रैंकक्रम	रिक्तियों की संख्या	भर्ती का तरीका
सहायक प्रबंधक / मानव संसाधन	50,000-1,60,000 (आईडीए) ई 2	03 (यूआर)	तत्काल नियुक्ति
सहायक प्रबंधक / परिवहन योजनाकार	50,000-1,60,000 (आईडीए) ई 2	02 (यूआर)	नियमित अनुबंध

यह एक सांकेतिक विज्ञापन है। अनुभव, पात्रता मानदंड, आवेदन पत्र आदि के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया एनसीआरटीसी की वेबसाइट www.ncrtc.in के करियर अनुभाग पर जाएं।
हस्ता/-जीजीएम/एचआर

C.B.S.E. Affiliation No.: 1730254
SILVER OAK SCHOOL
4th Mile Stone, Main Jaipur Road, Alwar (Raj.) Contact No.: 0144-2360999, 9352367311-13
Website: www.silveroakschoolalwar.com Email: silver_oak_alwar@rediffmail.com

REQUIRES

■ PGTs : Physics, Chemistry, English, I.P., Fine Arts & Music (Vocal)
Qualification : Postgraduate & B.Ed.
■ TGTs : English, Social Studies, Mathematics, Science (Physics, Chemistry & Biology)
Qualification : Postgraduate / Graduate & B.Ed.
■ Primary Teacher's (PRTs)
Qualification : Graduation & B.Ed., Freshers & Experience upto 2 yrs. can apply
■ Special Education Teacher
Qualification: B.Ed in Special Education or 2 Yrs. Diploma in Special Education
■ Counselling Wellness Teacher
Qualification: Masters/ Bachelor's in Psychology (Clinical/ Counselling/ Applied/ Educational)

Accommodation for Outstation Candidates. Apply with handwritten application, bio data & recent passport size photograph. Only short listed candidates will be called for interview. Actual Travelling allowance will be reimbursed on producing tickets. (Train Fare sleeper Class and Rs. 1000/- will be provided for Lodging and Food for one day). Salary as per norms.
PRINCIPAL

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 29-01-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP14 User: shrikant.kaushik@timesofindia Time: 01-28-2026 21:19 Color:

आज जिम्मेदारी से बचकर आप कल के दायित्व से नही भाग सकते।

– अब्राहम लिंकन

किसकी लापरवाही

अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान हादसा और बारामती में महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार के विमान का क्रैश होना - ये दो बिल्कुल अलग घटनाएं दिख सकती हैं, लेकिन दोनों ने ही देश को स्तब्ध कर दिया है और दोनों कई सवाल छोड़ गई है। अहमदाबाद केस की जांच अब भी जारी है और हर कुछ दिन ऐसी बातें सामने आती हैं, जिनसे मदद के बजाय उलझन ज्यादा होती है। वहीं, बारामती हादसा शुरू से कई गंभीर कमियों की ओर इशारा कर रहा है।

विजिबिलिटी की कमी । DGCA की ओर से दी शुरुआती जानकारी से साफ है कि विमान के पायलट को रनवे नहीं दिख रहा था। पहली बार लैंडिंग की कोशिश नाकाम हुई, तो विमान ने हवा में फिर से चक्कर लगाया। दूसरी बार भी शुरुआत में रनवे नहीं दिख रहा था, लेकिन कुछ देर बाद कहा गया कि रनवे दिखने लगा है। इसके कुछ क्षणों बाद ही भयानक हादसा हो गया।

बारामती विमान हादसा

खतरनाक स्थितियां । DGCA के मुताबिक, क्रू ने मेडे कॉल नहीं दी। विमानन क्षेत्र में मेडे वह चेतावनी है, जो अति गंभीर स्थिति में जारी की जाती है। अगर आखिरी वक्त में हालात पूरी तरह से नियंत्रण में नहीं थे तो मेडे कॉल क्यों नहीं दी गई? दूसरी चिंता फ्लाइंग कंडीशन को लेकर है। बारामती में ट्रैफिक सर्विस और सूचनाएं एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया नहीं, फ्लाइंग ट्रेनिंग ऑर्गनाइजेशंस की तरफ से उपलब्ध कराई जाती है। ऐसे एयरफील्ड को अन-कंट्रोल्ड कहते हैं और आमतौर पर यहां सुविधाएं कम होती हैं। तो जब विजिबिलिटी का संकट था और दो बार रनवे नहीं दिखा, क्या लैंडिंग के जोखिम को नजरअंदाज किया गया?

अधूरी जांच । अजित पवार जिस विमान में सवार थे, वह VSR Ventures का है। सितंबर 2023 में इसी कंपनी का एक विमान मुंबई एयरपोर्ट पर हादसे का शिकार हो गया था। तब गनीमत रही कि उसमें किसी की जान नहीं गई। हालांकि उस दुर्घटना की अंतिम जांच रिपोर्ट अब तक सार्वजनिक नहीं हुई, जबकि ज्यादातर कार्रवाई पूरी की जा चुकी है। ऐसे मामलों में देरी का मतलब है किसी और दुर्घटना को रोकने के लिए मिलने वाले समय को गंवा देना।

हर हादसा सबक । कंपनी के दोनों विमान अलग हैं और एक हादसे को दूसरे से नहीं जोड़ा जा सकता। यहां मकसद किसी पर दोष डालना भी नहीं। लेकिन, इस क्षेत्र में हर हादसा एक सबक होता है, जिससे सीख लेकर आगे कई हादसों को टाला जा सकता है। जब राजनीतिक तौर पर इतनी बड़ी क्षति हुई है, 5 जानें गई हैं, तब यह कहने भर से जिम्मेदारी पूरी नहीं होती कि सेफ्टी जांच में सब सही मिला था।

गुस्ताख़ी माफ़

कतार पे चर्चा

'भई, ये आजकल कतार पर बवाल क्यों मचा हुआ है?' मियां फिरकी ने दुआ सलाम के ऐन बाद सवाल दाग दिया। उन्होंने जिस अंदाज में बड़े करीने से पान जमाने के बाद ये मसला उठाया, उससे अंदाजा लग गया कि आज भौजाई ने उन्हें नमक तेल की चिंता से मुक्त कर दिया है और वह पूरी फुरसत में हैं।

अखिलेश प्रताप सिंह

'अपना कुछ नहीं मियां। इधर तो क्या आगे, क्या पीछे, सबको लाइन सीधी रखनी है। मसला खास लोगों की अगली और पिछली कतार का है।' 'इसमें खफा होने की क्या बात है? पीछे बैठना तो हौसले वालों का काम है। याद तो तुम्हें भी होगा? अपन कैक्वेचर जो गदर काटते थे क्लास में, वैसा जिगरा दिखा पाए कभी, वो अगली कतार वाले?' मियां ने जवाब में सवाल भी कर दिया।

'मामला हौसले का नहीं, कद और सम्मान का है', मैंने समझाने की कोशिश की। 'ये कद क्या कला है भई, इसका कद् बनाना है क्या? हम पिछली कतार वालों ने कभी इसकी परवाह की? ये नए नए लोग हैं। इन्हें क्या मालूम कि हमारी सफ का वकार क्या है।' मियां एकदम हत्थे से उखड़ गए। पान की पीक को स्वच्छ अभियान के हवाले करते हुए उनने कहा, 'कतार की फिक्र कमजोर दिल वाले किया करते हैं।' 'फिर भी एक सलीका तो होता ही है, जिसका खयाल रखना चाहिए। वरना अव्यवस्था फैल जाए।' मैंने बुद्धिजीवी वाली मुद्रा में कहा। 'देखो, ऐसा है कि ये तुम गोल गोल मुंह बनाकर सलीका और व्यवस्था तो मत ही समझाओ। लड़ना ही है तो अगली और पिछली में किसी तरह फिट होने के लिए नहीं, बल्कि कतार तोड़ने के लिए लड़ो क्योंकि कतार तोड़ने वालों ने ही इस दुनिया को बदला है।'



मियां पूरे मूड में आ चुके थे। उन्हें और छेड़ना ठीक नहीं था। उनने भी पान की दूसरी गिलौरी जमाते हुए कहा, 'कतार का चक्कर ही बुरा है। जो अगली में आ जाते हैं, वे भूल जाते हैं कि कभी वे भी पिछली कतार में थे।'

एकदा

संकलन : दीनदयाल मुरारका

सच्चा शिक्षक

सत्येंद्र नाथ बोस 1916 से 1921 तक कलकत्ता यूनिवर्सिटी में विज्ञान विभाग के एचओडी थे। एक दिन एम.एससी. के छात्र परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाने की मांग लेकर उनके पास गए और कहा कि तैयारी के लिए उन्हें और समय चाहिए। बोस ने पूरे धैर्य और गंभीरता से उनकी बात सुनी। गहन विचार के बाद उन्होंने शांत स्वर में कहा, 'मैं आपकी कठिनाइयों को समझता हूं, लेकिन परीक्षा तिथि बदलने का कोई ठोस और न्यायसंगत कारण नहीं है।' यह उत्तर छात्रों को रास नहीं आया। उन्होंने हड़ताल और अनशन की धमकी दी। ऐसे दबाव के क्षण में भी बोस विचलित नहीं हुए। मुस्कुराते हुए उन्होंने कहा, 'पढ़ाई के लिए पूरा समय पहले से मिलता है, उसे अनुशासन के साथ जीवन में उतरना चाहिए। परीक्षा निकट आने पर अतिरिक्त समय की मांग करना उचित नहीं। मैं अपना पद छोड़ सकता हूं, पर अनुचित दबाव के आगे नहीं झुक सकता।' उनकी यह दृढ़ता छात्रों के लिए आईना बन गई। वे समझ गए कि न्याय, अनुशासन और सत्य से बड़ा कोई तर्क नहीं होता। आत्मचिंतन के बाद छात्रों ने बिना दबाव के परीक्षा तिथि स्वीकार की और निर्धारित समय पर परीक्षा दी। यह घटना सिखाती है कि एक सच्चा शिक्षक विद्यार्थियों को सही मार्ग कैसे दिखाता है।

Subrato Dhar

अजित पवार के जाने से महाराष्ट्र में आई सियासी शून्यता, बन सकते हैं नए समीकरण

अजित दादा बिन कैसी होगी राजनीति



गंगाधर ढोबले

अजित पवार के अचानक चले जाने से महाराष्ट्र की राजनीति पर दूरगामी असर होंगे। सवाल, एनसीपी, पवार घराना, मराठा राजनीति, आरक्षण, चीनी लॉबी, सहकारिता क्षेत्र - सभी प्रभावित होंगे इस हादसे से। कभी बारामती और पवार घराने के इर्दगिर्द घूमने वाली महाराष्ट्र की राजनीति में एक ऐसा शून्य पैदा हो गया है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में दिखाई नहीं देती।

नेतृत्व का संकट | राज्य में इस समय 'ट्रिपल इंजन' सरकार चल रही है। अजित दादा के रूप में उसका एक इंजन फ्टरी से उतर गया है। विधानसभा में अजित गुट के 41 विधायक हैं, जबकि एकनाथ शिंदे के 57 और BJP के 132 विधायक। बहुमत का आंकड़ा 145 का है। जाहिर है कि सरकार पर अजित दादा के चले जाने का असर नहीं होगा, लेकिन उनके गुट में नेतृत्व शून्यता की स्थिति पैदा होगी।

टकराव और अवसर

- NCP अजित गुट के भीतर हो सकता है पद का संघर्ष
- पवार परिवार में एकजुटता की उम्मीद, पर मुश्किलें भी
- मराठा राजनीति बदलेगी, BJP के लिए बनेगा मौका

मुश्किल प्रश्न | अजित की NCP अभी BJP और शिंदे सेना के साथ महायुति में है। अब तक दो उपमुख्यमंत्री थे, उनके जाने के बाद एक पद खाली हो गया। अजित गुट इस पद का दावेदार अवश्य बना रहेगा। वहां अभी कोई सर्वमान्य चेहरा उभरता नहीं दिख रहा, फिर भी छगन भुजबल जैसे कुछ नेता अपना दावा ठोक सकते हैं। इससे आपस में संघर्ष पैदा होगा। यह संघर्ष गुट को कहां ले जाएगा, कितने गुट में बने रहेंगे या कहीं और चले जाएंगे या गुट महायुति में बना रहेगा या नहीं - ये ऐसे प्रश्न हैं जिनका जवाब देना आज मुश्किल है। राजनीति में सब कुछ संभव और जायज होता है।

तीन चेहरे | एक संभावना यह बनती है कि शरद पवार गुट और अजित पवार गुट - दोनों आपस में मिल जाएं। इस तरह के प्रयोग हाल के चुनाव में हुए हैं। यह प्रयोग आगे चला तो एकीकृत NCP का नेतृत्व कौन करेगा, यह सवाल बना ही रहेगा। इस पर पवार परिवार में तीन नाम उभर सकते हैं- एक शरद पवार की पुत्री सुप्रिया सुले, दूसरी अजित दादा की पत्नी सुनेत्रा और तीसरे उनके पुत्र पार्थ।

अभी थिलथ मुश्किल | सुप्रिया सुले के पास अभी अपने पिता शरद पवार के गुट का नेतृत्व है। उनके कारण ही अजित पवार हट गए और NCP दो टुकड़ों में बंट गई। सुप्रिया अभी सांसद हैं। उनकी भाभी सुनेत्रा बारामती से लोकसभा चुनाव हार गई थी, लेकिन बाद में राज्यसभा सांसद बन गईं। दोनों ननद-भौजाई सौम्य स्वभाव की हैं। अजित के पुत्र पार्थ, मावल से लोकसभा का चुनाव हार गए थे। राजनीति में उनका बजूद अभी जमा नहीं है। नेतृत्व को लेकर असहमति के चलते दोनों गुटों का एक होना तत्काल संभव दिखाई नहीं देता। इसलिए अजित गुट का अस्तित्व अभी बना रह सकता है और उनमें आपस में नेतृत्व के मतभेद टालने के लिए तात्कालिक तौर पर सुनेत्रा को प्रमुख बनाया जा सकता है। अजित और शरद गुट एक होते हैं या नहीं, लेकिन BJP फायदे में ही रहेगी। शिंदे गुट भी ताकतवर बना रह सकता है।

मराठा बिखरे हुए | मराठा राजनीति में भी अजित के जाने से पैदा हुई शून्यता भर पाना मुश्किल है। मराठा वैसे भी कई गुटों में बिखर चुके हैं। NCP दो गुटों में बंटी है - शरद पवार और अजित पवार गुट। वहीं, पृथ्वीराज चव्हाण और दिवंगत विलासराव देशमुख से जुड़े नेता अब भी कांग्रेस के साथ हैं। दूसरी ओर अशोक चव्हाण गुट और पद्मसिंह पाटील गुट BJP से जुड़े हैं। सुनेत्रा, पद्मसिंह पाटील घराने से ही हैं। उनके कारण ही अजित दादा BJP के करीब आ गए थे।

आरक्षण आंदोलन | अजित पवार के कारण मराठा आरक्षण आंदोलन पर अंकुश रहा, लेकिन अब वह जोर पकड़ सकता है। ऐसा लग रहा है कि जो इस आंदोलन को सक्षम नेतृत्व देगा, वही आगे मराठों का नेतृत्व करेगा। पर इससे मराठों और छगन भुजबल के नेतृत्व में OBC के बीच टकराव बढ़ सकता है। इसका सत्ता के गलियारों पर भी असर पड़ेगा।

नया टकराव | महाराष्ट्र की सहकारिता चीनी मिलें मराठों की राजनीति का केंद्र रही हैं। शरद पवार को अजित ने ही वहां चुनौती दी थी। अजित जैसे धाकड़ नेता के नहीं रहने से शरद पवार वहां अपने पैर फिर से जमा सकते हैं, लेकिन उनकी उम्र आड़े आएगी। पहले जैसी सक्रियता नहीं रहेगी। इसलिए वहां पैर पसारने का BJP को अवसर मिल सकता है। यदि ऐसा होता है तो पश्चिम महाराष्ट्र में BJP हावी हो सकती है। शिंदे की सेना वहां BJP को रोकने की कोशिश अवश्य करेगी। इसलिए मराठों और BJP में संघर्ष का नया मैदान उभर सकता है। 2029 के चुनाव तक ऐसी स्थिति बन सकती है। राजनीति में किसी के जाने से रिक्तता तो आती ही है, लेकिन यही रिक्तता नए संघर्ष भी पैदा करती है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

कांटे की बात

अमेरिका की खोज पर अब पछता रहे कोलंबस

UGC की ओर से सरकारी कॉलेजों और प्राइवेट यूनिवर्सिटियों में समता समिति बनाने के नए नियम के कुछ प्रावधानों को सामान्य वर्ग के जातिवादी मानसिकता के लोग ही अपने विरुद्ध भेदभाव और साजिश मान रहे हैं। यह उचित नहीं है।

– मायावती, BSP अध्यक्ष

असंभव संवाद

भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच बरसों की बातचीत के बाद आखिरकार मुक्त व्यापार समझौता हो गया। कभी भारत की खोज में निकले क्रिस्टोफर कोलंबस इस डील पर EU पदाधिकारियों से क्या कहते, जानने के लिए चलना होगा उनके समय में।

AI Image

डील की खबर मिलते ही कोलंबस का चेहरा एक पल के लिए चमका और फिर तुरंत ही बुझ गया। 'क्या आप इस समझौते से खुश नहीं हैं?' 'खुशी तो तुम्हारे वक्त के हिस्से आई है। मैं अफसोस में डूबा हूं कि अगर कैलकुलेशन में गलती न हुई होती तो सवा पांच सौ साल पहले ही समुद्र के रास्ते भारत पहुंच गया होता और क्या पता यह डील 500 साल पहले हो गई होती। तब यह उपलब्धि भी मेरे हिस्से आती।' 'हां, लेकिन आपने अमेरिका का रास्ता तो खोज लिया।' 'और अब उसी का गम है। तुम लोगों को नहीं पता, पर तुम्हारी सारी खबर हमें है। अमेरिका को खोजने के लिए मिली इज्जत अब शिकायतों में बदल गई है। काश। उस दिन रास्ता न भटका होता।' 'काश। पर भारत जाकर पता चला - होनी को कौन टाल सकता है!'

जनता जंक्शन इरफान

आज़ाद भारत के सपनों के साक्षी हैं ये भवन

कृषि भवन और शास्त्री भवन के टूटने का मतलब है राजधानी में केंद्र सरकार की दो लैंडमार्क इमारतों का इतिहास के पन्नों में दफन होना। ये भवन सिर्फ ईंट-गारे की संरचनाएं नहीं हैं। ये स्वतंत्र भारत के सपनों, संघर्षों और उपलब्धियों के साक्षी हैं। कृषि भवन में ही देश को भुखमरी से आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने की योजनाएं बनीं। शास्त्री भवन ने शिक्षा, कानून और शासन को मजबूत किया। इन दोनों इमारतों के स्थान पर कॉमन सेंट्रल सेक्रेटेरिएट (CCS) प्रोजेक्ट के तहत चौथी और पांचवीं इमारतें बनाई जाएंगी। सरकार ने बीते दिनों इस बारे में घोषणा की थी।

विवेक शुक्ला

कृषि भवन और शास्त्री भवन क्रमशः 1957 और 1967 में बने। कृषि भवन को डिजाइन किया था केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के वास्तुकारों ने। यह मुख्य रूप से कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य पालन मंत्रालय का मुख्यालय रहा है। इसी कृषि भवन में 1960 के दशक में हरित क्रांति की नींव रखी गई। यहां महान कृषि वैज्ञानिक डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन और मेक्सिको के चोटी के कृषि वैज्ञानिक नॉर्मन बोरलॉग हरित क्रांति को लेकर किसानों और कृषि वैज्ञानिकों से मंत्रणा किया करते थे। इसी कृषि भवन से सी. सुब्रमण्यम, बाबू जगजीवन राम, शरद पवार, देवी लाल जैसे दिग्गज नेताओं ने देश के कृषि मंत्री के रूप में काम किया।

साड्डी दिल्ली

आपको गजेंद्र प्रसाद रोड (पहले कर्जन मेरी रोड) पर स्थित शास्त्री भवन से अधिक केंद्र सरकार के दफ्तर शायद ही किसी अन्य इमारत में मिलें। यहां से मानव संसाधन विकास मंत्रालय (अब शिक्षा मंत्रालय), विधि एवं न्याय मंत्रालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, विधायी विभाग, संस्कृति मंत्रालय, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय आदि काम करते रहे हैं।

सतीश गुजराल के बनाए भित्ति चित्र शास्त्री भवन और सुंदर व आकर्षक बनाते हैं। सवाल यह है कि शास्त्री भवन के टूटने के क्रम में इन भित्ति चित्रों का क्या होगा। सवाल यह भी है कि इन दोनों भवनों के टूटने और बनने के दौरान शास्त्री भवन और कृषि भवन में रहने वाले सैकड़ों बंदर कहां जाएंगे। ये दिन भर इन दोनों भवनों में घूमते रहते हैं। इधर सारा दिन हजारों सरकारी मुलाजिम और सैकड़ों बंदर बिना एक-दूसरे को कष्ट दिए अपने काम करते हैं।

लंच के समय यहां का माहौल देखने लायक हो जाता है। छोटे-छोटे समूहों में सरकारी बाबू भोजन कर रहे होते हैं। इन समूहों के आसपास बंदर भी बैठ जाते हैं। ये वाकायदा सरकारी कर्मियों से अपना लंच शेयर करने के लिए इशारा करते हैं। सब कुछ प्रेम से चलता है। यहां मानव और पशु के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों को देखकर अच्छा लगता है।

ख़ुशनसीब को ही मिलते हैं संस्कार देने वाले माता-पिता

जैन मुनिश्री तरुणसागरजी

हर सुबह एक छोटी-सी प्रार्थना जरूर करें। कहें- हे प्रभु! मेरे पैर अपंगों के पैर बन जाएं। मेरी आंखें अंधों की आंखें बन जाएं। मेरे हाथ बेसहारों के लिए सहारा बन जाएं। दुख और शोक में संतप्त आंसू बहाते लोगों के लिए सांत्वना देने में मेरी जीभ हमेशा काम आए। किसी गरीब और रोगी की सेवा में मेरा पसीना बहे, कोई अतिथि कभी मेरे दरवाजे से भूखा-प्यासा न जाए। हे प्रभु! अपने इस बालक को हमेशा इस लायक बना कर रखना। प्रभु! मेरा प्रणाम स्वीकारें।

जन्मदाता मां-बाप तो कुत्ते और गधे के बच्चों को भी मिल जाते हैं, लेकिन संस्कार-दाता मां-बाप किसी खुशनसीब औलाद को ही मिलते हैं। वे पुत्र बड़े खुशनसीब हैं, जिन्हें बचपन में मां-बाप ने उनकी अंगुली पकड़कर सिर्फ चलना ही नहीं सिखाया, बल्कि मंदिर जाना भी सिखाया। अपने बच्चों को सिर्फ कॉपी और गोद में मत बिठाइये, बल्कि उन्हें संस्कार की पाठशाला में भी दाखिल कराइए। अपने बच्चे के सुख की चिंता तो कोई भी मां कर लेती है। मां तो वह है, जो अपनी संतान के सुख के साथ अच्छे संस्कारों की भी चिंता करती है। दुनिया में बुराइयां हैं, लेकिन क्यों? क्योंकि अच्छे लोग अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहे। अच्छे लोग एकांतवासी होने जा रहे हैं। अपनी प्रतिष्ठा और नाम को बचाए रखने के लिए लोग बुरे लोगों के लिए कुर्सी खाली कर रहे हैं। याद रखना- कुर्सी कभी खाली नहीं रहती। अच्छे लोग उस पर नहीं बैठेंगे तो स्वाभाविक है बुरे लोग उस पर कब्जा कर लेंगे और फिर संचालन की डोर उनके हाथों में होगी। इस देश में आज यही हो रहा है। परिणाम सबके सामने है।

कड़वे प्रवचन

मेरा खयाल है कि अब शादी के समय लड़का और लड़की की कुंडली मिलाने की जगह लड़की और उसकी होने वाली सास की कुंडली मिलानी चाहिए। कारण कि इन दोनों का ही दिन-भर आमना-सामना होता है। लड़का-लड़की की कुंडली क्या मिलाना, वे तो यूं ही मिल जाएंगे। सुखी गृहस्थी के लिए वर-वधू को शादी के समय सिर्फ यही एक संकल्प लेना चाहिए कि मैं आग बन तो तू पानी बन जाना और तू अंगार बनेगी तो मैं जलधार बन जाऊंगा।

(साभार : डायमंड बुक्स)

5000 साल पुरानी कहानी बताएगा भाला

अभिषेक मिश्र

दक्षिण तमिलनाडु में खुदाई के दौरान मिले एक भाले ने इतिहासकारों को रोमांचित कर दिया है। आज के घरों के दरवाजे जितना लंबा यह भाला लगभग पांच हजार साल से धरती में दफन था। खोजकर्ताओं को उम्मीद है कि इसके साथ उस वक्त की कई कहानियां भी सामने आएंगी।

सबसे लंबा औजार । यह भाला चेन्नै से 600 किमी और तूतुकुड़ी जिले के शिवगलाई से करीब 80 किलोमीटर दूर बसे तिरुमलपुरम गांव में मिला है। शिवगलाई वही गांव है, जहां पुरातात्विक शोधों से पता चला है कि 3345 ईसा पूर्व यानी आज से करीब 5,300 साल पहले लौह युग की शुरुआत हुई होगी। पुरातत्वविदों के मुताबिक, यह भारत में अब तक पाया गया लोहे का सबसे लंबा औजार है।

हथियार या परंपरा । 8 फीट लंबे इस भाले के इस्तेमाल को लेकर फिलहाल दो थियरी हैं। अनुमान है कि इसे किसी खास लड़ाकू योद्धा के लिए बनाया गया होगा, जैसे किसी कबीले का सरदार। वह इसी से अपनी संपत्ति और पवित्रियों की रक्षा करता होगा। एक अनुमान यह भी है कि इसे किसी खास व्यक्ति की मौत के बाद उसके साथ दफनाए जाने के लिए गढ़ा गया हो। दरअसल, कई सभ्यताओं में मरने वाले के साथ उसकी प्रिय चीजें भी दफनाने का रिवाज था।

टाइम मशीन

दो भाले मिले । तिरुमलपुरम में खुदाई में एक कलश भी मिला है। 8 फीट लंबा भाला इसके पास ही था। साथ में 6.5 फीट लंबा एक और भाला मिला। इन दोनों को आपस में 'X' आकार में रखा गया था। खुदाई करने वाले वसंत कुमार ने बताया कि कलश में सोने भी थे। इसके आसपास लोहे की कई वस्तुएं थीं। लंबे वाले भाले का सिरा गोल है, जिससे लगता है कि शायद इसे पकड़ने के लिए बनाया गया होगा। इसलिए कहा जा रहा है कि लड़ाकू योद्धा इसका इस्तेमाल करते होंगे।

खंजर और तलवारें । बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (BHU) में लौह युग की विशेषज्ञ और पुरातत्व विभाग की सेवानिवृत्त प्रोफेसर विभा त्रिपाठी का कहना है कि प्राचीन योद्धा इन भालों का इस्तेमाल करते होंगे, क्योंकि जहां ये दफनाए गए थे, वहां से खंजर, तलवारें, चाकू भी मिले हैं। पांच हजार साल बाद भी ये सुरक्षित कैसे रहे? प्रोफेसर विभा इसकी वजह स्थानीय परिस्थितियां बताती हैं। उनके मुताबिक, इस इलाके की शुष्क जलवायु से लोहे के औजार संरक्षित रहते हैं।

चैंबर में सुरक्षित । विभा त्रिपाठी ने बताया कि भारत में वस्तुओं के संरक्षण की स्थिति अलग-अलग है। इन सामान को जमीन में चैंबर बनाकर रखा गया होगा, क्योंकि यहां लोहे का संरक्षण बेहतर तरीके से हो सकता है। गंगा के मैदानी इलाकों में मिट्टी में नमी होती है, जिससे लोहे में तेजी से जंग लगती है। कभी-कभी तो जंग की वजह से पुरातत्वविदों को लोहे का सिर्फ निशान मिल पाता है, बाकी सामान बचता ही नहीं।

रिसर्च की जरूरत । पुणे के डेक्कन कॉलेज में प्राचीन इतिहास के प्रोफेसर रहे आर.के. मोहंती का मानना है कि यह भाला आम युद्ध के लिए नहीं, किसी खास रस्म या प्रदर्शन के लिए बनाया गया होगा। उनके अनुसार, यह उस व्यक्ति की सामाजिक हैसियत और रुतबे को दिखाने का तरीका भी हो सकता है, जिसे वहां दफनाया गया था। दोनों विद्वानों का कहना है कि इस खोज पर और गहराई से वैज्ञानिक जांच होनी चाहिए, ताकि दुनिया भर में इसे सही तरीके से स्वीकार किया जा सके और यह समझा जा सके कि इस इलाके में लोहे की तकनीक कैसे आगे बढ़ी।

रीडर्स मेल

जायज चिंता

28 जनवरी का संपादकीय 'संतुलन की जरूरत' पढ़ा। किसी भी नए कानून का उद्देश्य होना चाहिए बेहतर और संतुलित समाज बनाना। सुप्रीम कोर्ट ने UGC को नए नियम बनाने के निर्देश दिए थे। मकसद उच्च शैक्षणिक संस्थानों में समानता को बढ़ावा देना था, लेकिन रेगुलेशंस जिस रूप में लागू हुए हैं, उससे एक वर्ग में असुरक्षा और आशंका दिखती है। नया कानून कुछ मामलों में अस्पष्ट है, जैसे फर्जी शिकायत करने पर क्या सजा मिलेगी? सरकार को लोगों के सभी सवालों का जवाब देना चाहिए।

योगराज धूपर, द्वारका मोड़

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 29-01-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP15 User: vinay.vashisht@timesofindia.co Time: 01-28-2026 22:30 Color:

फटाफट खबरें

जस्टिस पर टिप्पणी में SC का नोटिस

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को तमिलनाडु सरकार से उस याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें मद्रास हाई कोर्ट के जस्टिस जी. आर. स्वामीनाथन पर कथित तौर पर जाति, धर्म आधारित टिप्पणियां करने वाले प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। मामला मदुरै के थिरुपरनकुंड्रम पहाड़ी पर 'कार्तिगई दीपम' से जुड़ा है।

धार्मिक विवाद पर मध्यस्थ नियुक्त

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : लंबे समय से चले आ रहे धार्मिक विवाद के समाधान के लिए सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने बुधवार को पूर्व जस्टिस संजय किशन कौल को तमिलनाडु के कांचीपुरम स्थित श्री देवराजस्वामी मंदिर में अनुष्ठानों के निर्वहन को लेकर विवाद को सुलझाने के लिए प्रधान मध्यस्थ नियुक्त किया।

निगरानी कमिटी का कार्यकाल बढ़ा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर में हुई जातीय हिंसा की घटना से जुड़े मानवीय पहलुओं की निगरानी के लिए गठित जस्टिस गीता मित्तल की अगुवाई वाली तीन मेंबरों की समिति का कार्यकाल जुलाई 2026 तक बढ़ा दिया। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने मंजूरी दी। कोर्ट सलाहकार एडवोकेट विभा मखीजा ने बताया कि अब तक समिति 42 रिपोर्ट दे चुकी है।

कार्ति की चुनौती पर CBI को नोटिस

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दिल्ली हाई कोर्ट ने कथित चीनी वीजा मामले में निचली अदालत के भ्रष्टाचार और साजिश का आरोप तय करने के आदेश के खिलाफ कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम की ओर से दाखिल याचिका पर बुधवार को सीबीआई से जवाब मांगा। जस्टिस मनोज जैन की बेंच ने हालांकि इस स्तर पर निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

इंदौर में गंदे पानी से 29वीं मौत का दावा

■ भाषा, इंदौर : इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में 62 साल के शख्स की मौत के बाद परिजनों ने बुधवार को कहा कि उनको दूषित पेयजल से फैले उल्टी-दस्त के प्रकोप के कारण जान गंवानी पड़ी है। इसके बाद स्थानीय लोगों ने इस प्रकोप में अब तक 29 लोगों की मौत का दावा किया है। हालांकि, मध्यप्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर पीठ में 27 जनवरी को राज्य सरकार की ओर से पेश डेथ ऑडिट रिपोर्ट में आशंका जताई गई है कि 16 लोगों की मौत का संबंध दूषित पेयजल के कारण उल्टी-दस्त से हो सकता है।

पाकिस्तान के लिए जासूसी में सजा

■ नई दिल्ली, आईएएनएस : राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) की विशाखापत्तनम कोर्ट ने जासूसी मामले में एक दोषी को साढ़े पांच साल की सजा सुनाई है। अल्ताफ हुसैन घांची उर्फ शकील ने पाकिस्तान के लिए जासूसी के रूप में भारतीय सिम कार्ड का गलत इस्तेमाल और सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म का दुरुपयोग किया था। एनआईए के अनुसार, शकील ने सुनवाई के दौरान अपना जुर्म कबूल किया।

राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान विपक्ष और सत्ता पक्ष में तकरार

जी राम जी पर की नारेबाज़ी, नड्डा बोले- मांफी मांगे विपक्ष

■ NBT रिपोर्ट/भाषा, नई दिल्ली

विपक्ष ने बुधवार को संसद की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के संबोधन के दौरान 'विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम' का विरोध करते हुए नारेबाजी की। सरकार ने इसकी निंदा करते हुए कहा कि विपक्ष को माफी मांगनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और किरेन रिजिजू ने विपक्ष को निशाने पर लिया।

रिजिजू ने आरोप लगाया कि विपक्षी सदस्यों ने अपने आचरण से देश को शर्मिंदा किया और राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान नारे लगाकर सरदार वल्लभभाई पटेल, बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर, बिरसा मुंडा, भूपेन हजारिका, गुरु तेग बहादुर और बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय का भी अपमान किया। नड्डा ने कहा कि जिस तरह से इन लोगों ने संसद की गरिमा को नुकसान पहुंचाया, वह बेहद निंदनीय है। उन्हें संसद और देश से माफी मांगनी चाहिए। राष्ट्रपति मुर्मु ने जैसे ही संबोधन शुरू किया, कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के सदस्यों ने जी राम जी अधिनियम' के खिलाफ नारे लगाए और इसे वापस लेने की मांग की।

जब अपने अभिभाषण में मुर्मु ने नए कानून का उल्लेख किया तो विपक्षी सदस्य फिर से नारे लगाने लगे। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे सहित विपक्षी सदस्य खड़े हो गए और कानून के प्रति विरोध जताया। इस पर राष्ट्रपति एक पल के लिए रुकीं, फिर उन्होंने संबोधन जारी रखा।

PTI

सत्र के पहले दिन संसद में राष्ट्रपति, पीएम, केंद्रीय मंत्री और सांसद

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का अभिभाषण राष्ट्र की संवैधानिक परंपराओं, लोकतांत्रिक मूल्यों और भारत के भविष्य के स्पष्ट विजन को रेखांकित करता है। 'विकसित भारत' की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतिबिंब है। **-नितिन नवीन, राष्ट्रीय अध्यक्ष, बीजेपी**

बजट सत्र के हंगामेदार रहने के आसार

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : बजट सत्र के पहले दिन I.N.D.I.A. ब्लॉक के फ्लोर लीडरों की बैठक हुई। इसमें कई विपक्षी दलों के सांसद शामिल हुए। तय हुआ कि सत्र में जी राम जी, विशेष गहन पुनरीक्षण, विदेश नीति समेत कई मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाया जाएगा। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान सभी विपक्षी दलों ने पूरे सम्मान और गरिमा के साथ मनरेगा को से खत्म किए जाने के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। विपक्ष मनरेगा की बहाली की मांग को लेकर सभी लोकतांत्रिक तरीकों का इस्तेमाल करेगा। कांग्रेस ने संकेत दिया है कि वह संसद में जी राम जी, एसआईआर, विदेश नीति और अन्य मुद्दों पर सरकार से जवाब मांगेगी। वहीं, सरकार की ओर से कहा गया है कि जी राम जी अधिनियम और एसआईआर जैसे विषयों पर पहले ही चर्चा हो चुकी है। विपक्ष के आक्रामक रुख और सरकार की सख्त प्रतिक्रिया को देखते हुए सत्र के हंगामेदार रहने के आसार हैं।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जिक्र

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण के साथ बुधवार को संसद के बजट सत्र की शुरुआत हो गई। राष्ट्रपति ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान विश्व ने भारतीय सेना का शौर्य और पराक्रम देखा। भारत ने अपने संसाधनों के बल पर आतंकियों के अड्डों को ध्वस्त किया था। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए मिशन सुदर्शन चक्र पर भी काम हो रहा है। मुर्मु ने विकसित भारत का संकल्प, भारत की सुरक्षा, आत्मनिर्भरता, स्वदेशी का अभियान, एकता के लिए प्रयास पर सांसदों से एकमत होने का आह्वान किया। उन्होंने महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, बाबा साहेब आंबेडकर, सरदार वल्लभभाई पटेल समेत कई महापुरुषों को याद करते हुए कहा कि इन सबका मत रहा कि लोकतंत्र में विषयों पर मतभेद स्वाभाविक है, लेकिन कुछ विषय मतभेदों से परे हैं। सरकार के तीसरे कार्यकाल में गरीबों को सशक्त बनाने का अभियान तेज हुआ है। सरकार भ्रष्टाचार और घोटाला से मुक्त प्रशासन देने में सफल रही है।

SC बोला, दस्तावेज़ तो कोई भी जाली हो सकता है

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com



■ **नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को भारत निर्वाचन आयोग से उस आवेदन पर जवाब मांगा, जिसमें अदालत के पहले दिए गए निर्देशों 'तार्किक विसंगतियों' (logical discrepancy) की लिस्ट के प्रकाशन को तमिलनाडु तक विस्तारित करने की मांग की गई है। इसी बीच SIR में सत्यापन दस्तावेज के रूप में आधार कार्ड के उपयोग पर की जा रही आपत्तियों पर सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया और कहा कि दस्तावेज तो कोई भी जाली हो सकता है। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) में सत्यापन दस्तावेज के रूप में आधार कार्ड के उपयोग पर की जा रही आपत्तियों पर सवाल उठाए। टिप्पणी की कि पासपोर्ट जारी करने की प्रक्रिया तक निजी एजेंसियों को आउटसोर्स की गई है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है, जिनमें एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती दी गई है। इनमें अश्विनी उपाध्याय की वह याचिका भी शामिल है, जिसमें सभी राज्यों में मतदाता सूचियों के देशव्यापी पुनरीक्षण की मांग की गई है। अश्विनी उपाध्याय की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विजय हंसरिया ने SIR प्रक्रिया में सत्यापन के लिए आधार को दस्तावेज के रूप में स्वीकार करने का विरोध किया।

> SIR में आधार कार्ड के उपयोग पर की जा रही आपत्तियों पर किया सवाल

SIR पर नवीन और ममता आए आमने-सामने

■ **भाषा, कोलकाता :** बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को टीएमसी सरकार पर घुसपैठ को संरक्षण देकर राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने और वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के दौरान मतदाताओं को परेशान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि एक ओर निर्वाचन आयोग घुसपैठियों और फर्जी मतदाताओं को हटाने के लिए दृढ़ संकल्पित है, तो दूसरी ओर ममता सरकार भय का माहौल बनाकर और गलत सूचना फैलाकर एसआईआर प्रक्रिया को पटरी से उतारने की कोशिश कर रही है। वहीं, सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि एसआईआर की आड़ में एनआरसी को लागू करने की साजिश रची गई। हुगली के सिंगूर में आयोजित जनसभा में सीएम ने कहा कि राज्य में कृषि और उद्योग दोनों साथ-साथ फले-फूलेंगे।

CBSE 12वीं की क्वॉलिफिकेशन को मान्यता देगी कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI Image

■ इंडिया में सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज भी शुरू किया जाएगा

कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी ने कुछ अंडरग्रैजुएट कोर्सेज में सीबीएसई बोर्ड 12वीं की क्वॉलिफिकेशन को मान्यता देने का फैसला किया है। भारत में 'कैम्ब्रिज-इंडिया सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज' (CAS) भी शुरू किया गया है, जहां रिसर्च और इनोवेशन पर फोकस होगा। कैम्ब्रिज और भारतीय छात्र जॉइंट प्रोजेक्ट कर सकेंगे। ब्रिटिश हाई कमिशन की ओर से जारी मीडिया बयान में कहा गया है कि नई पहल UK-इंडिया विजन-2035 के तहत भारतीय छात्रों और रिसर्चरों के लिए इस ईकोसिस्टम तक पहुंच बढ़ाती है।

भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त लिंडी कैमरून ने कहा कि कैम्ब्रिज-इंडिया सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज का मकसद इनोवेशन, रिसर्च और शिक्षण के क्षेत्र में काम करने पर है। दिल्ली में यूनिवर्सिटी के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ आए वाइस चांसलर प्रफेसर डेबोरा प्रेंटिस ने यह भी घोषणा की कि यूनिवर्सिटी कुछ ग्रैजुएशन कोर्सेज में सीबीएसई 12वीं क्लास की योग्यता को भी स्वीकार करेगा। सीबीएसई स्कोर के साथ कुछ अतिरिक्त शर्तों को भी पूरा करना होगा। इससे भारतीय छात्रों को कैम्ब्रिज में पढ़ने के बेहतर मौके मिलेंगे।

मुंबई : फ्लाइओवर की डिजाइन पर बवाल

4 लेन का फ्लाइओवर कर दिया दो लेन में!



900 मीटर लंबे फ्लाइओवर को तीन हिस्से में बांटा गया

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

मीरा-भाईंदर हाइवे पर बन रहे फ्लाइओवर में मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण (MMRDA) की अनोखी डिजाइन की चर्चा देशभर में है। इसके 4 लेन को अचानक बिना किसी कर्व के दो लेन में बदल दिया गया है। वह डबल डेकर फ्लाइओवर का निचला हिस्सा है, जिससे गाड़ियां जाएंगी, जबकि उसी पिलर पर ऊपर से मेट्रो दौड़ेगी। MMRDA ने अपनी सफाई में कहा कि लेन का यह बदलाव एक सोची-समझी इंजिनियरिंग का फैसला है। फ्लाइओवर भाईंदर (ईस्ट) के लिए दो लेन के साथ डिजाइन हुआ है। भविष्य में एक और एक्सटेंशन के हिस्से के तौर पर भाईंदर (वेस्ट) की ओर अतिरिक्त दो लेन के लिए जगह छोड़ी गई है।

आदित्य ठाकरे ने डिप्टी सीएम शिंदे पर कसा तंज

शिवसेना UBT के विधायक आदित्य ठाकरे ने कहा कि लोगों को एमएमआरडीए का मजाक नहीं बनाना चाहिए। अगले साल, इसी डिजाइन को दूसरे देशों को सिखाने के लिए एमओयू किया जाएगा। इस तरह से लेन घटाने से ट्रैफिक जाम की समस्या होगी। आप खुद सोच लीजिए कि एमएमआरडीए के इंचार्ज मंत्री कौन हैं। दरअसल, एमएमआरडीए शहरी विकास मंत्रालय के तहत आता है, जिसकी जिम्मेदारी डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के पास है। आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली का कहना है कि प्रॉजेक्ट फेल हो गया है। अधिकारियों से वसूली होनी चाहिए।

भारतीय पास्चर संस्थान
कुन्नूर 643 103, नीलगिरी, तमिलनाडु
PASTEUR INSTITUTE OF INDIA
COONOOR 643 103, NILGIRIS, TAMILNADU

पास्चर इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया, कुन्नूर, भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली के अधीन एक स्वायत्त निकाय के रूप में कार्य कर रहा है।

योग्य उम्मीदवारों से विस्तृत विज्ञापन में उल्लिखित निर्धारित योग्यता/अनुभव रखने वाले निम्नलिखित सीधी भर्ती पदों पर नियुक्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

क्र. सं.	पद का नाम	7वें सीपीसी के अनुसार वेतन स्तर	एससी	एसटी	ओबीसी	ईडब्ल्यूएस	यूआर	कुल
1.	अनुसंधान अधिकारी	स्तर - 10 (रु. 56100-177500)	1	-	1	1	1	4
2.	पशु चिकित्सा सहायक सर्जन	स्तर - 10 (रु. 56100-177500) + एनपीए	-	-	-	-	2	2
		कुल						6

ऑनलाइन आवेदन पोर्टल www.aiimsexams.ac.in पर उपलब्ध है: विस्तृत विज्ञापन के लिए कृपया अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली और पास्चर इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया, कुन्नूर के लिए ग्रुप-ए (गैर-संकाय) - आईजीए-2.0 की भर्ती परीक्षा हेतु नोटिस संख्या 03/2026 दिनांक: 22/01/2026 का संदर्भ लें। ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 20.02.2026 को शाम 5.00 बजे तक है।

विवरण संस्थान की वेबसाइट: **www.pasteurinstituteindia.in** पर भी उपलब्ध है।

CBC 17178/12/0005/2526 **निदेशक/DIRECTOR**

उत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना

निविदा सं. 46255486 के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए कार्यरत सहायक सामग्री प्रबंधक द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार है:-

1	कार्य का नाम	AXLE POWERED ASSEMBLY COMPARISING OF AXLE, WHEEL AND ADGB (AXLE DRIVE GEAR BOX) FOR 04 WHEELER TOWER WAGON (PHOOLTAS MAKE) PART NO. OHE4-0100/02 REV-02
2	कार्य की अनुमानित लागत	11321024/-
3	मात्रा	02 Nos.
4	निविदा की बोली प्रस्तुत (जमा) करने की तिथि एवं समय	27.02.2026 (11:00 Hrs.)
5	निविदा दस्तावेजों को खोलने की तिथि एवं समय	27.02.2026 (11:00 Hrs.)
6	वेबसाइट की विवरण, जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है।	www.ireps.gov.in

टिप्पणी: (i) ई-निविदा प्रणाली में शामिल होने के लिए निविदादाता को भारतीय रेल ई-प्रापण प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात् www.ireps.gov.in पर पंजीकृत होना चाहिए। (ii) सभी नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। (iii) कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं है। एनआईटी सं. 46255486 दिनांक:-28-01-2026 308/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना

निविदा सं. 44255482 दिनांक 20/02/2026 के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए कार्यरत उप मुख्य सामग्री प्रबंधक द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार है

1.	कार्य का नाम: Supply and installation of waterless urinal in three phase locomotive as per RDSO specification no.RDSO/2023/EL/FRS/0034 REV-I issued in aug-2024 or latest.
2.	कार्य की अनुमानित लागत: 15446200.00
3.	मात्रा: 70 sets
4.	निविदा की बोली प्रस्तुत (जमा) करने की तिथि एवं समय: 20.02.2026 (11:00 Hrs.)
5.	निविदा दस्तावेजों को खोलने की तिथि एवं समय: 20.02.2026 (11:00 Hrs.)
6.	वेबसाइट की विवरण, जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है: www.ireps.gov.in

टिप्पणी: (i) ई-निविदा प्रणाली में शामिल होने के लिए निविदादाता को भारतीय रेल ई-प्रापण प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात् www.ireps.gov.in पर पंजीकृत होना चाहिए। (ii) सभी नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। (iii) कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं है।
सं. 44255482 दिनांक: 24.01.2026 303/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड
MMRC
(भारत सरकार और महाराष्ट्र सरकार का एक संयुक्त उद्यम)

प्रणाली एवं परियोजना विभाग में पदों के लिए भर्ती विज्ञापन - ०१/२०२६

मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एम.एम.आर.सी.एल), भारत सरकार और महाराष्ट्र सरकार का एक संयुक्त उपक्रम, ... मेट्रो लाइन 3 का ... कर रहा है।

... "Careers" टैब के अंतर्गत जाएं।

स्थान : मुंबई

हस्ताक्षर/-
प्रबंध निदेशक
मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
अंसारी नगर, नई दिल्ली – 110 029
परीक्षा अनुभाग
विज्ञापन संख्या 03/2026

एम्स, नई दिल्ली और पास्चर इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया, कुन्नूर, तमिलनाडु के लिए समूह-ए (गैर-संकाय) (आईजीए-2.0) भर्ती परीक्षा

एम्स, नई दिल्ली और पास्चर इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया, कुन्नूर, तमिलनाडु में विभिन्न समूह-ए (गैर-संकाय) पदों पर भर्ती के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पदों का विवरण और पात्रता एम्स की वेबसाइट www.aiimsexams.ac.in पर उपलब्ध विज्ञापन में देखी जा सकती है। परीक्षा केवल ऑनलाइन (सीबीटी) मोड में आयोजित की जाएगी, जिसके बाद शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के लिए पात्रता की स्क्रीनिंग और डीडब्ल्यूटी (वर्णनात्मक लिखित परीक्षा) होगी।

आवेदन के लिए ऑनलाइन पंजीकरण	
खुलने की तिथि	बंद होने की तिथि
22 जनवरी, 2026 (गुरुवार)	20 फरवरी, 2026 को शाम 5:00 बजे (शुक्रवार)
भर्ती परीक्षा की तिथि	
परीक्षा की तिथि	राज्य में परीक्षा केंद्र
अप्रैल, 2026 के महीने में संभावित	दिल्ली/एनसीआर, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, केरल और पश्चिम बंगाल

महत्वपूर्ण: सभी आवेदकों को नियमित रूप से एम्स की वेबसाइट अर्थात् www.aiimsexams.ac.in पर जाने की आवश्यकता है, क्योंकि सभी बाद के शुद्धिपत्र/संशोधन/अपडेट केवल वेबसाइट पर ही अपलोड किए जाएंगे।

हस्ताक्षर/-
सहायक नियंत्रक (परीक्षा)

CBC 17112/12/0068/2526

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार
चिकित्सा निदेशक का कार्यालय
लोक नायक अस्पताल, नई दिल्ली-110002
रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)

राष्ट्रीय दुर्लभ रोग नीति, 2021 के तहत सीजीएचएस दरों पर किडनी, लीवर और हेमटोपोइएटिक स्टेम सेल प्रत्यारोपण (एचएससीटी) सेवाएं प्रदान करने के लिए अस्पतालों के पैनल में शामिल होने के लिए।

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई), मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज (एमएएमसी) और एसोसिएटेड लोक नायक अस्पताल, नई दिल्ली, भारत सरकार की राष्ट्रीय दुर्लभ बीमारी नीति, 2021 के तहत सीजीएचएस/राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित पैकेज दरों पर किडनी, लीवर और हेमटोपोइएटिक स्टेम सेल प्रत्यारोपण सेवाएं प्रदान करने के लिए पात्र और योग्य अस्पतालों से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करता है।

इच्छुक अस्पतालों को निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करना होगा और इस विज्ञापन के 14 दिनों के भीतर सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन जमा करना होगा।

विस्तृत ईओआई दस्तावेज उपलब्ध है: : **https:lnjp.delhi.gov.in/lnjp/expression-interest-eoi**

चिकित्सा निदेशक
लोक नायक अस्पताल

DIP/Shabdarth/Classified/0423/25-26

पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति (फोटो में दर्शाया गया) जिसका नाम: **नामालूम, परिवार व पता नामालूम, उम्र: लगभग 55 वर्ष, जो दिनांक 13.01.2026 को प्रातः 10:10 बजे, हजरत निज़ामुद्दीन रेलवे स्टेशन के गेट नं. 04 के पास, नई दिल्ली में मृत पाया गया। इस संदर्भ में एक एफआईआर सं./डीडी सं. 45ए, दिनांक 13.01.2026 को थाना सनलाइट कॉलोनी, दक्षिण पूर्व जिला, नई दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है।**

जिसका हुलिया नीचे दिया गया है:-

लिंग: पुरुष, आयु: लगभग 55 वर्ष, कद: 5' 4" फीट, रंग: गेहुँआ, चेहरा: अण्डाकार, पहनावा: काले रंग की जैकेट और पेंट पहने हुए।

मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग रखने वाला कोई भी व्यक्ति निम्नलिखित पते या टेलीफोन नंबर पर सूचित करें:

थाना प्रभारी
थाना: सनलाइट कालोनी, दिल्ली
फोन: 9220575028
मोबाइल: 8750870928, 9868758199

DP/1177/SE/2026
(UIDB/UIPF notices)

पहचान के लिए अपील

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति जिसका नाम अज्ञात, पुत्र: अज्ञात, पता: अज्ञात जोकि दिनांक **26.01.2026** को मोरी गेट गोल चक्कर, कश्मीरी गेट, दिल्ली में मृत पाया गया। इस सन्दर्भ में **FIR No. 47,** दिनांक **26.01.2026** पुलिस थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे अज्ञात व्यक्ति की पहचान दी गई है:

नाम: अज्ञात, उम्र: 40 वर्ष, कद: 5'6", रंग: सावंला, पहनावा: हरे रंग की शर्ट, काले रंग का लोअर और भूरे रंग की जैकेट।

अगर किसी को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

थाना प्रभारी
पुलिस थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली
फोन: 011–23968730, 8750870123

DP/1208/N/2026

गुमशुदा/अपहृत की तलाश



मीनू यादव

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका नाम: मीनू यादव पत्नी: महेंद्र सिंह पता: मकान नं. 854, मेन पालम विहार रोड, बिजवासन, **नई दिल्ली** जो दिनांक 17.01.2026 को दोपहर 02:30 बजे से अपने घर से लापता/अपहृत है। इस बाबत **DD No 62A, Dt. 18.01.2026, पुलिस थाना: कापसहेड़ा, दिल्ली** में दर्ज है। इसका शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार से है: उम्र: 48 साल, कद: 5'7", रंग: गेहुआ, चेहरा: गोल, शरीर: मजबूत, पहनावा: भूरे रंग का लोअर और हरे रंग की शर्ट। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता महिला के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता महिला के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

फोन: 011-24368638, 24368641
वेबसाईट: http://cbi.nic.in
ई-मेल: cic@cbi.gov.in
फैक्स: 011-24368639

थानाध्यक्ष
थाना: कापसहेड़ा, दिल्ली
फोन: 7065036226, 9717825903

DP/1012/SW/2026

पहचान की अपील



बृजनाथ

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक पुरुष (फोटो में दर्शाया गया है) जिसका नाम: **बृजनाथ, पुत्र: विमल किशोर, निवासी: अपना घर आश्रम पूथखुर्द, दिल्ली,** उसे इलाज के लिए **बीएसए अस्पताल, दिल्ली** लाया गया था, जहां डॉक्टर ने उसे दिनांक **31.12.2025 को शाम 7.00 बजे** मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में **DD No.38A** दिनांक **31.12.2025 थाना बवाना, बाहरी उत्तरी जिला, दिल्ली–110039** के तहत मामला दर्ज किया गया है।

शव का विवरण इस प्रकार है:

नाम: बृजनाथ, लिंग: पुरुष, उम्र: 55 वर्ष, कद: 5'6", रंग: सांवला, पहनावा: आसमानी नीले रंग का पजामा और कमीज (अपना घर आश्रम का पहनावा)।

स्थानीय पुलिस द्वारा पुरुष का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए गए लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिला। यदि किसी को पुरुष के बारे में कोई जानकारी हो तो कृपया नीचे हस्ताक्षरकर्ता को सूचित करें।

थानाध्यक्ष
थाना बवाना, दिल्ली
फोन: 7065036321

DP/1188/ON/2026

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper
Website:- onlineftp.in